* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

11 फरवरी, 2024
माघ, शुक्ल पक्ष, द्वितीय
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 112

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही







## मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने पलामू और गढ़वा के लोगों को दी सौगात

# राज्य की तस्वीर और तकदीर बदलने का है संकल्प : सीएम

- 456 करोड़ की लागत से पलामू पाइपलाइन सिंचाई परियोजना की आधारशिला रखी, 25 हजार किसानों को मिलेगा लाभ
- गढ़वा में प्रथम फेज में अबुआ आवास योजना के 28 हजार लाभार्थियों को दिया स्वीकृति पत्र, लाभुकों के खाते में पहली किस्त भेजी गयी

जयकांत शुक्ला/विजय प्रताप देव

**पलामू/गढ़वा।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन शनिवार को पलामू और गढ़वा के दौरे पर थे। पलामू में लगभग 456 करोड़ की लागत से बननेवाली पाइपलाइन सिंचाई परियोजना का शिलान्यास किया, तो गढ़वा में प्रथम फेज में अबुआ आवास योजना के 28 हजार लाभुकों को स्वीकृति पत्र दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की तस्वीर और तकदीर बदलने का हमने संकल्प ले रखा है। जनता की उम्मीद और आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ चुके हैं। सुविधाओं के मामले में गांव और शहर के बीच अंतर को कम कर रहे हैं। सभी योजनाएं आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक उत्थान के लिए समर्पित हैं। आदिवासियों और मूलवासियों के साथ दलित और पिछड़ों को आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से मजबूत कर रहे हैं। पलामू और गढ़वा के कार्यक्रम में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर, रामचंद्र सिंह, वैद्यनाथ राम के अलावा मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, गढ़वा और पलामू के डीसी के अलावा अन्य सरकारी उच्चाधिकारी मौजूद थे।



### हेमंत के काम से घबड़ा गयी थी भाजपा, इसलिए फंसा कर जेल भेजा: चंपाई

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा राज्य के विकास के लिए किये गये कार्य को देख कर भाजपा के पेट में दर्द हो रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री और युवा सम्राट हेमंत सोरेन के नेतृत्व में 2019 में बनी महागठबंधन की सरकार को शुरू से ही अस्थिर करने का भाजपा ने प्रयास ने किया और अंततः साजिश के तहत फंसा कर उन्हें जेल भेज दिया गया। मगर झारखंड की जनता अपना मन छोटा नहीं करे। हम पूर्व मख्यमंत्री और युवाओं के हृदय सम्राट हेमंत सोरेन के अधूरे कार्यों को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजेंसियां इडी और सीबीआइ भाजपा के एजेंट के रूप में काम कर रही हैं। इनके माध्यम से सरकार पर दबाव बनाया जाता है, मगर हम आदिवासी मूलवासी झुकनेवाले नहीं, भले ही जेल चले जायें। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड को उसका हक और सम्मान नहीं दे रही है।

**हेमंत सोरेन की सोच को आगे बढ़ा रही हमारी सरकार:** डाल्टनगंज के शिवाजी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि पलामू पाइपलाइन सिंचाई योजना के पूरा होने से पूरे पलामू प्रमंडल क्षेत्र के छोटे-बड़े किसान लाभान्वित होंगे। पलामू अकसर सुखाड़ की चपेट में रहता है। हमारी सरकार की सोच है कि पलामू पूर्ण रूप से हरा-भरा रहे। इसलिए इस योजना पर काम शुरू किया जा रहा। उन्होंने कहा कि देश-दुनिया जब तेज गति से प्रगति कर रहा है। आधुनिक युग में पहुंच गया है तो हमारा झारखंड क्यों पीछे रहेगा? हम यहां के किसानों के खेत-खलिहान में 12 महीना पानी पहुंचायेंगे, इस संकल्प के साथ हमारी सरकार कार्य कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच को हमारी सरकार आगे बढ़ा रही है।

### मुख्यमंत्री की मुख्य बातें

- हमारी सरकार गांव से चल रही है। प्रयास है कि सुविधाओं के मामले में गांव और शहर के बीच का अंतर कम हो। इसे ध्यान में रख कर योजनाएं बनायी गयी हैं।
- गांव के बच्चों को पंचायत में क्वालिटी एजुकेशन मिलेगा। इसके लिए वहां के विद्यालयों को अपग्रेड किया जा रहा है। इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत किया जा रहा।
- हमारी सरकार ने बिजली सब्सिडी को 100 यूनिट से बढ़ा कर 125 यूनिट करने का निर्णय लिया है, जिसका सीधा फायदा 31 लाख बिजली उपभोक्ताओं को होगा।
- झारखंड के ज्यादातर लोग कृषि पर निर्भर हैं। किसानों को सशक्त बनाने के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है।
- आदिवासियों-मूलवासियों के साथ दलित और पिछड़ों को आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से मजबूत करने की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है।
- राज्य में कोई भी व्यक्ति रोटी, कपड़ा और मकान से वंचित नहीं रहेगा। जनता ने जिन उम्मीदों और आकांक्षाओं से हमारी सरकार बनायी है, उसे हर हाल में पूरा करेंगे।

**व्यवस्थाओं को निरंतर सुदृढ़ करते रहेंगे:** मुख्यमंत्री ने कोराना संक्रमण के दौरान हेमंत सरकार के बेहतर काम का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सोच के अनुरूप सभी कार्यों को मूर्त रूप देने का काम हम करेंगे। चंपाई सोरेन ने गरीब, आदिवासी, मूलवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्गों के हित के लिए हेमंत सरकार द्वारा किये गये कार्य और गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, उत्कृष्ट विद्यालयों का संचालन, मरांग गोमके जयपाल सिंह पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना, निजी क्षेत्र में स्थानीय लोगों के रोजगार, ग्राम गाड़ी योजना, सर्वजन पेंशन योजना आदि का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने सभी क्षेत्रों में अच्छा कार्य कर दिखाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि यह सरकार आपकी सरकार है। सड़क, बिजली, पानी सहित शिक्षा-स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यवस्थाओं को निरंतर सुदृढ़ करते रहेंगे।

**किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा:** गढ़वा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस राज्य में हर किसी को सम्मान मिलेगा। सभी के साथ न्याय होगा। यह हमारी सरकार का संकल्प है। राज्य में कोई भी गरीब और जरूरतमंद बिना मकान के नहीं रहेगा। राज्य सरकार अपने बलबूते 20 लाख लोगों को तीन कमरे का पक्का मकान देगी और इसका आगाज हो चुका है।

**हेमंत की खींची गयी विकास की लकीर को लंबा करेंगे:** चंपाई ने कहा कि हेमंत सोरेन ने पिछले चार वर्षों के अपने कार्यकाल में कई तरह का विकास कार्य किया। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से समाज के हर वर्ग और तबके को सशक्त बनाने का काम किया। यह अभी नहीं थमेगा। हमारी सरकार हेमंत सोरेन द्वारा खीची गयी विकास की लकीर को और लंबा करेगी। हम इस राज्य की तस्वीर और तकदीर को बदलेंगे।

## सीएए लोकसभा चुनाव के पहले लागू होगा: अमित शाह



**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि लोकसभा चुनाव से पहले देश में सिटिजनशिप अमेंडमेंट एक्ट (सीएए) लागू हो जायेगा। उन्होंने कहा कि सीएए देश का एक्ट है, इसे हम यकीनन नोटिफाई करेंगे। इसे चुनाव से पहले नोटिफाई किया जायेगा और चुनाव से पहले इसे लागू भी किया जायेगा। इसे लेकर कोई कंफ्यूजन नहीं होना चाहिए। अमित शाह शनिवार को ग्लोबल बिजनेस समिट में बोल रहे थे। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सीएए लागू करने का वादा किया था। जब कई देशों में अल्पसंख्यक लोगों पर अत्याचार हो रहे थे, तो कांग्रेस ने रिफ्यूजियों को भरोसा दिलाया था कि वे भारत आ सकते हैं। उन्हें यहां की नागरिकता दी जायेगी, लेकिन अब कांग्रेस अपनी बात से मुकर रही है। गृह मंत्री ने कहा कि हमारे देश के अल्पसंख्यक समुदायों, खासतौर पर मुस्लिम समुदाय को उकसाया जा रहा है। सीएए किसी की सिटिजनशिप नहीं छीन सकता है, क्योंकि इसमें ऐसा कोई प्रावधान ही नहीं है। सीएए ऐसा एक्ट है, जो बांग्लादेश, अफगानिस्तान और पाकिस्तान में अत्याचार सह रहे रिफ्यूजियों को नागरिकता दिलायेगा।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# पीएम मोदी का बड़ा 'मास्टर स्ट्रोक' है तीन विभूतियों को 'भारत रत्न'

## ■ जाट बहुल करीब 50 संसदीय सीटों को एक झटके में साध लिया इस फैसले से

## ■ कांग्रेस के दक्षिण के दुर्ग को भेदने के साथ किसानों पर भी असर करेगा फैसला

**आजाद सिपाही विशेष**

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने 2024 के एन चुनावों से पहले 'भारत रत्न' सम्मान का एलान किया है। तीन बार में पांच विभूतियों को सम्मानित करने का एलान किया गया है। इस महीने की शुरुआत में पहले कर्पूरी ठाकुर, फिर पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी और अब पूर्व प्रधानमंत्रियों पीवी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह के साथ-साथ कृषि वैज्ञानिक डॉ एमएस स्वामीनाथन को 'भारत रत्न' से सम्मानित किये जाने की घोषणा की गयी है। देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान की घोषणा का यह समय बेहद खास है, क्योंकि इसके जरिये राजनीतिक समीकरणों को साधने में सहूलियत होगी। 2024 का लोकसभा चुनाव अब दो महीने दूर है और इस चुनाव में भाजपा ने चार सौ से ज्यादा सीटें जीतने का लक्ष्य तय किया है। इसको लेकर पार्टी हर कोशिश कर रही है। भाजपा और पीएम मोदी को पता है कि चार सौ सीटों के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कई समीकरण साधने होंगे और 'भारत रत्न' को इसका एक जरिया बनाया जा सकता है। इसलिए बिहार से लेकर पश्चिमी उत्तरप्रदेश और आंध्रप्रदेश से लेकर तमिलनाडु तक को प्रभावित किया जा रहा है। इस महीने जिन पांच विभूतियों को 'भारत रत्न' दिये जाने की घोषणा की गयी है, उनके जरिये कम से कम 125 सीटों का समीकरण साधा गया है। पीएम मोदी और भाजपा की रणनीति अपने फैसलों से खुद को मजबूत करने के साथ विपक्षी खेमे को कमजोर करने की भी है। भाजपा ने नीतीश कुमार और अब जयंत चौधरी को अपने साथ मिला कर विपक्ष की कमर तोड़ दी है। 'भारत रत्न' सम्मान का फैसला अब दक्षिण के दुर्ग को भेदने में भाजपा की मदद करेगा। इसलिए इसे पीएम मोदी का 'मास्टर स्ट्रोक' कहा जा रहा है। आखिर क्या है 'भारत रत्न' सम्मान के पीछे की राजनीति, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

'भारत रत्न' सम्मान दिये जाने और न दिये जाने के पीछे हमेशा से राजनीति होती रही है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने इसे नया अर्थ और प्रासंगिकता दी है। प्रणब मुखर्जी, भूपेन हजारिका और नानाजी देशमुख हों या फिर लालकृष्ण आडवाणी और कर्पूरी ठाकुर, यह उन लोगों को सम्मानित करने की मोदी की राजनीति के स्पष्ट संकेत थे, जिन्हें कांग्रेस द्वारा नजरअंदाज और तिरस्कृत किया गया था। पूर्व प्रधानमंत्रियों पीवी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह के साथ कृषि वैज्ञानिक डॉ एमएस स्वामीनाथन को भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिये जाने की पीएम मोदी की नवीनतम घोषणा से यह पता चलता है कि उनकी सरकार भारत की समकालीन राजनीति और अर्थव्यवस्था में इन तीनों हस्तियों की भूमिका को कितना महत्व देती है। इन्हें क्रमशः पहली पीढ़ी के आर्थिक सुधारों, किसानों के हितों की वकालत करनेवाले और बेहतर खाद्य उत्पादकता और सुरक्षा के लिए विज्ञान का उपयोग करनेवाले चैंपियन के रूप में देखा जाता है। दिलचस्प यह है कि ये सभी 2024 के चुनावों के लिए नरेंद्र मोदी के अभियान के पसंदीदा विषय हैं।

दरअसल, महान कृषि वैज्ञानिक डॉ एमएस स्वामीनाथन को यह पुरस्कार 1960 के दशक में भारत के खाद्य संकट को खत्म करने के लिए हरित क्रांति को लाने में उनकी बड़ी भूमिका को मान्यता देता है। यह स्वामीनाथन की रणनीति ही थी, जिसकी बदौलत भारत के कृषि उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गयी। अमेरिकी कृषि वैज्ञानिक नॉर्मन बोरलॉग के सहयोग से बतौर वैज्ञानिक उनके काम के परिणामस्वरूप पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तरप्रदेश के किसानों को उच्च उपज की किस्म वाले बीज, पर्याप्त सिंचाई सुविधाएं और उर्वरक उपलब्ध कराये गये। वर्षों बाद, 2004 से 2006 के बीच राष्ट्रीय किसान आयोग के अध्यक्ष के रूप में डॉ स्वामीनाथन ने सिफारिश की थी कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), जिस पर किसान अपनी फसलें सरकार को बेचते हैं, वह औसत उत्पादन लागत से कम से कम 50 फीसदी ज्यादा



होनी चाहिए। डॉ स्वामीनाथन के योगदान का महत्व इस तथ्य से समझा जा सकता है कि आज ऐसा कोई दिन नहीं बीतता, जब किसानों के संघ कानूनी गारंटी के रूप में सभी उपज के लिए एमएसपी निर्धारित करने के लिए स्वामीनाथन फॉर्मूले को लागू करने की मांग न करते हों। यह महज संयोग तो नहीं हो सकता कि स्वामीनाथन को पुरस्कार तब दिया गया है, जब उपज की खरीद के लिए कानूनी गारंटी और बिजली के बिलों में संशोधन सहित अपनी लंबित मांगों के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा और ट्रेड यूनियनों द्वारा अखिल भारतीय हड़ताल का आह्वान किया गया हो।

दूसरी तरफ चुनावी वर्ष में नरसिम्हा राव और चरण सिंह को 'भारत रत्न' पुरस्कार महज उनके योगदान को मान्यता नहीं है, बल्कि यह मतदाताओं की याददाश्त को ताजा करने का मोदी का तरीका है कि कैसे उन्होंने नेहरू-गांधी परिवार को चुनौती दी थी, जिससे सोनिया और राहुल गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस के बारे में भाजपा का जो नैरेटिव रहा है, उसे ही मजबूती मिलती है।

इससे पहले वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को 'भारत रत्न' देने की घोषणा की गयी थी। आडवाणी भाजपा के राम मंदिर आंदोलन का चेहरा थे, जिन्होंने 1992 के उन दृश्यों को देखा था, जब भीड़ द्वारा बाबरी ढांचे को गिरा दिया गया था। कालांतर में इस आंदोलन ने एक लंबी कानूनी लड़ाई का रूप लिया, जिसकी परिणति सर्वोच्च न्यायालय के उस फैसले के रूप में हुई, जिसने भव्य मंदिर खोलने का मार्ग प्रशस्त किया। कर्पूरी ठाकुर की भूमिका तो और भी महत्वपूर्ण है। वह सिर्फ ओबीसी राजनीति का चेहरा नहीं थे, बल्कि कांग्रेस के कट्टर आलोचक और बिहार में कांग्रेस विरोधी आंदोलन का गढ़ भी थे। बिहार के पहले ओबीसी मुख्यमंत्री के तौर पर कर्पूरी ठाकुर राज्य में ओबीसी के लिए कोटा शुरू करनेवाले पहले व्यक्ति थे। नरसिम्हा राव नेहरू-गांधी परिवार से बाहर के पहले कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे। उन्होंने 1991 में उदारीकरण की पहली लहर शुरू करने का राजनीतिक साहस दिखाया और 1996 तक बदलावों के लिए काम करते रहे, जब तक कि उनकी सरकार चुनाव हार नहीं गयी। प्रधानमंत्री के रूप में अपने चुनौतीपूर्ण वर्षों के दौरान राव ने उस वक्त सोनिया गांधी के नजदीकी समझे जानेवाले शरद पवार और अर्जुन सिंह जैसे कांग्रेसी नेताओं की चुनौतियों का भी सामना किया। राव के कार्यकाल में गांधी परिवार और उनके समर्थकों के प्रभाव को कम किया गया, जिससे वह समकालीन कांग्रेस विरोधी नेताओं के लिए नायक बने। अयोध्या में विवादित ढांचे को बचाने में कथित विफलता के लिए सोनिया गांधी और दूसरे कांग्रेसी नेताओं ने राव को दोषी ठहराया, पर एक सुधारवादी के रूप में उनका कौशल इन सब पर हावी रहा। 1996 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस के जीतने में विफल रहने पर सोनिया गांधी और उनके वफादार नेताओं ने खुले तौर पर राव की विरासत को अस्वीकार कर दिया, जिस कारण देवगौड़ा और गुजराल के नेतृत्व में एक गठबंधन हुआ, जिसे कांग्रेस ने बाहर से समर्थन दिया। हालांकि दिसंबर, 2004 में अपनी मृत्यु तक राव डॉ मनमोहन सिंह जैसे अपने वफादार नेताओं के लिए आदरणीय और अविभाजित आंध्रप्रदेश के लोगों के लिए राज्य के गौरवशाली पुत्र बने रहे। भाजपा का दावा है कि उनके पार्थिव शरीर को कांग्रेस मुख्यालय में रखने की अनुमति न देकर कांग्रेस नेतृत्व ने उनका अपमान किया। राव को 'भारत रत्न' सम्मान देने की घोषणा तब हुई है, जब आगामी अप्रैल-मई में लोकसभा चुनावों के साथ आंध्रप्रदेश में विधानसभा चुनाव भी होने हैं। तेलंगाना में भी राव को 'भारत रत्न' दिये जाने की मांग बीआरएस जैसी पार्टियां लंबे समय से करती आयी हैं। चरण सिंह मामले में, जो इंदिरा गांधी द्वारा केवल 24 सप्ताह के लिए प्रधानमंत्री बनाने के लिए दिये गये समर्थन के झांसे में आ गये थे, यह सम्मान जाट समुदाय में आज भी 'कुलक नेता' के रूप में प्रतिष्ठा के कारण उनकी प्रासंगिकता को रेखांकित करता है। उनकी राजनीति को महत्व देनेवालों के लिए वह 1970 के दशक में गैर-कांग्रेसवाद का एक प्रमुख चेहरा थे और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर किसानों के लिए उन्होंने जो किया, वह कृषि क्षेत्र के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उनके पोते और राष्ट्रीय लोकदल के नेता जयंत चौधरी को एनडीए में शामिल करने के प्रयासों की पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री मोदी के इस फैसले को देखा जा सकता है।

इन विभूतियों को 'भारत रत्न' देने का फैसला कर पीएम मोदी ने कम से कम 125 संसदीय सीटों पर भाजपा की राह आसान कर दी है। इसके अलावा विपक्षी कुनबे से नीतीश कुमार और जयंत चौधरी को बाहर निकाल कर अपने साथ लाने में भाजपा की कामयाबी का असर भी चुनावों में जरूर दिखेगा। कुल मिला कर पीएम मोदी का यह 'मास्टर स्ट्रोक' 2024 के चुनाव में विपक्षी कुनबे पर ऐसा प्रहार करनेवाला साबित होगा, जिसे लंबे समय तक कांग्रेस और दूसरे दल महसूस करेंगे।

---

## हल्द्वानी हिंसा : तीसरे दिन भी कर्फ्यू, स्कूल-इंटरनेट बंद

# 5000 उपद्रवियों पर मुकदमे, फोर्स तैनात

### सपा नेता का भाई समेत पांच आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी में हिंसा के तीसरे दिन यानी शनिवार को भी कर्फ्यू जारी है। यहां स्कूल-कॉलेज बंद हैं। अफवाहों को रोकने के लिए प्रशासन ने इंटरनेट सेवा को बंद कर दिया है। हल्द्वानी के बाद रामनगर में भी धारा 144 लागू करके इंटरनेट सेवा बंद कर दी गयी है। इस बीच, दंगा ग्रस्त इलाके बनभूलपुरा को अर्द्धसैनिक बलों के हवाले कर दिया गया है। 2 किमी के इस दायरे में रहने वाली करीब 70 हजार की आबादी पूरी तरह से घरों में कैद हो गयी है। पुलिस ने 18 लोगों को नामजद करते हुए 5000 उपद्रवियों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की है। 10 लोगों को हिरासत में लिया गया है। दंगे में 5 लोगों की मौत हुई है। एक युवक की मौत बरेली के निजी अस्पताल में होने की बात कही जा रही है। लेकिन प्रशासन इसकी पुष्टि नहीं कर रहा है।

एसएसपी नैनीताल प्रह्लाद सिंह मीणा ने कहा- अब तक सपा नेता के भाई समेत पांच लोगों की गिरफ्तारी हुई है। बनभूलपुरा थाना के सामने मजिस्ट्रेट के आदेश पर पुलिस ने फायरिंग की थी। लेकिन मौके पर कोई डेड बॉडी नहीं मिली। अगले दिन हॉस्पिटल में 4 लोगों की डेड बॉडी मिली। एक डेड बॉडी दूसरे इलाके में भी मिली थी। इन 5 लोगों की मौत पुलिस फायरिंग में हुई या दंगाई की गोली से जान गयी। अभी कुछ कहना उचित नहीं। पोस्टमॉर्टम और फोरेंसिक जांच रिपोर्ट में पता चलेगा कि मृतकों की जान कैसे गयी। अगर उन्हें गोली लगी है तो कितने बोर की बुलेट थी। ये बुलेट पुलिस की थी या पब्लिक की फायरिंग की। अभी हल्द्वानी में हालात सामान्य हैं। शहर से कर्फ्यू हटा लिया गया है, सिर्फ थाना बनभूलपुरा क्षेत्र में कर्फ्यू है। एसएसपी ने बताया कि हिंसा में अभी तक 5 आरोपियों की अरेस्टिंग हो चुकी है।

**आगजनी में 10 करोड़ की संपत्ति का नुकसान :** हल्द्वानी के सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट का कहना है कि हिंसा में नगर निगम की करीब 5 करोड़ की संपत्ति का नुकसान हुआ है। उपद्रवियों ने बनभूलपुरा थाने में आग लगा दी थी। पुलिस के वाहनों में भी आग लगायी। पुलिस का भी करीब 2 करोड़ रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। टोटल करीब 10 करोड़ रुपये की संपत्ति के नुकसान की बात कही जा रही है। सीएम पुष्कर सिंह धामी साफ कर चुके हैं कि इस नुकसान की भरपाई उपद्रवियों से की जायेगी।

**70 हजार की आबादी घरों में कैद, दूध-सब्जी को तरसे लोग :** हल्द्वानी के बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में मलिक के बगीचे और आसपास के करीब 2 किमी एरिया को पुलिस ने सील कर दिया है। इस इलाके में कर्फ्यू लगा है और दंगाइयों को देखते ही गोली मारने के आदेश हैं। ये पूरा मुस्लिम बहुल इलाका है। इस एरिया में करीब 70 हजार की आबादी रहती है। गुरुवार शाम को हिंसा भड़कने के बाद से ही ये लोग घरों में कैद हैं। इस इलाके में प्रशासन की ओर से दूध, सब्जी और रोजमर्रा की जरूरत की चीजों की सप्लाई की भी कोई व्यवस्था नहीं की गयी है। यहां पुलिस के साथ ही अद्धसैनिक बल लगातार रूट मार्च कर रहे हैं।



### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बोले- हाइकोर्ट के जज करें हिंसा की जांच

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हल्द्वानी दौरे के बाद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा भी हल्द्वानी पहुंचे। उन्होंने कहा- हल्द्वानी के दंगे स्थानीय प्रशासन और खुफिया तंत्र की नाकामी का नतीजा है। इसके लिए पूरी तरह प्रशासन ही जिम्मेदार है। माहरा ने पूरी हिंसा और इसके कारणों की हाइकोर्ट के सिटिंग जज से जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जब भी इस तरह का दंगा हुआ है, हमेशा एक ही राजनीतिक पार्टी को इसका लाभ हुआ है। इसलिए इसकी जांच होनी चाहिए।

### डीजीपी ने कहा-उपद्रवियों पर एनएसए लगायेंगे

उत्तराखंड के डीजीपी अभिनव कुमार ने हल्द्वानी में मीडिया से कहा कि बनभूलपुरा हिंसा को जिस तरह अंजाम दिया गया है वो सोची समझी साजिश का हिस्सा लग रही है। इसमें शामिल उपद्रवियों के खिलाफ पुलिस एनएसए और यूएपीए के तहत कार्रवाई करेगी। इससे पहले उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी और डीजीपी अभिनव कुमार ने दंगाग्रस्त इलाके बनभूलपुरा का दौरा किया।

---

**हाइकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने किया रद्द**

### जिला जज के रिक्त पदों पर जल्द नियुक्ति का आदेश

**रांची (आजाद सिपाही)।** सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2022 में जिला जज नियुक्ति मामले में झारखंड हाइकोर्ट के फुलकोर्ट द्वारा लिये गये निर्णय को रद्द कर दिया है। साथ ही जिला जज के रिक्त नौ पदों पर जल्द नियुक्ति करने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सुशील कुमार पांडेय एवं अन्य के मामले में यह फैसला सुनाया है। झारखंड हाइकोर्ट की फुलकोर्ट ने जिला जज नियुक्ति में न्यूनतम उत्तीर्ण मार्क्स 50 प्रतिशत कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया में हाइकोर्ट किसी भी शर्त में फेरबदल कर सकता है, लेकिन जब नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो गयी है, तो फेरबदल करना गलत है। अगर हाइकोर्ट को फेरबदल करना ही था, तो एग्जामिनेशन की प्रक्रिया शुरू होने के पहले फेरबदल करना था। दरअसल, यह मामला झारखंड हाइकोर्ट द्वारा वर्ष 2022 में 22 जिला जजों की नियुक्ति का है। झारखंड हाइकोर्ट ने झारखंड सुपीरियर ज्युडिशल सर्विस कैडर के तहत 22 पद पर नियुक्ति के लिए नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की थी। नियुक्ति प्रक्रिया के बीच में हाइकोर्ट ने बदलाव किया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गयी थी। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। झारखंड हाइकोर्ट के फुलकोर्ट द्वारा नियमों में बदलाव के प्रस्ताव को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द करते हुए रिक्त नौ पदों पर सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति का आदेश दिया है। पूर्व में हाइकोर्ट ने 22 पदों में से 13 पदों पर मेरिट लिस्ट जारी कर नियुक्ति की अनुशंसा की थी, नौ पद खाली रह गये थे।

---

# यूपीए ने दस साल में देश को खोखला कर दिया : प्रदीप वर्मा

## मोदी के नेतृत्व में अब सशक्त भारत का निर्माण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने 2004-14 के दौरान देश की इकोनॉमी को खोखला करने का आरोप कांग्रेस पर लगाया। प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि 2004-14 के दरम्यान देश में कांग्रेस के नेतृत्व में यूपीए की सरकार रही। इस दौरान सोनिया गांधी सुपर पीएम रहीं और देश की इकोनॉमी को खोखला कर दिया गया। 2 जी, कॉमनवेल्थ गेम्स, कैश फॉर वोट, लैंड स्कैम, शारदा चिट फंड घोटाला जैसे घोटालों की लंबी फेहरिस्त सामने आयी। संसाधनों की लूट हुई।

तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह ने इस पर आंखें बंद रखीं। जब मोदी जी ने 2014 में देश की सत्ता संभाली, उस समय जर्जर इकोनॉमी व्यवस्था के साथ देश मिला। सरकार उसी समय चाहती तो श्वेत पत्र ला सकती थी, पर इससे देश का आर्थिक खोखलापन देश के सामने जाहिर होता। अब 10 सालों बाद 2024 में केंद्र के स्तर से श्वेत पत्र लाया गया है, जिससे पता लगता है कि देश सुरक्षित हाथों में है। अर्थव्यवस्था का कायापलट हुआ है। देश की इकोनॉमी बेहतर और तेजी से गतिशील हुई है। मौके पर प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक बंका, प्रदेश प्रवक्ता अनिमेष कुमार, सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक भी उपस्थित थे।

**आज देश में बन रहे बड़े ब्रांड के प्रोडक्ट :** प्रदीप वर्मा ने 2004-14 और 2014-24 के दौरान देश की अर्थव्यवस्था में आये बदलावों का उल्लेख किया। बताया कि 2004 तक जब अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार थी, उस समय बैंकों में एनपीए का अनुपात 7.8 प्रतिशत था, जो अगले दस वर्षों में मनमोहन सरकार में 16 फीसदी तक हो गया।

2014 में जब मोदी जी की सरकार आयी थी, तो एनपीए डबल डिजीट 12.50 प्रतिशत था। अब औसतन सभी बैंकों में 2 से 4 प्रतिशत के बीच हो चुका है। मोदी सरकार में अर्थनीति को गति देने को कई फैसले लिए गये, जिससे जीडीपी में वृद्धि हुई। शौचालय-आवास निर्माण जैसी योजनाएं भी इसमें सहायक साबित हुईं। लोगों को रोजगार भी इससे मिला, बीमारियां कम हुईं। आयुष्मान कार्ड स्कीम से प्राइवेट हेल्थ सेक्टर को भी लाभ हुआ।

पहले 2 जी घोटाले हुए, नेटवर्क की भी समस्या रही। आज 4 जी सेवाओं के चलते छोटे शहरों में भी सॉफ्टवेयर प्रोफेशनल के लिए काम का अवसर बना है। दुनिया में हम सबसे तेजी से 5 जी नेटवर्क पर काम करने वाले देशों में हैं।



### अर्थव्यवस्था ठहर सी गयी थी

प्रदीप वर्मा ने कहा कि यूपीए सरकार के समय अर्थव्यवस्था ठहर गयी थी। मुद्रास्फीति दोहरे अंकों तक पहुंच गयी थी, जो आज 5 प्रतिशत के आसपास है। आज जीएसटी व्यवस्था के चलते डेढ़ लाख करोड़ रुपये से अधिक का कलेक्शन है और किसी भी सरकारी योजना के लिए पैसे की कमी नहीं है। प्रदीप वर्मा ने देश में रेल सेवाओं के विस्तार, रेल एक्सीडेंट में कमी, शत-प्रतिशत गांवों के विद्युतीकरण होने, मोबाइल ब्रॉडबैंड, स्वास्थ्य सेवाओं सहित दूसरे सेक्टर में मोदी सरकार में मिली उपलब्धियों का ब्योरा भी पेश किया।

www.epaper.azadsipahi.in

11 फरवरी, 2024
माघ, शुक्ल पक्ष, द्वितीय
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 112

भाजपा को कांग्रेस से 7 गुना ज्यादा फंडिंग



FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219,Jharkhand



Admission OPEN 2024-25
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
PHARMACY D-PHARM
NURSING: ANM GNM, POST BASIC B.SC., BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL: DRESSERS | DMLT | ECG, X-RAY | OPHTHALMIC, ASST. OT ASSISTANT
Separate Hostel For Boys & Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

# साहिबगंज डीसी, विनोद सिंह और धीरज साहू से इडी ने की पूछताछ

**बीएमडब्ल्यू कार, ह्वाट्सऐप चैट, पैसे की लेन-देन, ट्रांसफर-पोस्टिंग, अवैध खनन को लेकर सवाल-जवाब**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद से इडी ऑफिस में हलचल तेज है। हेमंत सोरेन इडी की रिमांड पर हैं। शनिवार को इडी ऑफिस में साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव, कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू और आर्किटेक्ट विनोद सिंह से पूछताछ की गयी। पूछताछ में इडी अधिकारियों ने शनिवार को इडी के अधिकारियों ने विनोद सिंह से ह्वाट्सऐप चैप, पैसे की लेनदेन और ट्रांसफर-पास्टिंग को लेकर सवाल किये, तो सांसद धीरज साहू से बीएमडब्ल्यू कार के बारे में सवाल जवाब किया गया। वहीं बड़गाईं अंचल की साढ़े आठ एकड़ जमीन का फिजिकल वेरिफिकेशन भी किया गया। इडी के अधिकारी जमीन का वेरिफिकेशन के लिए बड़गाईं अंचल के आरोपी सीआइ भानु प्रताप प्रसाद को भी अपने साथ लेकर गये। वहीं इडी के अधिकारियों ने बड़गाईं अंचल कार्यालय में उस रजिस्टर की भी जांच की, जिसमें 29 नवंबर को छेड़छाड़ कर नाम में सुधार किये जाने की बात सामने आ रही थी।

तीन अलग-अलग मामलों में इन सभी से पूछताछ हुई, लेकिन सभी के तार हेमंत सोरेन से ही जुड़े हुए हैं। राज्यसभा सांसद धीरज साहू से हेमंत सोरेन के दिल्ली आवास से जब्त बीएमडब्ल्यू कार मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया । वहीं आर्किटेक्ट विनोद सिंह को अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग और पूर्व सीएम के साथ चैट मामले में सवालों के जवाब देने को बुलाया था। जबकि, साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव से अवैध खनन मामले में पूछताछ की गयी।

बता दें कि इससे पहले इडी के अधिकारियों ने व्हाट्सएप चैट मामले में हेमंत सोरेन और विनोद सिंह को आमने-सामने बैठा कर पूछताछ की थी, शुरू में तो विनोद सिंह ने चुप्पी साधे रखी, लेकिन जब घुमा-फिरा कर सवाल किया गया तो उसने स्वीकार किया कि सभी वॉट्सएप चैट मेरे हैं और मैंने ही सभी मैसेज हेमंत सोरेन को भेजा था।

बता दें कि जांच एजेंसी को विनोद सिंह के मोबाइल से 100 जीबी से अधिक डेटा मिले हैं। इसकी जांच की जा रही है कि उसने किन-किन लोगों के बारे में हेमंत सोरेन को मैसेज किया था। जिन लोगों के बारे में मैसेज भेजे गये थे, इडी ने उन लोगों के संबंध में जानकारी ली।



### बीएमडब्ल्यू कार मामले में धीरज साहू से पूछताछ

वहीं राज्यसभा सांसद धीरज साहू से हेमंत सोरेन के दिल्ली आवास से जब्त बीएमडब्ल्यू कार से उनके संबंध को लेकर पूछताछ की गयी। इडी ने अपनी जांच में पाया था कि जब्त बीएमडब्ल्यू कार पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की नहीं है। इसका संबंध राज्यसभा सांसद धीरज साहू से है। कार का रजिस्ट्रेशन राज्यसभा सांसद धीरज साहू के मानेसर स्थित घर के पते पर है। इसे लेकर गुरुवार को इडी ने धीरज साहू को समन भेजा था।

### रामनिवास यादव से अवैध खनन में पूछताछ

बताया जा रहा है कि शनिवार को अवैध खनन मामले में साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव से पूछताछ की गयी। चूंकि अवैध खनन के तार भी हेमंत सोरेन से जुड़े हैं, ऐसे में एक साथ सभी लोगों को बैठा कर पूछताछ की गयी। साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव से इससे पहले भी कई बार पूछताछ की जा चुकी है। तीन जनवरी को इडी ने आर्किटेक्ट विनोद सिंह, अभिषेक प्रसाद पिंटू और साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव के यहां एक साथ छापेमारी की थी। जहां उनके आवास से कैश सहित कई दस्तावेज भी मिले थे।

### भानु प्रताप को इडी की टीम ने बरियातू वाली जमीन पर ले जाकर की पूछताछ

**रांची (आजाद सिपाही)।** बड़गाईं अंचल के तत्कालीन राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद को इडी की टीम अपने साथ लेकर बरियातू स्थित उस जमीन पर पहुंची, जिस पर हेमंत सोरेन का कब्जा बताया गया था। इस जमीन घोटाले मामले में पूछताछ की है।



संसद के बजट सत्र के आखिरी दिन पीएम ने किया संबोधित

# 17वीं लोकसभा में पीढ़ियों का इंतजार खत्म हुआ : मोदी

**प्रधानमंत्री ने गिनायी अपनी सरकार की उपलब्धियां**
**राम मंदिर पर धन्यवाद प्रस्ताव हुआ पारित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** संसद के बजट सेशन के आखिरी दिन लोकसभा में शनिवार को राम मंदिर निर्माण के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ चर्चा की शुरूआत हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शाम को 4:58 बजे बोलने आये और 42 मिनट की स्पीच में अपनी सरकार की 5 साल की उपलब्धियां गिनायीं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछला 5 साल देश के रिफॉर्म, ट्रांसफॉर्म और परफॉर्म का रहा। प्रधानमंत्री ने कोरोना जैसी विपरीत परिस्थिति में संसद की कार्यवाही, पेपरलेस पार्लियामेंट की शुरूआत और 17वीं लोकसभा में 97% प्रोडक्टिविटी की प्रशंसा की।

प्रधानमंत्री ने कोरोना के समय सांसदों के सांसद निधि छोड़ने, सांसदों की 30% सैलरी कटौती, संसद की कैंटीन में समान रेट लागू किये जाने को लेकर सांसदों के सहयोग की भी तारीफ की। उन्होंने कोरोना के दौरान कुछ सांसदों के निधन पर भी दुख जताया।

प्रधानमंत्री ने नये संसद भवन, सेंगोल की स्थापना, जी-20 के आयोजन पर भी सांसदों के सहयोग की सराहना की। उन्होंने 5 साल के कार्यकाल में जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने, अंग्रेजों की दंड संहिता हटाकर न्याय संहिता लाने, तीन तलाक कानून, पेपर लीक-चीटिंग बिल, डेटा प्रोटक्शन बिल, 60 से अधिक गैरजरूरी कानूनों को हटाने की भी चर्चा की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने 16-17 हजार ट्रांसजेंडर्स को आइडेंटिटी दी, पद्म अवॉर्ड दिया। उन्हें पहचान दी। सरकार से जुड़ी योजनाओं का लाभ उन्हें मिलना शुरू हुआ। प्रेग्नेंसी के समय 26 वीक की छुट्टी जैसे फैसलों की चर्चा दुनिया ने की।

मोदी ने अंत में कहा कि राम मंदिर ने देश की भावी पीढ़ियों को देश के मूल्यों पर गर्व करने का मौका दिया। इस विषय पर बोलने में कुछ लोग हिम्मत दिखाते हैं, कुछ मैदान छोड़कर भाग जाते हैं। आज जो व्याख्यान हुए, उसमें संवेदना, सहानुभूति और संकल्प भी है। बुरे दिन कितने भी गये हों, हम भावी पीढ़ी के लिए कुछ ना कुछ करते रहेंगे। सामूहिक संकल्प-शक्ति से परिणाम हासिल करते रहेंगे।



### आने वाले 25 साल महत्वपूर्ण, देश इच्छित परिणाम हासिल करेगा

पीएम ने कहा कि आने वाले 25 साल महत्वपूर्ण हैं। राजनीति अपनी जगह है, राजनीतिक लोगों की आशाएं अलग हैं। देश की आकांक्षा, संकल्प बना चुका है। 25 साल वो हैं, जब देश इच्छित परिणाम हासिल करेगा। 1930 में दांडी यात्रा शुरू थी, तब ये घटना छोटी थी। 1947 तक 25 साल के कालखंड ने हर व्यक्ति के दिल में जज्बा पैदा कर दिया था कि मैं आजाद हूंगा। आज देश में वो जज्बा दिख रहा है कि 25 साल में विकसित भारत बनकर दिखायेंगे। हममें से कोई ऐसा नहीं होगा, जिसका सपना यही होगा। कुछ लोगों ने इसे संकल्प बना लिया है, जो नहीं जुड़ पायेंगे और जीवित होंगे, वो इसका फल तो जरूर खायेंगे।

## न्यूज रील्स

### आइएनडीआइए को केजरीवाल का झटका

लुधियाना। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने विपक्षी दलों के गठबंधन आइएनडीआइए को झटका दे दिया है। केजरीवाल ने पंजाब और चंडीगढ़ में कांग्रेस के साथ सीट शेयरिंग से इनकार कर दिया है। शनिवार को लुधियाना रैली में केजरीवाल ने कहा कि पंजाब में आप अकेले चुनाव लड़ेगी। पंजाब में 13 सीटें हैं और एक चंडीगढ़ की है। आने वाले 14-15 दिनों में इन 14 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर देंगे।

### अब पीएफ पर 8.25 फीसदी ब्याज मिलेगा

नयी दिल्ली। अब एम्प्लॉईज प्रोविडेंट फंड (पीएफ) अकाउंट में जमा राशि पर 8.25 फीसदी ब्याज मिलेगा। इपीएफओ के सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टी ने शनिवार को अपनी 235वीं बैठक में इसकी सिफारिश की है। सरकार की मंजूरी के बाद यह लागू हो जायेगा। इससे देश के 6 करोड़ से ज्यादा कर्मचारियों को फायदा होगा।

### शर्मिष्ठा ने राहुल को लिखी चिट्ठी

नयी दिल्ली। पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने राहुल गांधी को पत्र लिखकर उनसे न्याय की मांग की है। उन्होंने कहा कि आपकी और कांग्रेस की आलोचना करने के चलते कांग्रेस समर्थक मुझे सोशल मीडिया पर ट्रोल कर रहे हैं। उन्होंने इस पत्र में राहुल से कहा कि मेरे पिता प्रणब मुखर्जी को भी अपशब्द कहे जा रहे हैं। मुझे न्याय चाहिए। उन्होंने लिखा कि आपका पसंदीदा नारा आपके समर्थकों के कानों में नहीं पड़ता, क्योंकि वे आपकी आलोचना करने वालों पर सारी नफरत झोंक देते हैं। अगर आप न्याय को लेकर सीरियस हैं, तो ऐसे लोगों के खिलाफ एक्शन लें।

### बॉर्डर पर एयरफोर्स दिखायेगी अपनी ताकत

जोधपुर। भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास पोकरण फायरिंग रेंज (जैसलमेर) में एयरफोर्स अपनी ताकत दिखायेगी। इसके लिए देश के अलग-अलग 5 एयरबेस पर तैयारियां चल रही हैं। दरअसल, 17 फरवरी को वायु शक्ति एक्सरसाइज होनी है। इसे लेकर एयरबेस पर 121 एयरक्राफ्ट पहुंच चुके हैं। जोधपुर एयरबेस पर सुखाई-30 और राफेल की तैनाती की गई है। यहां दोनों एयरक्राफ्ट के साथ तैयारी शुरू कर दी है।

### जदयू के भोज में नहीं पहुंचे पांच विधायक

पटना। पटना में जदयू कोटे से मंत्री और सीएम नीतीश कुमार के करीबी श्रवण कुमार के आवास जदयू के सभी विधायकों को भोज में आमंत्रित किया गया था। छह विधायकों को छोड़कर सभी विधायक भोज में शामिल हुए। फ्लोर टेस्ट से पहले हुए जुटान में विधायकों के नहीं आने से सियासी गलियारे में तकरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

अवैध खनन घोटाला

# हाइकोर्ट से पंकज मिश्रा को नहीं मिली जमानत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** टेंडर मैनेज करने और साहिबगंज जिले में अवैध खनन के जरिये अकूत संपत्ति अर्जित करने के आरोपी पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट ने फैसला सुनाया है। कोर्ट ने पंकज मिश्रा की जमानत याचिका खारिज कर दी है। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद मामले में गुरुवार को फैसला सुरक्षित रख लिया था। दरअसल, इडी की विशेष अदालत ने पंकज मिश्रा की जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद उन्होंने हाइकोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की थी। बता दें कि हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को इडी ने पिछले वर्ष जुलाई महीने में गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान इडी पंकज मिश्रा, दाहू यादव और उनके सहयोगियों के 37 बैंक खातों में जमा 11.88 करोड़ रुपये भी जब्त कर चुकी है। वहीं इडी ने साहिबगंज, बरहेट, राजमहल, मिर्जा चौकी और बरहरवा में 19 स्थानों पर तलाशी ली थी। इस दौरान कई दस्तावेज और 5.34 करोड़ रुपये नकदी जब्त की गयी थी। इस तलाशी अभियान के दौरान इडी ने साइट से अवैध रूप से संचालित किये जा रहे पांच स्टोन क्रशर, पांच अवैध बंदूक और कारतूस भी जब्त किये थे।



## हाइकोर्ट में छवि रंजन की जमानत पर सुनवाई 16 को

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट में सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद-बिक्री मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की जमानत याचिका पर सुनवाई अब 16 फरवरी को होगी। मामले में शनिवार को न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट में आंशिक बहस हुई। इडी ने छवि रंजन के खिलाफ इसीआइआर 1-2023 दर्ज किया है। इसमें छवि रंजन, अमित कुमार अग्रवाल सहित 10 आरोपितों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। हाइकोर्ट में छवि रंजन की जमानत अर्जी पर इडी के जवाब का उनकी ओर से प्रति उत्तर दिया जा चुका है।इस मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और बड़गाई के राजस्व कर्मचारी सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल को इडी ने छापेमारी की थी। इस दौरान बड़ी संख्या में जमीन के फर्जी डीड, मुहर, अन्य कागजात इडी को मिले थे, जिसके बाद 14 अप्रैल को इडी ने सात आरोपितों को गिरफ्तार किया था।

# 10 लाख के इनामी जोनल कमांडर लालदीप गंझू ने किया सरेंडर, 20 साल से संगठन में था एक्टिव

मुकेश सिंह/ रूपेश अग्रवाल

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** झारखंड में माओवादी उग्रवादियों के विरुद्ध झारखंड पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ, कोबरा, झारखंड जगुआर के द्वारा संयुक्त अभियान लातेहार जिला में चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पिछले 20 सालों से भापका माओवादी में सक्रिय भूमिका निभाने वाले दस लाख रुपये के इनामी सक्रिय जोनल कमांडर कल्टू उर्फ मोजिंदर उर्फ लालदीप उर्फ कार्तिक गंझू पिता भोला गंझू ने शनिवार को झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति नई दिशा से प्रभावित होकर एसपी कार्यालय में जिले के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण के बाद बुके व शॉल देकर कल्टू उर्फ मोजिंदर उर्फ लालदीप उर्फ कार्तिक गंझू का स्वागत किया गया। इस अवसर पर पत्रकारों को जानकारी देते हुए एसपी ने कहा कि हिंसा के रास्ता छोड़कर कल्टू उर्फ मोजिंदर उर्फ लालदीप उर्फ कार्तिक गंझू ने मुख्यधारा से जुड़ने के लिए आत्मसमर्पण किया है। वह अपने परिवार के साथ इज्जत और सम्मान के साथ जीना चाहता है। इसलिए उसने नक्सलवाद का रास्ता छोड़ने का निश्चय किया है। आगे उन्होंने कहा कि लगातार जिला पुलिस के द्वारा नक्सलियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रही है। जिससे पुलिस को कई उपलब्धि भी मिली हैं। उन्होंने अन्य नक्सली संगठन के उग्रवादियों को भी मुख्यधारा में लौटने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाला नक्सली कल्टू उर्फ मोजिंदर उर्फ लालदीप उर्फ कार्तिक गंझू बूढ़ा पहाड़ में काफी सक्रिय रहा है। वहां ऑक्टोपस अभियान चलाने के बाद नक्सली भाग खड़े हुए। उन्होंने कहा कि कार्तिक ने आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर पुलिस के समक्ष आत्मसर्पण करने का निर्णय लिया है। इस नीति में सरकार द्वारा जो भी सुविधा मिलने वाली है उसे मुहैया कराया जायेगा। कल्टू उर्फ मोजिन्दर उर्फ लालदीप उर्फ कार्तिक गंझू को आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित करने में उनका परिवार अहम योगदान रहा।




### कई मामले दर्ज हैं लालदीप पर

आत्मसमर्पण करने वाला भाकपा माओवादी के सक्रिय जोनल कमांडर कल्टू उर्फ मोजिंदर उर्फ लालदीप उर्फ कार्तिक गंझू पर कुल आठ आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह बूढ़ा पहाड़ में छोटू खरवार व अरविंद के साथ कार्य कर चुका है। लगभग बीस वर्ष पहले कल्टू उर्फ मोजिंदर उर्फ लालदीप उर्फ कार्तिक गंझू ने 2005 में भाकपा माओवादी में अजय यादव के दस्ते में शामिल हुआ था। तब से वह कई घटनाओं का अंजाम दे चुका है। उस पर बालूमाथ, बारियातू व औरंगाबाद में आठ अपराधिक मामले दर्ज हैं।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–ऑक्शन सूचना सं० WVM-DHN-2-24**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा पांच (05) वर्षों की अवधी के लिए धनबाद मंडल के अंतर्गत सिंगरौली और चोपन स्टेशन पर WVM की स्थापना और संचालन के लिए ई ऑक्शन आमंत्रित किया जाना है। विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :– **क्र.सं.(1) ठेके का प्रकार :** WVM की स्थापना और संचालन, **लॉट संख्या :** MSS-DHN-SGRL-WVM-25-24-I **स्टेशन :** सिंगरौली, **ठेका अवधी :** 05 वर्ष, **सभी लॉट के लिए ई–नीलामी की तारीख और समय :** 23.02.2024, 15:00 बजे से, **क्र.सं.(2) ठेके का प्रकार :** WVM की स्थापना और संचालन, **लॉट संख्या :** MSS-DHN-CPU-WVM-26-24-I **स्टेशन :** चोपन, **ठेका अवधी :** 05 वर्ष, **सभी लॉट के लिए ई–नीलामी की तारीख और समय :** 23.02.2024, 15:00 बजे से, **Catalogue No:-** WVM-DHN-2-24, **Website :-** www.ireps.gov.in, **Note- 1.** The e-Auction will be online on the IREPS (e-Auction leasing portal) on the prescribed date and time. **2.** Desirous of participating in the e-Auction shall pay Rs. 10000/- + GST (non refundable) Oline submission of one time registration is required and also having current account linked to IREPS, Payment/Deduction of Security Deposit (EMD) online from the same account. **3.** Complete information about the terms and conditions related to e-Auction is available in the e-Auction leasing selection of the IREPS portal **(www.ireps.gov.in).**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/धनबाद
पीआर/2273/डीएचएन/सीओएमएल/एन/23-24/44

# मांडू में अतिक्रमित वन भूमि पर संचालित अवैध बंदोबस्ती को डीसी ने किया रद्द

## 11 औद्योगिक प्रतिष्ठानों, कारखानों को किया गया चिह्नित, की जा रही है कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** अवैध जमाबंदी एवं अतिक्रमण के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा बड़ी कार्रवाई की गयी है। वन प्रमंडल पदाधिकारी द्वारा मांडू अंचल अंतर्गत रउता मौजा, थाना संख्या 146 वन विभाग के द्वारा अधिसूचित, सीमांकित वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण मामले में डीसी चंदन कुमार ने मांडू अंचल अंतर्गत मौजा रउता थाना संख्या 146 में ग्लोब स्टील फैक्ट्री एंड अलायंस प्राइवेट लिमिटेड खाता संख्या 29/85 प्लॉट संख्या 325 रकबा 2 एकड़ किस्म भूमि गैर मजरूआ खास किस्म जंगल भूमि एवं वैष्णवी फेरोटेक प्राइवेट लिमिटेड खाता संख्या 29 प्लॉट संख्या 65 रकवा 2.85 एकड़ किस्म भूमि गैरमजूरवा खास किस्म जंगल भूमि की जमाबंदी को बिहार भूमि सुधार अधिनियम 1950 की धारा 4एच के तहत रद्द कर दिया गया है। साथ ही वन प्रमंडल पदाधिकारी रामगढ़ को निर्देश दिया गया है कि निबंधित केवाला के द्वारा विपक्षी उक्त भूमि प्राप्ति का दावा करते हैं। उस केवाला को रद्द करने हेतु वे सक्षम न्यायालय में अपील दायर करेंगे। ज्ञात हो कि मांडू अंचल अंतर्गत रउता मौजा के खाता संख्या 29 के कुल 86 प्लॉट कुल रकबा 807.24 एकड़ भूमि खतियान में गैर मजूरआ खास दर्ज है जिसमें 45 प्लॉटों रकबा 758.59 एकड़ किस्म जंगल झाड़ी दर्ज है। उक्त 45 प्लाटों में से 26 प्लॉट जिसका कुल रकबा 575.78 एकड़ है वन विभाग के द्वारा अधिसूचित एवं सीमांकित वन है। वन संरक्षण अधिनियम 1980 के लागू होने के उपरांत अधिसूचित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग के लिए केंद्र सरकार की अनुमति लेना अनिवार्य है। वर्तमान में मांडू अंचल के रउता मौजा में कुल 11 औद्योगिक प्रतिष्ठानों/ कारखाने को भी अवैध जमाबंदी भूमि को अपने नाम पर दाखिल खारिज कराने तथा भूमि पर औद्योगिक प्रतिष्ठान स्थापित करने में कोलकाता कार्बाइड, स्वास्तिक स्टील, श्री राम सीमेंट फैक्ट्री, मैहर इस्पात प्राइवेट लिमिटेड, रजरप्पा इस्पात प्राइवेट लिमिटेड, रामगढ़ कास्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, श्री बालाजी सेरेमिक्स, राज स्टील, श्री वैश्णवी फेरोटेक प्राइवेट लिमिटेड, कृष्णा फैब्रिक्स प्राइवेट लिमिटेड, कोहिनूर इस्पात प्राइवेट लिमिटेड, ग्लोब स्टील प्राइवेट लिमिटेड एवं शारदा सीमेंट प्रतिष्ठान/कारखाना को चिह्नित कर संबंधित भूमि पर अवैध जमाबंदी रद्द करने सहित अन्य कार्रवाई की जा रही है।



### इन्हें किया गया है चिह्नित

कोलकाता कार्बाइड, स्वास्तिक स्टील, श्री राम सीमेंट फैक्ट्री, मैहर इस्पात प्राइवेट लिमिटेड, रजरप्पा इस्पात प्राइवेट लिमिटेड, रामगढ़ कास्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, श्री बालाजी सेरेमिक्स, राज स्टील, श्री वैश्णवी फेरोटेक प्राइवेट लिमिटेड, कृष्णा फैब्रिक्स प्राइवेट लिमिटेड, कोहिनूर इस्पात प्राइवेट लिमिटेड, ग्लोब स्टील प्राइवेट लिमिटेड एवं शारदा सीमेंट प्रतिष्ठान

## एल्बेंडाजोल की गोली खिलायी गयी



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलने वाला राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग का नियंत्रण हेतु आंगनबाड़ी केंद्र बिंधनीया में सहिया अझोला देवी, सरिता देवी, सेविका निर्मला देवी और पपलो पंचायत की मुखिया चिंता कुमारी के द्वारा डीइसी और एल्बेंडाजोल की गोली का एक खुराक खिलाकर किया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि संजू यादव उर्फ दशरथ, भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामलाल यादव और गांव के सभी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए। सहिया अझोला देवी के द्वाराअपने गांव के ग्रामीणों को प्रेरित कर आंगनबाड़ी लाया गया और डीइसी और एल्बेंडाजोल की एक खुराक खिलाया गया और अपने ग्राम पंचायत के सभी ग्रामीणों से आग्रह और विनती किया गया कि साल में एक खुराक फाइलेरिया रोधी दवा डीइसी और एल्बेंडाजोल का सेवन अवश्य करें।

## ज्ञान भारती विद्यालय के छात्रों को दी विदाई



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के परसाबाद में ज्ञान भारती प्लस टू उच्च विद्यालय में समारोह आयोजन कर दशम वर्ग के छात्र-छात्राओं को, विदाई वर्ग अष्टम, नवम के छात्र-छात्राओं के द्वारा दिया। वर्ग अष्टम, नवम के पिंकी, खुशबू, अनिता, करिश्मा, प्रतिज्ञा, प्रेमा, दिव्या, रिंकू, कौशल, सागर, अजीत, आनंद, बादल सहित कई लोगों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अरुण कुमार यादव ने कहा कि निश्चित तौर पर विद्यार्थी देश के भविष्य होते हैं और उन्हें बेहतर करने के लिए विद्यालय से विदाई दी जा रही है ताकि वह मैट्रिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर संपूर्ण देश और क्षेत्र में विद्यालय ही नहीं संपूर्ण जिले का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। मौके पर प्राचार्य रामदेव यादव, शिक्षक देवनारायण यादव, संतोष यादव, राजेंद्र यादव, चंद्रदेव कुमार, सत्येन्द्र यादव, बैजंती कुमारी, माही कुमारी, प्रमिला देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## जहर खाने से महिला की हुई मौत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** शनिवार को कोडरमा थाना अंतर्गत इंदरवा सैलयडीह के समीप एक महिला ने सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली। सल्फास खाने के बाद स्थिति बिगड़ने पर महिला की रांची ले जाने के दौरान रास्ते में ही मौत हो गयी। मृतका की पहचान सविता देवी (25, पति आशीष यादव, ग्राम सैलयडीह) कोडरमा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह घरेलू विवाद को लेकर सल्फास खा लेने से अचानक तबियत बिगड़ने लगी। इसके बाद आनन फानन में सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर द्वारा इलाज करके गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। बरही के समीप इसकी मौत हो गयी। कोडरमा सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

## होल्डिंग टैक्स के विरोध में हुई बैठक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा नगर पंचायत के व्यवसाईयों द्वारा होल्डिंग टैक्स और ट्रेड लाइसेंस के मुद्दे पर शनिवार को गांधी चौक पर बैठक की गयी जिसकी अध्यक्षता महादेव प्रसाद और संचालन आर बसंत ने किया। बसंत ने कहा कि आज कोडरमा बाजार की स्थिति ऐसी है कि लगाये गये पूंजी का बैंक ब्याज भी निकलना मुश्किल हो रहा है फिर भी टैक्स और ट्रेड लाइसेंस हेतु तंग किया जा रहा है। मुख्य वक्ता झारखंड आंदोलनकारी अजय कृष्ण ने नगर पंचायत के प्रशासक द्वारा बिना सुविधा के होल्डिंग टैक्स और ट्रेड लाइसेंस हेतु दुकान सील करने और वसूली पर खड़ा प्रहार किया। साथ ही 8 फरवरी को आरके बसंत द्वारा होल्डिंग टैक्स का विरोध करने पर कोडरमा थाना के अवर निरीक्षक कुंदन कुमार द्वारा गाली गलौज और धक्का देकर पुलिस गाड़ी में बिठाकर थाना में घंटों रखने पर इस पुलिसिया दमन पर रोष प्रकट कर कहा कि क्या दरोगा को होल्डिंग टैक्स वसूलने का अधिकार है। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ नेता साजिद हुसैन लालू ने सभी व्यवसाईयों को एकजुट होकर सुविधा विहीन नगर पंचायत में टैक्स और ट्रेड लाइसेंस हेतु धमकाने का विरोध किया और इसके विरोध में कोडरमा बाजार बंद रखने का आह्वान किया। बैठक में संजीव समीर, निरंजन प्रसाद, नसीम अख्तर, नवल सिंह, अक्षय रंजन, राजू कुमार, सतीश कुमार, राजेश कुमार, गुड्डू सुमन, बदरुद्दीन, मुरली मोदी, अशोक प्रसाद, संजय कुमार सिंह, शाहिद आलम ने अपनी बात रखते हुए होल्डिंग टैक्स और ट्रेड लाइसेंस का विरोध किया और तिथि तय कर बाजार बंद रखने का निर्णय लिया।

## मरकच्चो में फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय भेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत शनिवार को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो में फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम एमडीए 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलने वाले कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी मरकच्चो सना उस्मानी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बिपिन कुमार, जिप सदस्य प्रतिनिधि सह समाजसेवी रविशंकर तिवारी मंटू ने फीता काटकर व दवा खिलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सना उस्मानी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बिपिन कुमार, जिप सदस्य प्रतिनिधि सह समाजसेवी रविशंकर तिवारी मंटू ने सबसे पहले ग्रामीण रोहित गोस्वामी, रामदेव सिंह, उर्मिला देवी को डी ई सी एवं एलबेण्डाजोल की दवा खिला कर किया। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बिपिन कुमार, डॉ सुबोध कुमार, डॉ दिनेश कुमार, बीपीएम धर्मेंद्र राम, एमटीएस विवेकानंद शर्मा, डब्लुएचओ मॉनिटर प्रेम कुमार प्रिंस, एएनएम संजुला कुमारी, लिपिक सतीश कुमार, मुकेश कुमार, पप्पू राणा, अर्जुन यादव आदि मौजूद थे।

## लकड़ी के बोटा से लदा वैन जब्त

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के दरदाही स्थित दलदल जाने वाले मार्ग के जंगल के समीप से वन गश्ती दल के द्वारा लकड़ी के बोटा से लदा एक पिकअप वैन को जब्त किया है। जानकारी अनुसार उक्त पिक अप वैन मे लकड़ी का बोटा लेकर गिरिडीह की ओर जा रहा था। इसी दौरान गश्ती दल मे शामिल वन कर्मियों ने उक्त वाहन को पकड़ लिया।

## एसपी ने की मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह की अध्यक्षता में मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व माह में प्रतिवेदित और लंबित कांडों की समीक्षा की गयी। वारंट और कुर्की निष्पादन हेतु निर्देश दिये गये और आगामी सरस्वती पूजा को लेकर विधि व्यवस्था हेतु विशेष दिशा निर्देश भी दिये गये।

# सड़क सुरक्षा को लेकर रन फॉर रोड सेफ्टी कार्यक्रम आयोजित

**डीटीओ बैजनाथ कामती ने सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** सड़क सुरक्षा माह मानते हुए पुरे 27 दिन हो चुके है। शनिवार को इस अभियान को पुरे हजारीबाग वासियों के के साथ जोड़ दिया गया। जिला परिवहन कार्यालय सड़क सुरक्षा के द्वारा रन फॉर रोड सेफ्टी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे जिला परिवहन पदाधिकारी बैथनाथ कामती, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, मोटर यान निरीक्षक, प्रवर्तन उपनिरीक्षक समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे। इसके अलावा हजारीबाग जिला के 1000 से अधिक लोगो ने इस रन फॉर रोड सेफ्टी में भाग लिए, जिसमे लोगों ने सड़क सुरक्षा जागरूकता का संदेश देते हुए हजारीबाग शहर का भ्रमण किया। इसके उपरांत मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत हजारीबाग शहर के झील रुट की दौड़ लगायी गयी। इस प्रतियोगिता में लड़कियां भी दौड़ लगायी। विजेताओ को तीन श्रेणियो में पुरस्कृत किया गया। लडको के ग्रुप में प्रथम स्थान अर्श राज, द्वितीय स्थान सुबोध कुमार और तृतीय स्थान प्राप्त किये कामेश्वर कुमार को पुरस्कृत किया गया। वही लड़कियों के ग्रुप में नेहा, रीता तथा सुनीता कुमारी को क्रमशः प्रथम पुरस्कार, द्वितीय पुरस्कार तथा तृतीय पुरस्कार दिया गया। इन सभी विजेता पुरस्कारों को ट्राफी के अलावे रोड सेफ्टी से सम्बंधित ट्रैक सूट भी दिया गया। इसके अलावा 250 प्रतिभागियों को रोड सेफ्टी लोगो से संबंधित टी-शर्ट तथा टोपी दिया गया। उपस्थित सभी प्रतिभागियों को अंत में यातायात नियमो के पालन की शपथ भी दिलायी गयी। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी ने अपने सन्देश में कहा की सड़क सुरक्षा किसी एक व्यकित की नहीं पुरे समाज की जिम्मेवारी है। अतः सभी को यातायात नियमो के पालन के साथ सड़क पर सतर्कता रखनी चाहिए।

### कोडरमा में क्षत्रिय महासंघ की हुई बैठक

# एकता और संगठन पर की चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** उत्तरी छोटा नागपुर क्षत्रिय महासंघ कोडरमा की केंद्रीय कार्यकारिणी समिति की एक आपातकालीन बैठक क्षत्रिय भवन कोडरमा में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता उत्तरी छोटा नागपुर क्षत्रिय महासंघ के अध्यक्ष कामाख्या नारायण सिंह ने की। बैठक में महासंघ की एकता और संगठन की मजबूती के संबंध में गहन विचार विमर्श किया गया। महासंघ के विभिन्न प्रक्षेत्रों में संगठन को मजबूत करने के लिए केंद्रीय पदाधिकारियो की एक टीम गठित की गयी जो विभिन्न प्रक्षेत्रों में सघन दौरा कर महासंघ के संगठन को मजबूत करने के लिए प्रक्षेत्र के लोगों को प्रेरित करेंगे। निर्णय लिया गया कि आगामी 25 फरवरी को उत्तरी छोटा नागपुर क्षत्रिय महासंघ के विभिन्न प्रक्षेत्रों में एक साथ बैठक आयोजित कर महासंघ के संगठन को सक्रिय बनाने के लिए लोगों का आह्वान किया जायेगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी 3 मार्च 2024 को क्षत्रिय भवन कोडरमा में उत्तरी छोटा नागपुर क्षत्रिय महासंघ की एक बैठक आयोजित की जायेगी। इस बैठक में विभिन्न प्रक्षेत्रों के अध्यक्ष सचिव सहित महासंघ द्वारा नामित सक्रिय सदस्य उपस्थित रहेंगे। इस बैठक को सफल बनाने के लिए महासंघ के केंद्रीय पदाधिकारियों को विभिन्न प्रक्षेत्रों के लिए प्रभारी नियुक्त किया गया जो 25 फरवरी को अलग-अलग प्रक्षेत्र में जाकर बैठक अपनी देखरेख में करायेंगे और संगठन को एक नई दिशा देंगे। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने परामर्श दात्री समिति के वरीय सदस्य रामचंद्र सिंह को कोडरमा लोकसभा क्षेत्र का संयोजक मनोनीत किये जाने के लिए बधाई और शुभकामना दी गयी। बैठक में अध्यक्ष कामाख्या नारायण सिंह, महासचिव राम लखन सिंह, उपाध्यक्ष शिवलाल सिंह, विजय कुमार सिंह, सचिव राजेंद्र सिंह, विजय सिंह, नारायण सिंह, रामचंद्र सिंह, महेश सिंह, दिलीप सिंह, शिव शंकर सिंह, रणजीत कुमार सिंह, दयानंद सिंह, राजकुमार सिंह, दिनेश कुमार सिंह, अशोक सिंह, हरदेव सिंह, मिथिलेश सिंह, राजू सिंह सहित अन्य कई सदस्य मौजूद थे।

## आशुतोष आनंद बने इंटक के कार्यकारी जिला अध्यक्ष

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस झारखंड शाखा के द्वारा हजारीबाग के युवा नेता आशुतोष आनंद उर्फ मोनू सिंह को प्रदेश अध्यक्ष राकेशेश्वर पांडे ने हजारीबाग जिला का कार्यकारी जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राकेशेश्वर पांडे ने कहा कि पूरे हजारीबाग जिला में कंपनियां मजदूरों का दोहन कर रही।र ाष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रदेश महासचिव महेंद्र मिश्रा संयुक्त सचिव चंद्रशेखर मिश्रा, प्रदेश प्रवक्ता सुरजीत नागवाला, वरिष्ठ नेता जय शंकर पाठक, विजय यादव, भीम कुमार, जिला अध्यक्ष मिथलेश दुबे, अशोक देव, डा प्रकाश, रघु जायसवाल, दीपक गुप्ता, यमुना यादव, बीसी मिश्रा, केडी सिंह, ललितेश्वर चौधरी, रवि शर्मा, निशार खान,गुड्डू सिंह, अवधेश सिंह, परमेश्वर कुमार, रविन्द्र पांडे, अर्जुन राम, सुरेश साव, बबलू कुशवाहा, उपेंद्र कुशवाहा, ज्ञानी मेहता, दिगंबर मेहता, शारदा रंजन दुबे, मनोज मोदी, राज किशोर सिंह, गोवर्धन गंजू, सरजू यादव राजू यादव, उदय साव, बेबी देवी, असगरी अंजुम, विनोद कुशवाहा, साजिद अली खान, मंसूर आलम संतोष गुप्ता सहित तमाम नेता ने बधाई दी।

# स्थानांतरित हुए पुलिस अवर निरीक्षकों को दी गयी विदाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** जिले से स्थानांतरित हुए पुलिस अवर निरीक्षकों को लेकर विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें उन्हें पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा मोमेंटो प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विदाई दी गयी।

इस समारोह में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (मु) कोडरमा और अन्य पुलिस पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान




आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को कोडरमा पुलिस और जिला प्रशासन द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों के बारे में बताया गया और उनके बीच हेलमेट का भी वितरण किया गया। इस जागरूकता अभियान में पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जीतवाहन उरांव, पुलिस उपाधीक्षक और अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# नल-जल योजना में हो रही है भारी अनियमितता

**ग्रामीणों की शिकायत पर मुखिया अब्बास अंसारी ने कार्य को कराया बंद**

अनिल कुमार





**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी नल जल योजना से लोगों को काफी उम्मीदें थी कि खुलेंगा नल और मिलेगा जल लेकिन लोगों को यह योजना मुंगेरीलाल के हसीन सपने साबित हो रही है। बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत में जल नल योजना में भारी अनियमितता बरती जा रही है। ट्रायल में ही टावर का स्ट्रेक्चर में दरार पड़ने लगा है। इस बाबत ग्रामीणों ने इसकी शिकायत स्थानीय मुखिया अब्बास अंसारी से की मुखिया ने निरीक्षण के दौरान कार्य में अनियमितता बरतने को लेकर कार्य को बंद करा दिया। मुखिया ने कहा कि कार्य में नाम मात्र का सीमेंट दिया जा रहा है। संवेदक के द्वारा गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं होने के कारण लोगों में काफी नाराजगी है। विदित हो यह कार्य ओम साइ कंस्ट्रक्शन के द्वारा कराया जा रहा है। संवेदक के सुपरवाइजर को फोन लगाया गया तो उसने फोन रिसीव करना उचित नहीं समझा। वहीं मुखिया ने कहा कि संवेदक के द्वारा सिर्फ कार्य के नाम पर खानापूर्ति कर रही है। टावर में भी समुचित एंगल नहीं लगाया जा रहा है। जिससे नाराज होकर ग्रामीणों ने काम बंद करा दिया है और संवेदक से गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की बात कही गयी है। ज्ञात हो बीते दिनों प्रखंड के बरकनगांगो में भी एक पानी टंकी टावर गिर गया था जिससे लोग बाल बाल बचे। इस योजना पर लोगों ने सवालिया निशान उठाने लगे हैं।

## गायत्री रथ का कराया गया भ्रमण



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव स्थित राम जानकी मंदिर में गायत्री शक्तिपीठ से आये रथ का स्वागत पिंटू गुप्ता और पुजारी चिंतामणि महतो की अगुवाई में किया गया। इसके बाद गायत्री माता की स्तुति के साथ आरती की गयी। शांतिकुंज के उप जॉन प्रभारी रघुनंदन साहू, 108 कुंडलीय यज्ञ के प्रचारक केशव नंद, महिला प्रसारक पूर्णिमा कुमारी, उषा कुमारी द्वारा गायत्री मंत्र के साथ पूजा अर्चना करायी गयी। रघुनंदन साहू ने बताया कि नारी सशक्तिकरण के उपलक्ष में हजारीबाग के मटवारी स्थित गांधी मैदान में 108 कुंडीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जायेगा। यह महायज्ञ 6 मार्च से लेकर 9 मार्च तक चलेगा। इसलिए रथ का यात्रा कराया जा रहा है। पिंटू गुप्ता ने कहा कि हर महीने गायत्री हवन यज्ञ होने से क्षेत्र के वातावरण शुद्ध होया है और गलत रास्ते में भटकने वाले किशोर व युवा वर्ग नैतिक, सामाजिक, शैक्षणिक और धार्मिक कार्यों में जुड़कर नये समाज का निर्माण करना हैं। इसीलिए यहां पर हर महीने पूर्णिमा के दिन गायत्री हवन यज्ञ कराया जाता है। मौके पर पिंटू गुप्ता, चिंतामणि महतो, गायत्री देवी कैलाश महतो, बीना सिंह, बिना देवी, मोनिका गुप्ता, यशोदा देवी, ममता देवी, दीपिका गुप्ता, कपूर गुप्ता, पार्वती देवी, झरना देवी, चांदनी देवी, मिलन बॉस, अंतू महतो, गोपाल घोष, बंधन महतो, राजेंद्र सिंह, पूर्व पंचायत समिति सदस्य बासमती देवी, गिन्नी वर्मा, धनेश्वर कुमार, दिनेश कुमार, मनेश्वर दांगी, रामचरित्र प्रसाद, संध्या कुमारी, पंचानंद कुमार ने भाग लिया यह रथ पूरे बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गांव में घुमाया गया।

## सदर एसडीओ का किया गया स्वागत



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री आवास योजना कोलघट्टी के सदस्यो ने अध्यक्ष अजय साव के नेतृत्व में सदर अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार को अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के पदाधिकारियों में महासचिव शंकर कुमार दास, सचिव अजय राणा, कोषाध्यक्ष शिव प्रसाद सिंह, दिलीप सिंह, रवि सिंह, कामेश्वर मेहता, विकास राणा सहित कई अन्य उपस्थित हुए। सभी लोगों ने सदर अनुमंडल पदाधिकारी को बधाई और शुभकामनाएं दी। सदर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार ने भी कर्तव्य के प्रति समर्पित होकर और निष्पक्ष होकर काम करने का भरोसा दिलाया।

## थाना प्रभारी के तबादले से लोगों में मायूसी



**पदमा (आजाद सिपाही)।** ज्ञात हो कि पदमा थाना में कई थाना प्रभारी आये और गये लेकिन एक ऐसे दिग्गज थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह हैं जो की पिछले एक साल से पदमा थाना में प्रभारी के पद में कार्यरत थे इन्होंने अपने काम को प्राथमिकता देकर ये साबित किया है की आज भी हमारे यहां ईमानदार पुलिस है। चाहे बात हो शांति व्यवस्था की चाहे बात हो क्विक डिसीजन की चाहे बात की जाये अपराध नियंत्रण की सारे क्षेत्र में अपने और अपने विभाग की अलग पहचान बना चुके है। अवैध बालू उठाओ पर भी उन्होंने लगाम लगाया और गौ तस्करों की तो खैर नहीं रहने दिए। उनके तबादला की खबर सुनकर पदमा थाना क्षेत्र के लोगों का कहना है कि ये ऐसे दिग्गज थाना प्रभारी थे जिनको पदमा के बच्चे-बच्चे याद रखेंगे और लोगों में मायूसी छाई हुई है।

## विष्णुगढ़ में काली पूजा समिति की धूम

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ के बाजारटांड़ स्थित काली मंदिर तीन दिवसीय काली पूना शुक्रवार से प्रारंभ हुई। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां काली की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गयी। पूजा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बताते हैं कि यहां काली मंदिर में पूजा अर्चना करने बहुत दूर दूर से श्रद्धालु जुटते है। मेला में बच्चों के लिए तरह-तरह के खिलौने के अलावा झूला, जादूगर के अलावा तरह-तरह की दुकानों में बड़ी भारी भीड़ जुट रही है। पूजा को सफल बनाने में पूजा कमेटी के लोग पूरी ततपरता से जुटे है। इस अवसर पर पूजा समिति के विपिन कुमार सिन्हा, शम्भूनाथ पांडेय, रोहितानंद मिश्र, राजेन्द्र पांडेय, चन्द्रशेखर सिन्हा, अनिल मिश्र, आनंद मिश्र, सतीश वैद्य, सुनील मिश्र, बंटी मिश्र, राकेश वैद्य, सुरेंद्र सिन्हा, अनुज सिन्हा, अमरेश सिन्हा, ओमप्रकाश वैद्य, अजित मिश्र, संजय वैद्य, वीरेंद्र पांडेय, गणेश पांडेय, युगल पांडेय, सुबोध पांडेय, त्रिभुवन पांडेय, अनुज मिश्र, पप्पू मिश्र, प्रवीण मिश्र, सुनील सिन्हा, अमन मिश्र आदि पूरी गंभीरता से जुटे हुए हैं।

## कोल्हु में 63केवीए ट्रासफार्मर का उद्घाटन



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड के कोल्हु में प्रमुख संतोष मंडल ने 63केवीए ट्रासफार्मर का उद्घाटन फीता काटकर और नारियल फोड़कर किया। प्रमुख ने कहा कि यहां पर पुर्व में 25केवीए का ट्रासफार्मर था जिससे लोगों को परेशानी होती थी। इस ट्रासफार्मर में उपभोक्ता की संख्या ज्यादा थी जिससे लोगों को नियमित बिधुत नहीं मिल रहा था। लोगों की समस्या का समाधान करना ही पहली प्राथमिकता है। अभी विद्यार्थियों का परीक्षा का समय है। अब 63केवीए के ट्रासफार्मर लगने से विधुत उपयोग करने में परेशानी नही होगी। मौके पर लालचंद मंडल, शंकर प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, संजय मंडल, प्रकाश प्रसाद, भुनेश्वर सिंह, पंकज मंडल, रविंद्र प्रसाद समेत अन्य उपस्थित था।

## विशेष ऋण वसूली शिविर का आयोजन



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कपका पंचायत सचिवालय में बैंक ऑफ इंडिया बरकट्ठा शाखा के तत्वावधान में शुक्रवार को विशेष ऋण वसूली शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शाखा प्रबंधक मैनेजर अभिषेक कुमार और राकेश चौधरी उपस्थित थे। शिविर में कुल 55 एनपीए खाताधारकों से लगभग 22,00,000 रुपये की वसूली की गयी। वहीं शाखा प्रबंधक अभिषेक कुमार ने कहा कि बैंक ऋण देने के लिए हमेशा तत्पर रहता है। लेकिन लोगों से अपील है कि समय से ऋण को चुकायें ताकि ग्राहकों और बैंक की आपसी तालमेल बनी रहे। शिविर में बीसी राजेश रजक उर्फ लालू, बच्चन देव कुमार भारती, डालेश्वर पंडित, मोती कुमार, प्रभात कुमार, महेंद्र प्रसाद, बेबी देवी, दिलीप कुमार नायक, अशोक कुमार, सीताराम कुमार समेत आदि लोग मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 11 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in
05

## चोरी की नियत से घर मे घुसी तीन महिलाओं को रंगेहाथ पकड़ा, किया पुलिस के हवाले



**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के डटमामोड़ स्थित एक व्यवसायी के आवास में चोरी की नियत से शनिवार की दोपहर तीन महिला दाखिल हो गयी। जिससे घर के लोगों ने चोरी करते रंगे हाथ पकड़ा। वही, स्थानीय ग्रामीणो ने दो महिला की जमकर धुनाई कर कुजू पुलिस के हवाले कर दिया। वही, एक बच्चा के पास चोरी का रुपये होने की बात कह रुपया वापस दिलाने के नाम पर चकमा देकर चंगुल देकर एक महिला फरार हो गयी। जानकारी के अनुसार, खुदरा व्यवसायी खुशयाल साव के आवास पर शनिवार की दोपहर तीन महिला अपने बच्चो के साथ प्रवेश कर गया। जहां आलमीरा मे रखे आभूषण और रुपया से भरा पर्स लेकर निकल रही महिला थी। इसी बीच छत से नीचे उतर रहे व्यवसायी के पुत्र रोहित कुमार ने महिलाओं को रुकने की बात कही। जहां सभी भागने लगे। इसी बीच ग्रामीणों ने सभी को पकड़ा व पूछताछ की। जहां महिलाओं ने चोरी करने की बात स्वीकार किया। वही, एक महिला ने अपने साथ एक बच्चा को पर्स देने की बात कही। साथ ही, पर्स वापस दिलाने के नाम परिजनों को बरकाकाना ले गयी। जहां सभी को चकमा देकर फरार हो गयी। वही, ग्रामीणो ने दो महिलाओ सहित दो बच्चों को कुजू पुलिस को हवाले कर दिया। खुशयाल साव ने बताया कि पर्स में करीब चार हजार रुपया था। जो नही मिल पाया है। वही, घर मे लगे सीसीटीवी की मदद से महिलाओं द्वारा बाहर में रखे जूता में छुपाकर रखें आभूषण बरामद कर लिया है।

## सत्यानंद भोगता के चौथी बार मंत्री बनने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल



**कुंदा /चतरा (आजाद सिपाही)।** कुंदा राजद प्रखंड अध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद यादव और युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष लालू यादव के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के सभी राष्टीय जनता दल के कार्यकर्ताओं को रविवार को मंत्री सत्यानंद भोक्ता का चतरा आगमन में शामिल होने के लिए आग्रह किया गया है। साथ ही राजद प्रखंड अध्यक्ष ने बताया की राज्य के लोकप्रिय मंत्री सत्यानंद भोकता चौथी बार मंत्री बनने के बाद पहली बार ग्यारह फरवरी को एक दिवसीय दौरे पर चतरा आयेंगे। इस दौरान मंत्री जी सर्वप्रथम चतरा जिले के ऐतिहासिक विश्व प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना कर झारखंडवासियों के लिए सुख शांति और समृद्धि की कामना केरेंगे। इसके उपरांत चतरा परिसदन में जिलेवासियों से मुलाकात कर आभार प्रकट करेंगे और जिलेवासियों की समस्याओं से रूबरू होगें।

## राष्ट्रीय जनता दल की हुई बैठक



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष चंद्रदेव यादव के आवास पर शनिवार को राष्ट्रीय जनता दल की एक बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष और मुखिया संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार यादव और संचालन मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव के द्वारा किया गया। बैठक में सत्यानंद भोक्ता को चौथी बार मंत्री बनाये जाने पर हर्ष व्यक्ति किया गया, और 11 फरवरी को चतरा आगमन पर हंटरगंज से सौ वाहनों की काफिला से मंत्री को स्वागत करने का निर्णय लिया गया। प्रत्येक पंचायत से चार-चार गाड़ियां कर्ताओं के द्वारा ले जाने का निर्णय लिया गया। मंत्री के भाषण को सुनकर लाभ उठायेंगे। इस मौके पर राष्ट्रीय जनता दल के नेता और वीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभु दयाल यादव, राजदेव यादव, उपेंद्र यादव, शिवनंदन प्रजापति, सुरेश पासवान, जयराम भारती, बैजनाथ यादव, कपिल देव यादव, उपेंद्र यादव, महेंद्र यादव, सर्जन यादव, सरजू भारती के अलावे काफी संख्या में राष्ट्रीय जनता दल के पंचायत अध्यक्ष और सचेतक शामिल हुए।

## पुंडी में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा



**मांडू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पुंडी गांव में तीन दिवसीय नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाला गया। यात्रा दुर्गा मंदिर पुंडी से प्रारंभ हुआ, जो घाटों बोकारो नदी पहुंचा। जहां विद्वान पंडितो ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना किया। इस दौरान मुख्य अतिथि पुंडी पंचायत के मुखिया रोपण देवी, पंसस सुरेंद्र महतो, पूर्व पंसस निरोला देवी, कंचन कुमारी, प्रेम महतो, मनु महतो, मीना देवी ने कलशों में पवित्र जल को भरा। इसके बाद गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण करते हुए मंदिर पहुंचे। जहां कलशों को स्थापित किया गया। कलश यात्रा में आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ के पूर्व अध्यक्ष मोहन महतो शामिल थे। मौके पर सदस्यों ने बताया कि संध्या में आरती पूजा के बाद प्रवचन किया जायेगा। कलश यात्रा में झामुमो के केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो, आजसू पार्टी के जिला सचिव लालचंद महतो, छबालचंद महतो, रोहित कुमार, पटेल चंद्र महतो, बाल गोविंद महतो, राजेंद्र महतो भागीरथ महतो, जगेश्वर महतो, अजीत कुमार महतो, संजय कुमार, अजय कुमार, मेवालाल महतो, ताराचंद महतो, महेश महतो, राजू कुमार, राजेंद्र महतो, गोपाल अगरिया, भीम महतो, मनोज महतो, कमलदेव महतो, डालचंद महतो, सेवालाल महतो, मनीष कुमार, विजय भैया, चमटू महतो, सहित गांव के सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## नये पुलिस निरीक्षक अजय कुमार साहू ने संभाली रामगढ़ थाना की कमान



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** एसपी पीयूष पांडेय ने पांच पुलिस निरीक्षकों को इधर से उधर किया है। जिसके तहत रामगढ़ थाना प्रभारी के रूप में 63 वां थाना प्रभारी अजय कुमार साहू को बनाया। जबकि योगेन्द्र सिंह को पतरातू सर्किल, पंकज कुमार को गोला सर्किल, रजत कुमार को यातायात प्रभारी, नवीन प्रकाश पांडेय को रजरप्पा थाना प्रभारी बनाया गया। इधर रामगढ़ थाना के पद पर योगदान देने के बाद अजय कुमार साहू ने कहा कि जनता का विश्वास कायम करना है, अपराध नियंत्रण करना, विधि व्यवस्था संधारित करना मेरी प्राथमिकता में शामिल है। कहा कि वरीय पदाधिकारियों के निर्देशों को शत प्रतिशत पालन करूंगा। उन्होंने कहा कि शहर में हाल के दिनों में चोरी की घटनाओं में हुई अचानक वृद्धि पर पूरी तरह से लगाम लगाने का प्रयास करूंगा। साहू ने कहा कि हमारे रामगढ़ थाना में तैनात पुलिस पदाधिकारियों के साथ कंधे से कंधे मिलाकर चलेंगे। साथ ही हर समस्याओं का समाधान टीम वर्क के तहत किया जायेगा।

### श्री गुरु नानक स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना

# शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों का भविष्य संवार रहा है श्री गुरु नानक स्कूल: डॉ मंजीत

**नन्हे-मुन्ने बच्चों ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव शनिवार को स्कूल परिसर में धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीबीएसई खेल के राष्ट्रीय प्रमुख सह एकेडमिक डीएस डॉ मंजीत सिंह, स्कूल के चैयरमेन हरपाल सिंह अरोड़ा, डिप्टी चैयरमेन मनमोहन सिंह लांबा, उपाध्यक्ष परमिंदर सिंह जस्सल, प्राचार्य हरजाप सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित और गुब्बारे उड़ाकर किया। साथ ही हेड ग्रंथि बाबा ने अरदास के साथ किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि के आगमन पर स्कूली बच्चों ने स्वागत करते हुए मंच तक लाया। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ मंजीत सिंह ने कहा की शिक्षा के क्षेत्र में श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल बच्चों का भविष्य सवार रही है, जो यह सराहनीय है। उन्होंने कार्यक्रम स्कूली बच्चों द्वारा पेश किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम की जमकर सरहाना करते हुए कहा कि बच्चों द्वारा पेश किये गये कार्यक्रम बेहतर है, लेकिन शिक्षा के क्षेत्र में जिस तरह श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल क्षेत्र के बच्चों को शिक्षित कर रही है वह आने वाले दिनों में स्कूल की अलग पहचान होगी। उन्होंने सभी की उज्जवल भविष्य की कामना की।



**बच्चों ने संस्कृति कार्यक्रम पेश कर मोहा मन**

कार्यक्रम में श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान बच्चों ने झूमर गीत, चंद्रयान अधिनियम, अंग्रेजी प्रहसन, हैप्पी डांस, देश भक्ति नृत्य, दादा दादी द्वारा फैशन शो कार्यक्रम पेश किया। इसके अलावा बच्चों ने कवाली, नागपुरी, भांगड़ा नृत्य कर सब का मन मोह लिया।

**दादा-दादी का महत्व बच्चों ने बताया**

कार्यक्रम के दौरान नन्हे मुन्ने बच्चों ने दादा-दादी का परिवार में क्या महत्व है, इस पर बच्चों ने बताया और लोगों को यह दिखाया कि बच्चे और बूढ़े दोनों एक होते हैं। दोनों को प्यार की जरूरत होती है। कार्यक्रम में भाई-बहन से जुड़े नृत्य भी प्रस्तुत किये गये, जिसमें दोनों से जुड़े प्यार दिखाया गया और बताया गया कि दोनों कितना भी क्यों न लड़े पर दोनों एक है।

**बच्चों ने पर्यावरण बचाने का दिया संदेश**

कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया। बच्चों ने अपने नाटक के माध्यम से दिया कि अगर धरती पर पेड़ हैं तो ही हम सुरक्षित हैं, अगर हम इन्हें काट देंगे तो हमारा जीवन नष्ट हो जायेगा। बच्चों ने हिंदी नाटक के माध्यम से लोगों को बताया कि बच्चों के लिए संस्कार और उनके परिवार कितने महत्व रखते हैं। इस दौरान बच्चों ने डिस्को नृत्य किया व सर्कस से जुड़े नृत्य को लोगों को दिखाकर आकर्षित किया। अर्ध शास्त्रीय नृत्य तथा फोन की लत बच्चों के लिए कितनी घातक हो सकती है उन्होंने अपने अभिनय के माध्यम से बताया।

**ये थे उपस्थित**

कुलजीत सिंह कालरा, परमजीत सिंह चमन, हरदीप सिंह, पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, कुलजीत सिंह छाबड़ा, इंद्रपाल सिंह सैनी, ब्रह्मभसीन, विक्रमजीत सिंह कोहली, सरदार करमजीत सिंह जग्गी, विजय मेवाड़, पिंकी गांधी, नरेंद्र कौर, प्रीती कौर, करमजीत कौर जग्गी, जगजीत सिंह, रिंकू सिंह, मधु श्री, राजेश सिंह, संजीव सिंह, के के नंदन, राजेश लाल, संजय दुबे, यूपी सिंह, एस घोष सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# रास्ते को बंद करने पर जिलाध्यक्ष ने की स्थानीय लोगों से मुलाकात, लिया जायजा

**प्रबंधन दे ध्यान, आमजनों के लिए उक्त रास्ता है आवश्यक : दिलीप दांगी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरकाकाना।** रामगढ़ पतरातू मुख्य मार्ग घुटुवा सीसीएल उच्च विद्यालय से सटे सीसीएल प्रबंधन द्वारा चारदीवारी किये जा रहे कार्य में रास्ते को लेकर उत्पन्न विवाद का जायजा लेने पहुंचे आजसू रामगढ़ जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी। आजसू के केंद्रीय सदस्य रविन्द्र मुंडा की अगुआई में जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी ने घुटूवा पहुंचकर स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उक्त रास्ते से संबंधित जानकारी प्राप्त किया। मौके पर उपस्थित विस्थापित नेता सह आदिवासी छात्र संघ के जिला प्रवक्ता पंचदेव करमाली उर्फ पंचम ने रास्ते को लेकर उत्पन विवाद को साझा किया। मौके पर उपस्थित जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी ने कहा सीसीएल प्रबंधन स्थानीय लोगों को गुमराह कर रही है। सीसीएल प्रबंधन स्थानीय लोगों को झूठा मौखिक आश्वाशन देकर संवेदक पर दवाब बना कर चारदीवारी कार्य को पूर्ण कराना चाहती है। उन्होंने प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा है कि चारदीवारी कार्य में आने वाले उक्त रास्ते को पूर्ववत की तरह यथावत रखा जाय अन्यथा आजसू पार्टी द्वारा प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन करेगी, जिसकी पूरी जिमेवारी सीसीएल प्रबंधन की होगी। बताते चलें कि चारदीवारी कार्य में आने वाले महत्वपूर्ण रास्ते को लेकर पूर्व महाप्रबंधक ने रास्ता देने की बात कही थी लेकिन संवेदक द्वारा रास्ते को बंद किया जा रहा है जिसके कारण संवेदक एवम स्थानीय लोगों में तनातनी का माहौल कायम है। इसी कड़ी में घटना की सूचना मिलने पर आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी ने आमलोगों से मुलाकात कर हरसंभव सहयोग की बात कही है। मौके पर राज कुमार सिंह, राज कुमार महतो, गिरधारी बेदिया, संजय सिंह, गुदन, शशि कुमार, दिलीप मेहता, जगलाल करमाली, भानु सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर में स्नेह मिलन समारोह

**कठिन परिश्रम कर चुनौतियों का सामना करें, घबराये नहीं: प्रधानाचार्य**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर में स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कक्षा दशम के विद्यार्थियों को विदाई दी गयी। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य वरुण कुमार चौधरी, आचार्य दयाशंकर तिवारी, दिनेश महतो और राजीव कुमार दास ने सामूहिक रूप से माता सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलित कर किया।

इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने गीत, नृत्य व कई प्रकार के खेलों का आयोजन कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। मौके पर प्रधानाचार्य कहा कि भले ही आज आप हमसे दूर जा रहे हैं। परंतु पुरातन छात्र के रूप में आप सदैव विद्यालय से जुड़े रहेंगे। जब भी आवश्यकता होगी हम सभी आचार्य आपकी मदद के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। मौके पर वरिष्ठ आचार्य कन्हैया कुमार, महेश्वर महतो, भोलानाथ घोष, कुमकुम झा, रेनू शाह, श्रीकांत द्विवेदी, महेश्वर महतो, नागेश्वर साव, संगीता मिश्रा, गौरीशंकर अग्रवाल, अमित बर्मन, जयदेव पंडित, सुनील कुमार, मनोज कुमार, योगेंद्र प्रसाद सिंह, दयाशंकर तिवारी, प्राण रंजन कुमार, दयाशंकर उपाध्याय, बबीता कुमारी, राजीव कुमार दास, शैलेंद्र सिंह, अंजू कुमारी, अमरलाल महतो, रीता तिवारी, पद्मावती सिंह, विकास कुमार कुशवाहा, दीपक कुमार, निकिता शर्मा, आशीष कुमार, प्रवीण कुमार, बबीता रानी, दुर्गेश कुमार, शालू कुमारी, पल्लवी कुमारी, रमेश विश्वकर्मा, रविंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

### फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का डीसी ने किया शुभारंभ

# 10,68,687 लोगों को खिलायी जायेंगी दवाएं

**जागरूकता वाहन को डीसी ने किया रवाना**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का शनिवार को उपायुक्त चंदन कुमार ने शुभारंभ सदर अस्पताल रामगढ़ में किया। मौके पर उपायुक्त चंदन कुमार ने उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी शीलवन्त कुमार भट्ट, सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद, नजारत उपसमाहर्ता रविन्द्र कुमार गुप्ता, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज सहित अन्य अधिकारियों और चिकित्सकों के साथ फाइलेरिया रोधी दवाइयां खाकर अभियान का शुभारंभ किया। मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद द्वारा उपायुक्त को 10 फरवरी 2024 से 25 फरवरी 2024 तक रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाने हेतु तैयार माइक्रो प्लान की जानकारी दी। इस दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन सहित अन्य सभी अधिकारियों, चिकित्सकों आदि को लोगों को अपने सामने ही फाइलेरिया रोधी दवाइयां खिलाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने अपने बचपन में फाइलेरिया रोग से संबंधित मामले का जिक्र करते हुए सभी को फाइलेरिया रोग से बचाव को लेकर जागरूक किया। साथ ही उन्होंने रोग से जुड़ी विभिन्न भ्रांतियों को दूर करने का भी कार्य किया।

**सैल्फी अभियान में डीसी ने लिया हिस्सा**

फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के पहले दिन उपायुक्त ने सदर अस्पताल रामगढ़ में सेल्फी अभियान में हिस्सा लिया। वहीं लोगों को फाइलेरिया रोग और इससे बचाव के प्रति जागरूक करने हेतु जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारियों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मियों सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पीवीयूएनएल ने बच्चों के बीच बांटी कई सामग्री



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कटिया बस्ती के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कटिया में 360 छात्र-छात्राओं के बीच पीवीयूएनएल सीएसआर मद से बोतल स्कूल बैग और खेलकूद के सामग्री बांटा गया। इस दौरान पीवीयूएन के द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 1 से लेकर 8 तक छात्राएं अपना-अपना आंख चेकअप करवाया गया। और उसे मुफ्त में चश्मा भी दिया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता पीवीयुएनएल से राजेश डुगंडुग संतोष कुमार सिंह, निशांत कुमार, चेतक कुमार, मुखिया किशोर महतो, अनीता जैन, नंदकिशोर महतो, किरण कुमारी, रणधीर कुमार, गोपाल महतो, गणेश कुमार ठाकुर, रविंद्र कुमार, वीणा कुमारी, जयधन महतो, भोला प्रसाद, पार्वती देवी, रूपनी देवी, समा कुमारी, शांति देवी, विनीता कुमारी, अर्जुन महली उपस्थित थे।

## खराब पड़े जलमीनार को बनाने को लेकर जिप सदस्य ने सौंपा पत्र



**कुजू (आजाद सिपाही)।** मांडू प्रखंड जिला परिषद सदस्य दयामन्ति देवी ने डटमामोड़ स्थित खराब पड़े जलमीनार को अतिशीघ्र बनाने को लेकर जल और स्वच्छता विभाग रामगढ़ के कार्यपालक अभियंता को पत्र प्रेषित किया है। पत्र में लिखा है कि गत पांच माह से बड़ा जलमीनार खराब पड़ा है। जिससे कुजू पूर्वी, पश्चिमी और दक्षिणी पंचायत के लोग शुद्ध पेयजल से वंचित हैं। पानी के सप्लाई बंद हो जाने से क्षेत्रवासी काफी दु:खी और आक्रोशित है। उन्होंने विभाग से पानी की समस्या को दूर करने की पहल करने की अपील की है। जिससे ग्रामीणों को जल्द ही शुद्ध पानी मिल सके।

## भाजपा ने गांव चलो अभियान की शुरुआत की



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा अभियानों और योजनाओं के माध्यम से आम जन तक पहुंचने की मुहिम में शनिवार को गांव चलो अभियान की शुरुआत की गयी। इसके तहत भुरकुंडा मंडल में भी इस अभियान की शुरुआत बूथ के प्रवासियों को बूथ सामग्री दे कर किया गया। बूथ सामग्री के वितरण का शुभारंभ गांव चलो अभियान के जिला संयोजक नारायण चंद्र भौमिक और मंडल संयोजक योगेश दांगी के द्वारा किया गया। मौके पर जगतार सिंह, अशोक सोनी, युगल नायक, ज्योति सिंह आदि मौजूद थें।

## जवाहर नगर पंचायत क्षेत्र का निरीक्षण



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जवाहर नगर पंचायत क्षेत्र का शनिवार को स्थानीय मुखिया फूलमती देवी और पिरामल फाउंडेशन के सदस्यों ने निरीक्षण किया। इस दौरान फाउंडेशन के रांची के एसपीएम संतोष मलिक, मुंबई फार्मा के उदय चंद्रकांत जोशी, देवेश देसाई, पीरामल रामगढ़ के सिल्वेस्टर टोपनो, एसपीएल प्रवीण कुमार, पीएल मिथुन भंडारी, गांधी फेलो मो. शाहिद और निशा वर्मा ने कम्युनिटी इमर्सन के दौरान किये गये कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान सभी सदस्य ने पंचायत अंतर्गत आने वाले नवसृजित प्राथमिक विद्यालय हुरुमगढ़ा में लाइब्रेरी, कक्षा, किचन गार्डन, खाना के साथ बच्चों और स्कूल के शिक्षकों से इंटरवेंशन की जानकारी ली। साथ ही स्कूल में हुए सकारात्मक परिवर्तन पर भी चर्चा किया गया। मौके पर स्कूल के प्रधानाध्यापिका जुनी देवी और शिक्षिका उषा देवी ने निशा वर्मा और उनके फाउंडेशन के द्वारा किये गये कार्य का सराहना की। कहा गया की हमारा संकल्प जीरो ड्रॉप आउट पंचायत अभियान के तहत बच्चों को वापस लाना है। इसके बाद जवाहरनगर पंचायत भवन में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें पंचायत प्रतिनिधियों और पीआरआई और ग्रामीणों के बीच कई मुद्दों पर चर्चा किया गया। साथ ही समस्याओं को सूचीबद्ध कर उनका समाधान करने की बात कही गयी। मौके पर पंचायत सेवक प्रियंका कुमारी, मुखिया फूलमती देवी, पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी, स्वयं सेवक सुरेंद्र यादव, उप मुखिया, शिक्षक फेथ लीडर्स एसएचजी समूह की प्रमुख सहित अन्य लोग मौजुद थें।

## जयबीर महतो के बीमार होने की सूचना पर मिलने पहुंचे आजसू नेता



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** कोइरी टोला निवासी जयबीर महतो के बीमार होने की सूचना मिलते ही खुदरा सब्जी विक्रेता संघ वेंडिंग जोन रामगढ़ कैंट के अध्यक्ष नीरज मंडल, कार्यकारी अध्यक्ष संजय बनारसी, सचिव संजय कुशवाहा, नंदू महतो उनके घर पहुंचकर कुशलक्षेम जाना। मौके पर नीरज मंडल ने कहा कि जयबीर महतो कुछ दिन पूर्व पेरालैशिश बीमारी से ग्रशित हो गये थे, जो की खुदरा सब्जी बेच कर अपना जीवन यापन करते हैं। जिसकी सूचना सचिव संजय कुशवाहा ने विधायक सुनिता चौधरी को दिया। विधायक सुनिता चौधरी के निर्देश पर हमलोग इनके आवास में मिलने पहुंचे। साथ ही हाल चाल उनके परिजनों से मिलकर जाना और हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। कहा की जब भी जरूरत हो दिन या रात हमलोग आपके साथ खड़े हैं।

## डॉ एस राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में कार्यशाला

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** डॉ एस राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा रामगढ़ के बहुउद्देशीय सभागार में गाइडेंस काउन्सलिंग और प्लेसमेंट सेल के तत्ववाधान सी टेट, जेटेट और अन्य कम्पटीटिव परीक्षा अन्य से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ संजय कुमार तिवारी, मनोज कुमार सिन्हा, पतंजलि आइएएस अकेडमी अतिथि स्मिता एचआर और मीडिया इंचार्ज, मणिकांत सिन्हा, रितेश कुमार, संजय कुमार प्रभाकर, डॉ शिव कुमार राणा और महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण द्वारा डॉ एस राधाकृष्णन के फोटो चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए, दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

# देश के पांच भारत रत्न

केंद्र की भाजपा सरकार ने शुक्रवार को एक चौंकाने वाला फैसला करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और पीवी नरसिंह राव के साथ ही कृषि वैज्ञानिक डॉ एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न देने की घोषणा की। निश्चित रूप से इन तीनों का देश की सामाजिक-आर्थिक प्रगति में अहम योगदान रहा है, जिस पर कोई सवाल नहीं खड़ा कर सकता। देश के इतिहास में पहली बार किसी सरकार ने एक महीने के अंदर पांच भारत रत्न देने की घोषणा की है। पिछले महीने ही कपूर्री ठाकुर को और फिर भाजपा के सबसे कद्दावर जीवित नेता लालकृष्ण आडवाणी को यह सम्मान देने का एलान हुआ था। दिलचस्प बात यह है कि इन पांच भारत रत्नों में से डॉ स्वामीनाथन को छोड़ दिया जाये तो बाकी नाम राजनीति से जुड़े हैं। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देना किसान राजनीति की अहमियत स्थापित करने और कृषि में सुधार के मुद्दे को अजेंडा पर लाने में उनके महत्वपूर्ण योगदान को सम्मानित करना है। यह अलग बात है कि घोषणा ऐसे समय हुई, जब उनके पोते आरएलडी नेता जयंत चौधरी के विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए में बने रहने या एनडीए में आने को लेकर असमंजस बना हुआ था। इस घोषणा के बाद जयंत चौधरी ने कहा कि सरकार ने दिल जीत लिया। उन्होंने इसके लिए पीएम नरेंद्र मोदी की तारीफ भी की। साथ ही, एनडीए से जुड़ने के संकेत भी दिये। पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव को इस बात का श्रेय जाता है कि उन्होंने अपने कार्यकाल में देश को मुक्त अर्थव्यवस्था की राह पर आगे बढ़ाने का साहसिक फैसला किया था। इस फैसले के सकारात्मक नतीजे हम उसके बाद के दशकों में जीवन के हर क्षेत्र में आये बदलावों और वैश्विक फलक पर देश की बढ़ती साख के रूप में देखते रहे हैं। फैसले का अच्छा पहलू यह है कि इसमें दलगत भेदभाव से ऊपर उठने का भाव दिखता है। इस साल भारत रत्न पाने वाली तमाम शख्सियतों में डॉ एमएस स्वामीनाथन का ही नाम ऐसा है, जिसे हर तरह के विवाद से परे माना जा सकता है। देश अगर खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर हो सका और फूड सिक्यॉरिटी सुनिश्चित कर सका तो उसके पीछे हरित क्रांति के जनक के तौर पर ही नहीं उसके बाद भी कृषि के आधुनिकीकरण को बढ़ावा देने के उनके अथक प्रयासों की निर्णायक भूमिका रही है। इन शख्सियतों के योगदान को स्वीकार करते हुए भी कहना होगा कि भारत रत्न जैसा बड़ा सम्मान देने के तरीके ने कुछ सवाल खड़े किये हैं, जो इस सर्वोच्च सम्मान की चमक को बढ़ाते नहीं हैं। बेहतर होगा भविष्य में ऐसे सम्मानों की घोषणा करते समय इस बात को लेकर और ज्यादा सावधानी बरती जाए कि किसी अनचाहे विवाद के लिए कोई गुंजाइश न छूटे।

**देश के इतिहास में पहली बार किसी सरकार ने एक महीने के अंदर पांच भारत रत्न देने की घोषणा की है। पिछले महीने ही कपूर्री ठाकुर को और फिर भाजपा के सबसे कद्दावर जीवित नेता लालकृष्ण आडवाणी को यह सम्मान देने का एलान हुआ था।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत समेत पूरी दुनिया में अपने-अपने धर्म से जुड़े धार्मिक अनुष्ठानों और रीति-रिवाजों को मानने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इसका एक कारण दैवीय शक्तियों से जोड़कर अशांत मन को शांत रखने का प्रयास है। लेकिन इससे भी बढ़कर, सांसारिक दुखों, परेशानियों और आर्थिक कठिनाइयों से छुटकारा पाने के लिए खुद को धार्मिक रंग में रंगना (भले ही थोड़ा ही सही) मनुष्य की प्रथा है। जिस तेजी से समाज में भुखमरी, गरीबी, बेरोजगारी, कुपोषण, बीमारियां आदि बढ़ रही हैं, उसी तेजी से धर्म के प्रति समर्पण का ग्राफ भी लगातार ऊपर जा रहा है।**

# धर्म, एक विचारधारा और एक नेता के इर्द-गिर्द घूमती राजनीति

**मंगत राम पासला**




प्राण -प्रतिष्ठा का धार्मिक आयोजन सम्पन्न हो चुका है। राम जी के अनुयायी पूरी दुनिया में हैं। चैनलों के माध्यम से सबने इसका सीधा प्रसारण देखा और जश्न मनाया। भारत समेत पूरी दुनिया में अपने-अपने धर्म से जुड़े धार्मिक अनुष्ठानों और रीति-रिवाजों को मानने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इसका एक कारण दैवीय शक्तियों से जोड़कर अशांत मन को शांत रखने का प्रयास है। लेकिन इससे भी बढ़कर, सांसारिक दुखों, परेशानियों और आर्थिक कठिनाइयों से छुटकारा पाने के लिए खुद को धार्मिक रंग में रंगना (भले ही थोड़ा ही सही) मनुष्य की प्रथा है। जिस तेजी से समाज में भुखमरी, गरीबी, बेरोजगारी, कुपोषण, बीमारियां आदि बढ़ रही हैं, उसी तेजी से धर्म के प्रति समर्पण का ग्राफ भी लगातार ऊपर जा रहा है।

भारतीय समाज के बहुसंख्यक लोगों की यही इच्छा थी, या यूं कहें कि कुछ राजनीतिक दलों और उनके समर्थक धार्मिक संगठनों ने प्रचार-प्रसार के माध्यम से लोगों के मन में ऐसी प्रबल इच्छा पैदा कर दी कि वे भारत में राम मंदिर का निर्माण कराएंगे। वे अयोध्या और श्री राम जी की मूर्ति स्थापना देखने के लिए उत्सुक थे। कुछ महीनों तक सभी प्रचार माध्यमों से श्री राम जी से जुड़ी कहानियों/किंवदंतियों का जोरदार प्रचार किया गया। ऐसा लग रहा था मानो देश में दुनिया के मुकाबले कोई दूसरा मुद्दा या घटना ही नहीं है, जिसकी रिपोर्टिंग मीडिया के लिए जरूरी हो।

**आज, समाज भौतिक स्थितियों और स्वास्थ्य, शिक्षा में सुधार के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान के माध्यम से विकसित हुआ है।**

हालांकि कुछ स्थानों पर सांप्रदायिक तनाव की छिटपुट घटनाओं का घटित होना चिंता का विषय है, लेकिन कुल मिला कर यह संतोष की बात कही जा सकती है कि यह धार्मिक आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कबीर नगर और आगरा जिलों में, 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह से लौटते समय कुछ भगवाधारी मस्जिदों पर चढ़ गये, भगवा झंडे फहराये और बहुत ही निंदनीय भड़काऊ नारे लगाये। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। वैसे पुलिस ने कुछ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा है।

मंदिर निर्माण से पहले आरएसएस और जिस तरह से मोदी सरकार ने प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम की रूप-रेखा तैयार की, उससे साफ है कि इसमें धार्मिक भक्ति से ज्यादा राजनीतिक मकसद की चाहत है। संघ नेताओं, धार्मिक हस्तियों और प्रधानमंत्री सहित पूरी सरकार और भाजपा नेताओं द्वारा दिए गए भाषणों का उद्देश्य स्पष्ट रूप से देश के धर्मनिरपेक्ष और लोकलुभावन संवैधानिक मानदंडों का उल्लंघन करके धर्म-आधारित राज्य की स्थापना करना था। जब कोई पार्टी एक धर्म, एक विचारधारा और एक नेता के इर्द-गिर्द एक आख्यान बनाने की कोशिश करती है, तो उसे समाज में मौजूद अन्य धर्मों, विचारों और परंपराओं के विरोध में एक माहौल बनाना होगा। यह आवश्यक है। लगभग 7000 वर्ष पूर्व जिस राम राज मॉडल को लागू करने का लक्ष्य रखा गया था, वह न केवल वर्तमान परिस्थितियों से बहुत भिन्न था, बल्कि हर दृष्टि से कम विकसित संरचना थी। कृषि उत्पादन बहुत निम्न स्तर पर था। तब सामाजिक विकास बहुत निचले स्तर पर पहुंच गया था। हिंदू धर्म के अलावा कोई अन्य धर्म नहीं था। धर्म के नाम पर झगड़े नहीं होते थे। इसलिए किसी अन्य धर्म के विरोध में नहीं, बल्कि एक ही धर्म को मानने वाले समाज में बुराई और पुण्य, सत्य और असत्य, पाप और पुण्य की दो विपरीत अवधारणाएं होती हैं। विवाद और युद्ध अवश्य देखने को मिले। राज्य के विस्तार और आत्मरक्षा के लिए राजाओं द्वारा किये गये हर प्रयास को कुदरत का फरमान और धर्म माना जाता था। आज के समाज से अलग, आम आदमी संपत्ति के निजी स्वामित्व से बहुत दूर है, जिसके साथ संघर्ष किया जा रहा है। प्राकृतिक आपदाएं उसके अस्तित्व के लिए ही आगे बढ़ रही थीं, जंगलों और झोंपड़ियों में रहने वाले लोगों को अपनी संपत्ति की रक्षा के लिए जानवरों को मारने की जरूरत नहीं थी, न ही उन्हें प्राकृतिक जीवन जीते हुए आधुनिक बीमारियों से जूझना पड़ता था।

शिक्षा धार्मिक विद्यालयों (गुरुकुल) में प्रदान की जाती थी। मनुष्य को अभी तक न तो आधुनिक वैज्ञानिक आविष्कारों का ज्ञान था और न ही उनसे होने वाले लाभ-हानि से कोई सरोकार था। समाज का एक बड़ा हिस्सा प्रकृति की गोद में रह रहा था, जहां आर्थिक क्षेत्र में असमानता के वर्तमान स्तर की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। सत्ता में रहने वाली पार्टी ने स्वेच्छा से मानवतावादी व्यवस्था का निर्णय लिया था, जिसमें जाति विभाजन एक महत्वपूर्ण हिस्सा था, और समाज के प्रबंधन के लिए कई अन्य अनुष्ठान थे। हालांकि राम मंदिर का निर्माण अधूरा है, लेकिन प्राण-प्रतिष्ठा के आयोजकों और प्रधानमंत्री ने मंदिर में राम जी की मूर्ति की स्थापना के साथ राम राज की शुरुआत की घोषणा की है। इस कार्यक्रम में जिन विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया था, उनमें धार्मिक व्यक्तित्व के लोग भी शामिल थे, जिन्होंने सांसारिक जीवन को त्याग कर धार्मिक आचरण में जीने का मार्ग चुना है।

उनके लिए धार्मिक आस्था का प्रसार ही राम राज है। दूसरा वर्ग, जो विशेष रूप से उपस्थित हो रहा था, वे अमीर लोग, कॉर्पोरेट घरानों (अंबानी-अडानी) के अरबपति मालिक, फिल्म अभिनेता, पेशेवर खिलाड़ी, राजनेता थे जो सत्ता और अयोध्या शहर के विकास के इर्द-गिर्द घूमते थे। उद्यमियों का एक समूह जो बड़े-बड़े व्यवसाय खोलकर पूंजी जमा करना चाहते हैं, उनके लिए राम राज फायदे का सौदा हो सकता है। ऐसे लोगों के लिए पैसों की कमी नहीं होती, बल्कि समस्या होती है खर्च की। शायद 7000 साल पहले राम राज में बड़े से बड़े अमीर लोग भी अपने समकक्षों के करीब नहीं थे। इस पहली भीड़ में मजदूर और किसान नदारद थे। बाद में, वर्तमान परिस्थितियों में अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए राम राज की इच्छा रखने वाले करोड़ों लोगों ने मंदिर के अंदर राम जी की मूर्ति की सजावट देखी है, लेकिन वे राम राज में रहना चाहते हैं। सपने का साकार होना अभी भी बाकी है, काफी दूर।

आज, समाज भौतिक स्थितियों और स्वास्थ्य, शिक्षा में सुधार के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान के माध्यम से विकसित हुआ है। कला, संचार, परिवहन के साधन आदि क्षेत्रों में आश्चर्यजनक प्रगति हुई है, लेकिन इस आश्चर्यजनक विकास के असली पात्र यानी मेहनतकश लोग उन सभी सुख-सुविधाओं से वंचित हैं, जिसे उन्होंने खुद ही बनाया है। बेरोजगार लोग दयनीय स्थिति में दिन गुजारते हैं उनके भोजन, इलाज, आवास, शिक्षा, बुढ़ापे में सामाजिक सुरक्षा आदि की क्या व्यवस्था है। क्या यह मानवीय सोच से परे है? भले ही प्रधानमंत्री ने लोगों को धोखा देने के लिए अनोखे अंदाज में राम का इस्तेमाल किया हो राज का जिक्र तो हो चुका है, लेकिन जिस तरह कार्पोरेट घराने 140 करोड़ लोगों को देशी-विदेशी लुटेरों की तरह अंधाधुंध लूट कर अपना खजाना भर रहे हैं, उससे देश के प्राकृतिक खजाने और सार्वजनिक संपत्ति यानी कुल मानव और प्राकृतिक संसाधनों की बर्बादी हो रही है। एक ऐसी घटना जो आदरणीय शब्द राम राज को धोखा देती है। कुछ लोग इस निराशा में हैं कि देर-सवेर भाजपा इस ओर रुख अपनाएगी और जनपक्षीय आर्थिक विकास का रास्ता चुनेगी। यह आशा और कुछ नहीं बल्कि तृष्णा है।

संघ-भाजपा और मोदी जी लोगों का ध्यान उनकी वास्तविक जरूरतों और कठिनाइयों से हटाने के लिए अयोध्या जैसे धार्मिक आयोजन को राजनीतिक रंग दे रहे हैं, ताकि लोकसभा चुनाव में 7000 साल पुराने राम का जश्न मनाया जा सके। राज का जिक्र करके लूट और हर तरह की जबरदस्ती के शिकार लोगों के वोट हासिल किये जा सकते हैं। किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि संघ-भाजपा, चुनावी जीत हासिल करने के लिए, किसी अन्य विवादित धार्मिक स्थल के मुद्दे का इस्तेमाल अयोध्या जैसी कहानी बनाने के लिए करेंगे, या किसी ऐसी घटना का फायदा उठाएंगे जो बहुसंख्यकों के मन में हलचल पैदा कर देगी। क्या धार्मिक अल्पसंख्यकों और प्रगतिशील विचारकों के खिलाफ बड़े संदेह उठते हैं? प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर श्री रामजी से अधिक प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा की गयी है, ताकि लोगों के मन में एक विशेष व्यक्ति की छाप पैदा कर वोट हासिल किया जा सके। वर्तमान परिस्थितियों में राम राज का ऐसा मॉडल बनाना चाहिए, जिसमें मनुष्य द्वारा मनुष्य की लूट को समाप्त किया जाये और सभी को जीने योग्य जीवन जीने का अधिकार हो। उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं, रहने योग्य वेतन के साथ स्थायी रोजगार, आवास आदि की प्राप्ति के साथ-साथ जाति-मुक्त समाज, महिलाओं की मुक्ति और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने वाला वातावरण, खर्च किए गए अनुष्ठानों और रीति-रिवाजों से मुक्त समाज का निर्माण हो, आधुनिक राम राज का नाम दिया जा सकता है। आइए हम सब मिलकर ऐसे राज की स्थापना के लिए प्रयास करें।

## जमशेदपुर की खबरें

### दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस यूनियन ने सिनी स्टेशन प्रबंधक को सौंपी जन औषधि केंद्र की चाबी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिनी।** दक्षिण पुर्व रेलवे मेन्स यूनियन के प्रयास से सिनी ऐकता काली मंदिर के पास जन औषधि केंद्र बन कर तैयार है। शनिवार को दक्षिण पुर्व रेलवे मेन्स यूनियन सिनी शाखा के अध्यक्ष सानकु सरदार ने सिनी स्टेसन प्रबंधक पवन कुमार सिंह को जन औषधि केंद्र का चाभी सौंपे। मौके पर यूनियन अध्यक्ष सानकु सरदार ने कहा जन औषधि केन्द्र से सरायकेला और सिनी के आस पास क्षेत्र के जरूरतमंद ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम मे सिनी मेन्स युनीयन के शाखा शचिव विश्वजीत बडाईक, उप सचिव रविशंकर गुप्ता, अंकित रंजन, शैयद अकबर, देवाशिष दाश, अरघा विशवास,अमित सिंह, अभय,अरूण, राहुल रंजन, गुरूचरण प्रधान, अभिषेक श्रीवास्तव, तपन मन्ना, युधिष्ठिर प्रधान सहित मेन्स यूनियन के सभी कॉमरेड उपस्थित रहे।

### आंबेडकर पार्टी ऑफ इंडिया की देश भर में बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** आंबेडकर पार्टी ऑफ इंडिया के द्वारा डीसी कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। शनिवार को पार्टी के नेता और कार्यकताओं ने देश के चुनाव आयोग से इविएम मशीन के बजाये बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग उठाई। मौके पर नेता और कार्यकर्ताओं ने देश मे एबीएम हटाने की मांग पर जमकर नारेबाजी की। मौके पर एपीआई के जमशेदपुर लोकसभा प्रभारी विजय मुखी ने बताया कि इविएम मशीन से चुनावों मे लोकतंत्र का हनन हो रहा है। इसपर रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा इसको लेकर एपीआई पार्टी देश भर मे आंदोलन कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर इसपर रोक नहीं लगी तो आगे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# एसडीपीओ ने ब्राउन शुगर के खिलाफ चलाया अभियान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के एसडीपीओ दिलीप खलको ने ब्राउन शुगर के खिलाफ कारवाई शुरू कर दी। शनिवार को एसडीपीओ ने आरआईटी थाना प्रभारी और पुलिस पदाधिकारी के साथ आदित्यपुर मुस्लिम बस्ती में पैदल मार्च किया। एसडीपीओ दिलीप खलको ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर ब्राउन शुगर के काले साम्राज्य को जड़ से मिटाने के लिए कारवाई की जारही है। पैदल मार्च के जरिए वैसे कार्यबारियों को संदेश दिया जा रहा जो युवा पीढ़ी को बर्बाद करने में जुटे हैं। वहीं एसडीपीओ ने साफ कर दिया यदि ब्राउन शुगर के कारोबारी इलाके को नहीं छोड़ते हैं या कारोबार को बंद नहीं करते तो अब उनकी संपत्तियों को जप्त किया जाएगा। ब्राउन शुगर का कारोबार करते पकड़े जाने पर कारोबारी के खिलाफ किसी की पैरवी भी नहीं सुनी जायेगी।

## एसपी ने की मासिक अपराध नियंत्रण गोष्ठी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**साहिबगंज।** पुलिस लाइन के पुलिस अधीक्षक कार्यालय कक्ष में शनिवार को मासिक अपराध नियत्रंण गोष्ठी हुई। इसकी अध्यक्षता पुलिस कप्तान कुमार गौरव ने की। अपराध गोष्ठी में एसपी ने थाना प्रभारियों को संबोधित करते हुए अपराध नियंत्रण सम्बंधी टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस को पूरी तरह सतर्क रहने की जरूरत है। किसी भी हाल में कोताही नहीं बरतें। एसपी ने आगामी चुनाव को देखते हुए पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को अपराधियों की लिस्ट बना कर उन्हें गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। साथ ही नशा उत्पादों पर रोक लगाने, बाइक की चोरी व घरों में चोरी पर रोक लगाने का विशेष निर्देश दिया। कहा कि रात्रि गश्ती पर विशेष फोकस करें। गश्ती के दौरान संदिग्ध लोगों की जांच करें। चौक, चैराहों व सन्नाटों में बेवजह खड़े लोगों से पूछताछ करें। हर गली मोहल्लों में पेट्रोलिंग करें। चोरी की घटना में संलिप्त पूर्व में रहे लोगों का डाटा तैयार कर उस पर नजर बनाए रखें। उन्होंने थाना में लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। एसपी ने लाल वारंटियों को गिरफ्तार करने, सुचारू रूप से वाहन जांच अभियान चलाने, अवैध लॉटरी, जुआ के अड्डे व गांजे जैसे अवैध कारोबार पर नकल कसने का निर्देश दिया। कहा कि उनके कार्यकाल में किसी भी हाल में अवैध कारोबार बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने जेल से छूटने वाले लोगों को चिन्हित कर उन पर पैनी नजर बनाए रखने का निर्देश दिया। साथ ही लोगों से बेहतर तालमेल बनाने, थानों में उनकी समस्या सुनने, सूचना तंत्र को मजबूत बनाने का निर्देश दिया। मौके पर डीएसपी सहित कई इंस्पेक्टर और थाना प्रभारी मौजूद थे।

### कांड्रा में फैलाये जा रहे प्रदूषण के खिलाफ जांच शुरू



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कांड्रा।** सरायकेला खरसावां जिले के कांड्रा स्थित कंपनियों द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण के खिलाफ शिकायत मिलने के बाद एसडीओ पारुल सिंह ने पहल शुरू कर दी। शनिवार को एसडीओ ने नीलांचल, अमलगम आधुनिक स्टील के खिलाफ जांच शुरू कर दी। इससे पूर्व एसडीओ ने कंपनियों के प्रतिनिधियों को रिपोर्ट के साथ तलब किया था, लेकिन कंपनी के अधिकारी पर्याप्त रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराए, जिसके बाद एसडीओ ने भौतिक सत्यापन की बात कही थी। बताया जा रहा है कि तीनों कंपनियों के प्रदूषण से कांड्रा और आसपास के लोगों का जीवन जीना दूभर हो गया है। किसानों के खेत बंजर होते जा रही हैं। प्रदूषण से लोग बीमार हो रहे हैं। ग्रामीणों ने इसको लेकर कई बार आवाज उठाई। लेकिन कंपनियों के रसूख के आगे ग्रामीणों की नही चली। वैसे प्रदूषण विभाग की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं।

### कोलाबिरा रामाकृष्णा फोर्जिंग प्लांट पांच में मजदूर की मौत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** कोलाबिरा स्थित रामाकृष्णा फोर्जिंग प्लांट पांच में काम के दौरान एक स्थायी मजदूर की मौत होने का मामला प्रकास में आया है। बताया जा रहा है कि मृतक सुरेश महतो सिनी के रहने वाले है। शुक्रवार देर रात बीएमसी मशीन की सफाई के दौरान घटना घटी। पुलिस के अनुसार घटना के बाद घायल होने का सूचना मिली थी। घायल को टीएमएच लेजाने के दौरान मौत हो गयी। फिलहाल पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कारवाई में जुट गई है। उधर घटना के बाद से ही कामगारों में आक्रोश व्याप्त है। वैसे घटना कैसे घटी इस मामले में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली।

# साजिश कर पूर्व सीएम को भेजा गया जेल : मिथिलेश






विजय प्रताप देव/ बलराम शर्मा

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** अबुआ आवास योजना के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र के वितरण समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि साजिश कर पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को जेल भेजा गया। पूर्व सीएम का सपना था कि सभी गरीबों का अपना पक्का मकान उपलब्ध कराया जाये। उनके सोच को आगे बढ़ाते हुए चंपाई सरकार लोगों को अबुआ आवास उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों ने झारखंड को सोने का चिड़िया समझकर लूटने का काम किया है। वर्ष 2019 में हेमंत सरकार के गठन के बाद राज्य में अनेकों काम हुए। राज्य में जब अंतिम पंक्ति तक विकास कार्य होने लगा तो, सरकार के ऊपर केंद्रीय एजेंसी लगा दिया गया। कभी राजभवन के लिफाफे का भय, सीबीआई, ईडी का सहारा लेकर सरकार को अस्थिर करने का भरपूर प्रयास किया गया। लेकिन पूर्व सीएम ने समझौता करने के बजाए जेल जाना मंजूर किया। विपक्ष के लोग पिछले दरवाजा से सरकार बनाने का सपना देख रहे थे। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने झारखंड के हितों को अनदेखा नहीं किया।



## राज्य के विकास के लिए कटिबद्ध है सरकार: भोक्ता

गढ़वा। शनिवार को गढ़वा के डुमरो में आयोजित अबुआ आवास योजना के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र के वितरण समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि सरकार राज्य के विकास के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि चंपाई सोरेन के नेतृत्व में चल रही सरकार में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के सपना साकार हो रहा है। पिछले चार साल के दौरान हेमंत सरकार में गांव स्तर पर तेज गति से विकास हुआ है। सर्वजन पेंशन योजना की शुरूआत कर पेंशन की समस्या को ही समाप्त कर दिया गया। विकास के दम पर ही शहर से लेकर गांव तक महागठबंधन की सरकार की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।

## हेमंत के सपनों को चंपाई बढ़ा रहे हैं आगे: रामचंद्र

गढ़वा। अबुआ आवास योजना के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र के वितरण समारोह को संबोधित करते हुए मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के सपनों को चंपाई सोरेन आगे बढ़ा रहे है। पिछले माह 31 जनवरी को जो राजनीतिक घटनाक्रम हुई। वह लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के गठन के बाद से ही राज्य के विकास के लिए कई अहम कार्य हुए है। राज्य के विकास के लिए हेमंत सरकार बेहतर काम की है। लेकिन अच्छा काम होने पर बाधा पहुंचाने वाले लोगों की मौजूदगी भी रहती है। लेकिन महागठबंधन के लोग ऐसे लोगों से डरने वाले नही है।

## पिछले दरवाजे से सरकार बनानेवालों का सपना हुआ चकनाचूर: वैद्यनाथ

गढ़वा। अबुआ आवास योजना के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र के वितरण समारोह को संबोधित करते हुए लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम ने कहा कि एक साजिक के तहत लोकप्रिय सरकार के मुख्यमंत्री को जेल भेजा गया। इसके बावजूद महागठबंधन के लोग पूरी दृढ़ता के साथ एकजुट रहे। उन्होंने कहा कि पिछले दरवाजा से सरकार बनाने का सपना देखने वाले लोगों का सपना चकनाचूर हो गया। चंपाई सोरेन के नेतृत्व में चल रही सरकार हेमंत के संकल्पों को जमीन पर उतारने का काम करेगी।

## आज से पिछड़ा वर्ग के आंदोलन की गूंज दिल्ली तक सुनायी देगी : ओबीसी मोर्चा



गढ़वा (आजाद सिपाही)। पिछड़ा वर्ग एकता और अधिकार मंच के बैनर तले प्रेस वार्ता आयोजित गयी। प्रेस वार्ता में सेवानिवृत्ति पुलिस उपाधीक्षक श्रवण कुमार, वीरेंद्र शाह, रविंद्र नाथ ठाकुर और इस्तेयाक रजा ने संयुक्त रूप से कहा कि पिछड़ा वर्ग के एकता और अधिकार महासम्मेलन की तैयारी पूरी कर ली गयी है। आज गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र से 20000 पिछड़ा वर्ग के साथी कार्यक्रम में शामिल होंगे और यह कार्यक्रम मिल का पत्थर साबित होगा। वक्ताओं ने कहा कि पलामू प्रमंडल से उठी यह पिछड़ा समाज के आवाज की गूंज दिल्ली में सुनायी देगा। वक्ताओं ने कहा कि आज के सफल कार्यक्रम से पिछड़ा समाज अपना नया इतिहास लिखेगा। इस कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए गढ़वा कर्बला के मैदान से काफिला निकलेगा, जिसमें रंका, डंडा, मेराल, रामकंडा, हासनदग, अटौला, तेनार से एक हजार छोटी बड़ी गाड़ियों से लोग मेदिनीनगर कार्यक्रम स्थल पर जायेंगे। प्रेस वार्ता में मधेशिया वैश्य समाज के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामदास शाह, अब्दुल मन्नान, राजकुमार साव आदी लोग उपस्थित थे।

## आरके प्लस टू उच्च विद्यालय और परियोजना कन्या उच्च विद्यालय में 12वीं की वार्षिक परीक्षा का आयोजन



रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय के राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय और परियोजना कन्या उच्च विद्यालय में शनिवार को झारखंड अधिविद्य परिषद रांची के द्वारा आयोजित 12वीं की परीक्षा का आयोजन किया गया। आरके प्लस टू उच्च विद्यालय के परीक्षा केंद्र में केन्द्राधिक्षक के रूप में प्रधानाचार्य शहनवाज अख्तर और परियोजना कन्या उच्च विद्यालय के परीक्षा केंद्र में प्रधानाध्यापक सुधीर रजक के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## मुन्ना चंद्रवंशी ने क्रिकेट टूर्नामेंट का किया उद्घाटन



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत गरदाहा हाई स्कूल के खेल मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने फीता काट कर किया। टूर्नामेंट का आयोजन युवा संघर्ष सेवा के द्वारा महाराज रामचंद्र पुरी की स्मृति में किया गया। युवा संघर्ष सेवा के अध्यक्ष अनूप उपाध्याय के द्वारा यह दूसरा सीजन क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। यह फाइनल मुकाबला गोसांग तथा हेमजा के बीच खेला जा रहा है। वहीं खेल के शुरूआत में भाजपा प्रदेश कर समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने दोनों खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मौके पर युवा संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष अनूप उपाध्याय, मझिआंव नगर मंडल अध्यक्ष पवन गुप्ता, ललित बैठा, शिव साहू, शंभू चौधरी, बबलू उपाध्याय सहित सैकड़ों खेल प्रेमी मौजूद थे।

# भाजपा ने गांव चलो अभियान के तहत दीवार लेखन किया

विधायक भानु प्रताप शाही के द्वारा करायें जा रहे 51 असहाय बहनों के लिए भिक्षाटन किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** भारतीय जनता पार्टी डंडई मंडल अध्यक्ष श्रवन चंद्रवंशी के अध्यक्षता में शनिवार को मंडल के विभिन्न शक्ति केंद्रों पर गांव चलो अभियान के तहत दीवार लेखन का कार्य किया गया। इस दौरान डंडई शक्ति केंद्र प्रभारी राजेंद्र प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में बूथ नंबर 480, 481, 482, 483, 484, 485, 486 में दीवार लेखन किया गया। इस दौरान पीएम आवास, उज्ज्वला योजना, पीएम किसान के लाभुकों से वातार्लाप किया गया। साथ ही केंद्र सरकार के कई जनकल्याणकारी योजनाओं को को विस्तार पूर्वक बताया गया। वहीं विधायक भानु प्रताप शाही के द्वारा करायें जा रहे 51 असहाय बहनों के लिए भिक्षाटन किया गया। अभियान में जिला परिषद सदस्य मोहन पासवान, विधायक प्रतिनिधि दिनेश राम, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि अलख निरंजन प्रसाद,दिलबर कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# मजदूर लोकी चौधरी के निधन पर परिजनों को व्यवसायियों ने की मदद

आजाद सिपाही संवाददाता



**रमना।** रमना प्रखंड मुख्यालय बाबूडीह टोला निवासी लोकी चौधरी की निधन के बाद स्थानीय समाजसेवी मुन्ना प्रसाद के नेतृत्व में खाद्य सामग्री उपलब्ध कराया गया। मालूम हो की लोकी अपने बाजार क्षेत्र रमना में कई वर्षो तक पलेदारी कर अपने परिवार के गुजर बसर कर रहा था। जिसके बाद बहुत दिनों से अचानक तबियत खराब होने से उनकी निधन हो गया। खाद्य सामग्री लेकर पहुंचे समाजसेवी मुन्ना प्रसाद ने कहा कि लगभग लोकी चौधरी 40 वर्षो से अधिक समय तक बाजार में ईमानदारी से पलेदारी कर अपना घर का गुजारा किया। सरल स्वभाव को देखते हुये सामग्री उपलब्ध करायी गयी है। इस कार्य में बबलू गुप्ता, अरविंद कुमार, संजय, सचिन, राहुल, डॉ पारसनाथ, जितेंद्र, धनंजय प्रसाद गुप्ता, पंकज प्रसाद, विश्वजीत, दिनेश गुप्ता आदि ने सराहनीय भूमिका निभायी।

# स्वास्थ्य सहिया और सुपरवाइजर की मिलीभगत से 46 फर्जी टीवी मरीज बना कर 1.38 लाख रुपये की निकासी की

पीड़ीत परिवार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उषा देवी तथा टीवी मरीज सुपरवाइजर संजय रजक के विरुद्ध आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की

सहिया उषा देवी, समन्वयक संजय रजक ने इस मामले में अनभिज्ञता जाहिर किया, जबकि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रंजन कुमार दास ने कहा आवेदन मिला है, मामला गंभीर है

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** भवनाथपुर प्रखंड के मकरी पंचायत में स्वास्थ्य सहिया उषा देवी तथा टीवी मरीज सुपरवाइजर संजय रजक की मिलिभगत से 46 फर्जी टीवी मरीज बनाकर 1.38 लाख रुपये निकासी का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ीत परिवार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उक्त दोनों के विरुद्ध आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है। मकरी पंचायत के संगीता देवी,रिमा देवी, प्रभा देवी, सुनील सिंह, सुरेंद्र सिंह, लालमुनि देवी, महेंद्र सिंह,सुधा देवी, कमला देवी,पुनम देवी सहित 46 महिला पुरुष ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है। दिये आवेदन में कहा गया है कि स्वास्थ्य सहिया उषा देवी तथा उनके पति ललू सिंह और एसटीएस संजय रजक ने मिलिभगत कर 3-3 हजार रुपये कि निकासी करवाया और कहा कि यह पैसा हमारा मनरेगा योजना तथा कोरोना काल का है। उक्त सभी लोगों से आधार कार्ड से अंगुठा लगवा कर तीन तीन हजार रुपये निकासी कर पैसा ले लिया गया। इसके बदले सभी को 200-200 रूपये दिये गये।

कोरोना काल 2020-21 में सहिया और टीवी मरीज समन्वयक संजय रजक के द्वारा मकरी पंचायत से 46 फर्जी टीवी मरीज बनाया गया। टीवी मरीज को प्रत्येक माह पांच सौ रुपये छः महीने तक पौष्टिक भोजन करने के लिए सरकार पैसा देती है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर के अंतर्गत खरौंधी तथा केतार प्रखंड भी आता है, इस केंद्र के अंतर्गत टीवी के 132 मामले थे। जिसमें 52 मरीज ठीक हो गया। मात्र 80 मामले एक्टीव बचे हुए हैं। इसकी पुष्टि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रंजन दास ने किया। आंकडे को गौर से देखने पर मकरी पंचायत से 46 मरीज टीवी के दिखाये गये। सहिया उषा देवी, समन्वयक संजय रजक ने इस मामले में अनभिज्ञता जाहिर किया। जबकि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रंजन कुमार दास ने कहा आवेदन प्राप्त हुए हैं। मामला गंभीर है और कोरोना काल का है। यह मामला जिला देखता है, फिर भी जांच कमिटी बनाकर जांचोपरांत दोषी पाये जाने पर कार्रवाई किया जायेगा।

# अबकी बार 400 पार, एक बार फिर मोदी सरकार : अलखनाथ पांडेय

भाजपा नेताओं ने गांव चलो अभियान के तहत 24 घंटे का प्रवास सुखबाना गांव में किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के गढ़वा प्रखंड के सुखबाना गांव में गढ़वा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अखिलेश तिवारी की अध्यक्षता में गांव चलो अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में गढ़वा रंका विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह वरिष्ठ भाजपा नेता एवम ग्रामीण मंडल गढ़वा प्रभारी के रूप में अलखनाथ पांडेय ने 24 घंटा प्रवास के दौरान सुखबाना गांव में उपस्थित सुखबाना गांव के निवासी नवरत्न वैद्य, नवादा पंचायत के बीडीसी जितेंद्र कुमार मेहता, चंदन मेहता तथा छठ महतो की उपस्थिति में सुखबाना गांव के वार्ड पार्षद साधना देवी, श्याम बिहारी मेहता, रोहित यादव, धर्मेंद्र सिंह, लिटिल चंद्रवंशी, प्रिंस, आदित्य, सुमित, अंकुर मौर्य सहित नवनियुक्त मतदाता गण को भाजपा भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय ने अंग वस्त्र और फूलमाला देकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल करवाया। साथ ही प्रवास के दौरान अलखनाथ पांडेय सहित साथ में उपस्थित सभी नेता गण ने सुखबाना गांव के वरिष्ठ समाजसेवी रहे स्वर्गीय विमल सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

उसके बाद सुखबाना गांव निवासी जनसंघ के नेता रहे राम जी महतो, फलाहारी बाबा, स्वर्गीय विमल सिंह की माताजी, सहित अन्य वरिष्ठ लोगों को फूल माला और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। उसके बाद सुखबाना गांव के बूथ नंबर 182 और 183 में गढ़वा भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, अलखनाथ पांडेय, प्रमोद चौबे, पुष्प रंजन सहित ग्रामीण जन दीवार पर कमल का फूल बनाकर एक बार फिर मोदी सरकार अबकी बार 400 पार के नारा के साथ नवनियुक्त मतदाता गन को भाजपा जिला अध्यक्ष के द्वारा पार्टी का पटा देकर भाजपा में शामिल कराया गया।

प्रवास के दौरान रात्रि में चौपाल का भी आयोजन किया गया। जहां पर उपस्थित सभी लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश हित में किया जा रहे कार्यों के बारे में अलखनाथ पांडेय सहित उपस्थित सभी नेताओं ने बारी-बारी से विस्तार रूप से ग्रामीण जनता को जानकारी दिया। उक्त कार्यक्रम में 24 घंटा प्रवास के दौरान उपस्थित भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय, गढ़वा जिला के नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, गढ़वा जिला के सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, अद्याशंकर, अखिलेश, नवरत्न वैद्य, जितेंद्र सहित ग्रामीण जनता उपस्थित थे।


कार्यपालक अभियंता सह राजमार्ग पदाधिकारी का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा

आवश्यक सूचना

सभी लोगों को इस इस सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि पथ निर्माण विभाग के अधिनस्थ पथों के ROW के अन्दर का परती जमीन भविष्य में पथ के विस्तार हेतु सुरक्षित रखा गया है एवं इसका स्वामित्व पथ निर्माण विभाग के पास है।"झारखण्ड राजमार्ग अधिनियम 2005" के तहत् सक्षम प्राधिकार के बिना पूर्वानुमति के पथ निर्माण विभाग के अधिकारिक मार्ग(Right of Way) के अन्दर की भूमि पर किसी भी प्रकार का कार्य यथा किसी भी प्रकार के संरचना का निर्माण कार्य,निर्माण सामग्रियों यथा ईटा,स्टोन चिप्स, बालू,टाईल्स, ग्रेनाईट,स्टोन डस्ट,बॉस,पाईप इत्यादि का भंडारन करना,व्यापार करना स्थायी रूप से गाड़ी का पार्किंग करना,पहुँच पथ बनाना,चापाकल,सुलभ शौचालय, सामुदायिक शौचालय,जल मिनार,शोकपिट इत्यादि का निर्माण कार्य करना, इलेक्ट्रीक /टेलीफोन पोल गाड़ना/जलापूर्त्ति का पाईप बिछाना/वृक्ष लगाना/फेंसिंग करना/दुकान खोलना/सब्जी बेचना,केबलिंग कार्य करना,सौन्दर्यीकरण कार्य,होर्डिंग लगाना,बोर्ड लगाना, पथ पर नाली का पानी बहाना इत्यादि अतिक्रमण की श्रेणी में आता है। झारखण्ड राजमार्ग अधिनियम 2005 की धारा 23(2) के तहत यह दण्डनीय अपराध है।

अतः इस सूचना के माध्यम से सभी लोगों से अनुरोध किया जाता है कि सूचना जारी होने की तिथि से 30 दिनों के अन्दर पथ निर्माण विभाग की भूमि को स्वेच्छा से जनहित में अतिक्रमण मुक्त कर राज्य एवं देश के सजग नागरिक बनें अन्यथा बाध्य होकर "झारखण्ड राजमार्ग अधिनियम 2005" की सुसंगत धाराओं के आलोक में कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। पथ में नाली के पानी के बहाव से पथ क्षतिग्रस्त होता है। वातावरण को गंदा करता है एवं राष्ट्रीय संपदा का क्षय होता है।

आयें हमसब मिलकर पथ को अतिक्रमण मुक्त,स्वच्छ एवं सुरक्षित बनायें तथा कोडरमा जिला को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में अपना अमूल्य योगदान दें।

आदेशानुसार
कार्यपालक अभियंता–सह–
राजमार्ग पदाधिकारी प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, कोडरमा

PR 318578 Road(23-24)D



झारखण्ड सरकार
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा

ई–प्रोक्युरमेंट सूचना

अतिअल्पकालीन ई० निविदा सूचना संख्या RDD/SD/SIM/08/2023-24

इच्छुक आपूर्तिकर्ता/कम्पनी/अधिकृत विक्रेता/निर्माता/ अधिकृत निबंधित आपूर्तिकर्ताओं से निम्न वर्णीत स्थल पर Open Gym (Out Door) 1 Unit के अधिष्ठापन हेतु ई० निविदा Double Bid System आमंत्रित की जाती है, जो अंततः लोक निर्माण विभाग के प्रपत्र एफ–2 एकरानामा में वर्णित शर्तों के साथ अंकित की जायेगी।

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र० | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | निविदा शुल्क (रू० में) (जो लौटाया नहीं जायेगा) | आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Establishment of Open Gym (Outdoor) in Block Level Stadium Kolebira of Simdega District, Jharkhand. | RS 19.69420 | 40000.00 | 5000.00 | 30 दिन (कार्यादेश की तिथि से) |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 15.02.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में।
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 15.02.2024 से दिनांक 21.02.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – दिनांक 22.02.2024 अपराह्न 4:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9060405905 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा

PR 318566 Rural Development(23-24).D

## कुडू बस स्टैंड ठेकेदार संतोष मांझी हत्याकांड का खुलासा

# मुख्य साजिश कर्ता समेत चार अपराधी गिरफ्तार

**अवैध संबंध होने का शक से दिया गया हत्याकांड कौन जाम : हारिस बिन जमां**



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** पिछले चार फरवरी को कुडू थाना क्षेत्र के रियाईशी इलाका बाजार टांड़ में कुडू बस स्टैंड के संवेदक संवेदक संतोष कुमार मांझी उर्फ मंगलू की अज्ञात अपराधियों द्वारा सरेआम गोली मारकर हत्या कर देने की सनसनीखेज वारदात का पुलिस की स्पेशल टीम ने खुलासा करते हुए हत्याकांड की गुट्टियां सुलझा ली है। हत्याकांड में मुख्य साजिशकर्ता समेत चार पेशेवर अपराधियों को भी पुलिस ने गिरफ्त में लिया है। पुलिस गिरफ्त में आये अपराधी की पहचान मुख्य साजिशकर्ता सत्यजीत कुंदन, रितेश कुमार भारती, शूटर विजय राम पवार, अमन सिंह के रूप में किया है। आरोपियों के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त मोबाईल, हत्या के षड्यंत्र में मिले पैसे और घटना में प्रयोग किये गये कार और मोटरसाईकिल को जब्त किया गया। इस संदर्भ में शनिवार को पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने पत्रकारों को बताया कि, सहायक पुलिस अधीक्षक (भापु से) वेदांत शंकर और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा टोप्पो के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया था। एसआईटी टीम ने मामले का उदभेदन करते हुए हत्याकांड का मुख्य साजिशकर्ता और इसमें शामिल सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। हत्याकांड का मुख्य कारण मुख्य सरगना सत्यजीत की पत्नी से मृतक संतोष का अवैध संबंध होने का शक पुलिस अनुसंधान में सामने आया है। सत्यजीत कुंदन ने अपनी पत्नी का अवैध संबंध संतोष मांझी से होने के शक के कारण उसकी हत्या की साजिश रची। इसके लिए वह रांची से पेशेवर शूटरों को बुलाया था। मृतक संतोष मांझी की रेकी करने और हत्यारे की मदद करने में रितेश भारती ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। कांड के उदभेदन को लेकर तकनीकी शाखा की मदद लिया गया। इस हत्याकांड में कुल छह अपराधी शामिल थे जिसमें चार की गिरफ्तारी हो गयी है, बाकी दो फरार है। उन्हें शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा। अपराधियों ने पुलिस के समक्ष संतोष कुमार मांझी उर्फ मंगलू की आपसी रंजिश के कारण हत्या करने की बात स्वीकार किया है। एसआईटी टीम में सहायक पुलिस अधीक्षक वेदांत शंकर, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, सदर थानेदार अनिल उरांव, कुडू थानेदार विश्वजीत कुमार सिंह, धनंजय कुमार पासवान पुलिस केन्द्र, होलिका तिग्गा तकनिकी शाखा शामिल थे। इनके अलावा दिनेश प्रसाद मेहता, संजय, संजय कुमार सिंह, आशुतोष कुमार सिंह, प्रशांत गौरव, राजेश उरांव, बिनोद कुमार सिंह, जावेद अख्तर, निरज मिश्रा तकनिकी शाखा, निर्मल मार्शल मिंज, राजू महतो, विपिन हजाम, ललित उरांव तकनिकी शाखा, कौशल यादव तकनिकी शाखा ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है।

### साठ हजार में तय हुई हत्याकांड की साजिश

बस स्टैंड के संवेदक संतोष मांझी की हत्या 60 हजार रुपये में तय कर अंजाम दिया गया। पुलिस गिरफ्त में आये अपराधियों ने इसे स्वीकार है। हत्या आरोपियों से पुलिस ने हत्याकांड के लिए लिया गया रुपया भी बरामद किया है। हत्याकांड को अंजाम देने के लिए पेशेवर शूटरों को मुख्य साजिश करता ने लगाया था। घटना को अंजाम देने के बाद और भी रुपया सत्यजीत कुंदन द्वारा शूटर को देने का भरोसा दिया गया था।

### हत्याकांड के पीछे अवैध संबंध होने का शक

कुडू बस स्टैंड के संवेदक संतोष मांझी की हत्या की प्लान और रेकी दुर्गा पूजा के दौरान करने की योजना हत्यारे ने बनायी थी, पर चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के कारण इसे टाल दिया था। एसपी हरीश बिन जमा ने बताया कि मुख्य आरोपी सत्यजीत कुंदन और मृतक संतोष मांझी के बीच खुन्नस व दुश्मनी चल रही थी। दरअसल साजिशकर्ता संतोष कुंदन को अपनी पत्नी का अवैध संबंध मृतक संतोष मांझी से होने का शक गहरा हो गया था।

## कार्यपालक दंडाधिकारी नारायण राम को दी गयी विदाई



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कार्यपालक दंडाधिकारी नारायण राम को उनके धनबाद जिला में स्थानांतरण होने पर शनिवार को विदाई दी गयी। इस मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि विभिन्न पदों पर रहते हुए इन्होंने बेहतर कार्य किया। कार्य के दबाव में आए बिना बेहतर कार्य करते रहे। काफी मिलनसार हैं और लोगों के बीच लोकप्रिय हैं। भरोसा है कि बेहतर कार्य आगे की सेवा में भी जारी रखेंगे। उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि सेवा काल में यह नियमित प्रक्रिया है। सरल स्वभाव के कारण ये बेहतर कार्य करेंगे यही भरोसा है। अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा ने कहा कि स्थानांतरण नियति है। बीस जिले में पदाधिकारियों की कमी के बावजूद जिन विभागों का प्रभार मिला, इन्होंने बेहतर कार्य किया। अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार ने कहा कि कार्यपालक दंडाधिकारी ने विभिन्न पदों पर रहते हुए बेहतर कार्य किया। कार्यक्रम में निर्वाचन कार्यालय के कर्मियों व कल्याण विभाग के कर्मियों ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

## फाइलेरिया उन्मूलन और कृमि नाशक दवा को लेकर प्रभात फेरी निकाली गयी




कैरो (आजाद सिपाही)। कैरो प्रखंड क्षेत्र के गराडीह गांव में राजकीयकृत उत्क्रमित उर्दू उच्च विद्यालय गाराडीह में प्रधानाध्यापक के नेतृत्व में फाइलेरिया उन्मूलन और कृमि नाशक दवा हेतु जन जागरूकता अभियान के लिए प्रभात फेरी निकाली गयी। प्रभात फेरी विद्यालय के विभिन्न पोषक क्षेत्रों का भ्रमण किया गया साथ ही फाइलेरिया उन्मूलन संबंधी नारे भी लगाए गए। यह अभियान 10 से 25 फरवरी तक चलेगी फाइलेरिया उन्मूलन हेतु 2 से 5 वर्ष के बच्चों को 1 गोली, 6 से 14 वर्ष के बच्चों को 2 गोली 15 वर्ष से ऊपर के बच्चों को 3 गोली खुराक के तौर पर लेने के लिए कही गयी। साथ ही 2 वर्ष से छोटे बच्चों, गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्ति और गर्भवती महिलाओं को यह दवा नहीं लेने की जानकारी दी गयी। इस अयोजन में प्रधानाध्यापक श्री देवनंदन नायक, सहायक शिक्षक, मो. खालिद अख्तर, पवन खाखा, आशीष तिर्की, कृष्णा उरांव, महावीर भगत, सयुम अंसारी, शिक्षिका रौशन गुलाब सहित ग्रामीण भी उपस्थित थे।

## सेन्हा में अंचलाधिकारी सह सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी ने बैठक कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय स्थित सभागर में अंचलाधिकारी सह सहायक निवार्ची निबंधन पदाधिकारी की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रखंड क्षेत्र के विद्यालय स्थित मतदान केंद्रों के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। आयोजित बैठक में अंचलाधिकारी सह सहायक निबंधन निवार्ची पदाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने कहा कि लोकसभा आम निर्वाचन में मतदान कर्मी अपने बूथ पर रुकेंगे तथा मतदाताओं की सुविधा के लिये बिजली, शौचालय, पेयजल तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिये रैंप की सुविधा सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को असुविधा उत्पन्न न हो, इस पर चर्चा करते हुए जिन विद्यालयों में सुविधाये नहीं है, वैसे विद्यालयों का सूची दो दिनों के अंदर कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। मौके पर संजय शुक्ला, रेणुका कुमारी, श्रीकांत सिंह, शैलेश कुमार, बालकृष्ण सिंह, श्रीकुंवर लोहरा, शमशाद आलम, राजीव रंजन उपाध्याय, अरविंद सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकायें उपस्थित थे।

# केचकी रेलवे स्टेशन में ट्रेन के ठहराव की मांग को लेकर दिया धरना

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** धनबाद रेल मंडल के केचकी रेलवे स्टेशन में पर्यटन के दृष्टिकोण से कई ट्रेनों की ठहराव नहीं होने से लोगों की परेशानियों को देखते हुए ट्रेन ठहराव की मांग को लेकर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के बैनर तले एक दिवसीय धरना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ट्रेन ठहराव की मांग को लेकर शनिवार को केचकी रेलवे स्टेशन परिसर में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के प्रमंडल संयोजक मुरलीधर प्रसाद चौरसिया और चिन्हित झारखंड आंदोलनकारी केंद्रीय सचिव अली हसन अंसारी के नेतृत्व में आयोजित एक दिवसीय धरना कार्यक्रम में अली हसन अंसारी ने कहा कि केचकी रेलवे स्टेशन पर्यटन के दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण है। केचकी रेलवे स्टेशन से सटे अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल बेतला नेशनल पार्क स्थित है। कोरोना काल से पूर्व केचकी रेलवे स्टेशन में पलामू एक्सप्रेस और शक्तिपुंज एक्सप्रेस का ठहराव इस रेलवे स्टेशन में होता था। लेकिन कोरोना काल समाप्त होने के बाद भी इन दोनों ट्रेनों का ठहराव केचकी रेलवे स्टेशन नहीं हुआ। अली हसन अंसारी ने केचकी रेलवे स्टेशन में रांची सासाराम एक्सप्रेस, पलामू एक्सप्रेस, शक्तिपुंज एक्सप्रेस, गरीब रथ एक्सप्रेस का ठहराव बेतला नेशनल पार्क अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल के दृष्टिकोण से और स्थानीय लोगों के हित में ध्यान में रखते हुए ट्रेन ठहराव की मांग किया। सदस्यों ने कहा कि अगर उनकी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार नहीं किया जायेगा, तो सभी सदस्य चरणबद्ध तरीके से जोरदार तरीके से आंदोलन करने को बाध्य होंगे। धरना के उपरांत केचकी रेलवे स्टेशन मास्टर के माध्यम से मंडल रेल महाप्रबंधक को हस्ताक्षर युक्त मांग पत्र ट्रेन ठहराव, फुट ओवर ब्रिज समेत अन्य को लेकर दिया गया। धरना में आंदोलनकारी डॉ मकबूल आलम राजद अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के प्रदेश महा सचिव जमरुदीन साहब साहब, सदस्य दीनानाथ राम विक्टर केरकेट्टा, वीरेंद्र, ललन तुरी, विजय समेत सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल थे।

# आज बालूमाथ में गुरु भ्राता अर्चित आनंद और बरखा आनंद शिव शिष्यों को करेंगे संबोधित

आजाद सिपाही संवाददाता



**बालूमाथ।** शिव शिष्यों के लिए आज 11 फरवरी की तारीख काफी खास होने वाला है। भगवान शिव के गुरु स्वरूप की चर्चा को लेकर वर्षों के बाद विराट शिव गुरु महोत्सव का आयोजन शिव शिष्य हरीन्द्रानंद फाउंडेशन के तत्वाधान में लातेहार जिला के बालूमाथ के विरसा जतरा मैदान जोगियाडीह में किया जा रहा है। इस आयोजन में झारखंड के लातेहार, हजारीबाग, पलामू, गढवा, गुमला, लोहरदगा, रांची, चतरा जिला के अलावे विहार, यूपी जैसे राज्यों से भी बड़ी संख्या में शिव शिष्य पहुंचने वाले है। शिव शिष्य फाउंडेशन के अध्यक्ष सरयु, अरूण विश्वास, दशरथ पासवान ने संयुक्त रूप से कहा कि कार्यक्रम 11 फरवरी को प्रातः 10 बजे शुरू की जायेगी। जो संध्या 3 समापन होगा। यह एक पूर्णतः आध्यात्मिक आयोजन होगा। शिव गुरु महोत्सव में भगवान शिव के गुरु स्वरूप पर चर्चा होगी, जिसमें मुख्य अतिथि गुरु भ्राता अर्चित आनंद और बरखा आनंद शिव शिष्यों को संबोधित करेंगे। जिसमें मुख्य रूप से भाई उदयनाथ यादव, गणेश सिंह, त्रिवेणी साव, सुरेंद्र प्रसाद, सरयू दयाल पांडेय, तिरपू प्रजापति, बिरेंद्र ठाकुर, अरुण, दशरथ, उपेंद्र का नाम शामिल है।

# योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाये: पंकज

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कमेटी के द्वारा चलाये जा रहे गांव चलो अभियान कार्यक्रम के तहत शुक्रवार की शाम भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह और जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिंह बरवाडीह मंडल अंतर्गत बूथ संख्या 29 के रात्रि प्रवास कार्यक्रम को पहुंचे। जिला अध्यक्ष और जिला प्रभारी के रात्रि प्रवास कार्यक्रम के दौरान प्रखंड के प्राचीन पहाड़ी शिव मंदिर परिसर में जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह और जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिंह का मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता के द्वारा सम्मानित करके स्वागत किया गया। रात्रि चौपाल करते हुए केंद्र की सरकार के द्वारा चलायें जा रहे सभी कल्याणकारी योजनाओं को लेकर चर्चा करने के साथ-साथ योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने को लेकर जिला अध्यक्ष और जिला प्रभारी के द्वारा मंडल कमेटी के पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिये गये। मौके पर मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल, मनरेगा सांसद प्रतिनिधि दिलीप सिंह यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता शिबू प्रसाद, मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद, प्रदीप समेत काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद थे।

# डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने किया फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ

**डीसी ने किशोर को डीईसी की दवा पिलाकर व एल्बेण्डाजॉल की दवा खिलाकर अभियान की शुरूआत की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने शनिवार को सदर अस्पताल, लोहरदगा प्रांगण में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम (एमडीए)-2024 का शुभारंभ किया। उपायुक्त ने लाभुक के रूप में 13 वर्षीय किशोर को डीईसी की दवा पिलाकर व एल्बेण्डाजॉल की दवा खिलाकर इस अभियान की शुरूआत की। यह कार्यक्रम दिनांक 10 फरवरी से 25 फरवरी 2024 तक चलेगा। आज इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, डॉ डीएन सिंह, एपिडेमियोलॉजिस्ट प्रशांत चौहान समेत बड़ी संख्या में स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे। मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (टऊअ) कार्यक्रम का आयोजन 10 को बूथ स्तर पर और 11 से 25 फरवरी तक घर-घर भ्रमण कर लक्षित जनसंख्या को उम्र के अनुसार डीईसी और अल्बेन्डाजोल की एक-एक खुराक खिलाई जायेगी। इस वर्ष लोहरदगा जिला में लगभग 2,59,286 (पांच लाख उनसठ हजार दो सौ छियासी) लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जिले में कुल 717 बूथ बनाये गये हैं। दवा खिलाने हेतु सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में लगभग 1500 कार्यकताओं की प्रतिनियुक्ति की गई है। कार्यक्रम की सफलता हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

कार्यक्रम में सिविल सर्जन, लोहरदगा द्वारा लोहरदगा जिला के वासियों से अपील की गयी कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। 1 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यह दवा नहीं खिलायी जायेगी। 1-2 वर्ष के बच्चों को एल्बेंडाजोल की आधी गोली पानी मे मिलाकर देना है और डीईसी की गोली नहीं देना है। 2-5 वर्ष के बच्चों को 01 डीईसी और 01 एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जायेगी। 6-14 वर्ष के बच्चों-किशोर/किशोरियों को 02 डीईसी और 01 एल्बेंडाजोल की दवा खिलायी जायेगी। 15 वर्ष या इससे अधिक उम्र के युवाओं/वयस्कों को 03 डीईसी और 01 एल्बेंडाजोल की गोली खिलायी जायेगी। दवा का कोई भी साइडइफेक्ट नहीं है। गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को यह दवा नहीं देना है। दवा खाली पेट नहीं देना है। फाइलेरिया एक ऐसी बीमारी है जिसकी वजह से प्रभावित अंगों जैसे हाथ पांव (हाथी पांव) का फूलना और हाइड्रोसिल होता है। फाइलेरिया एक वूचेरिया बेनकापटी रोगाणु की वजह से होता है जो क्यूलेक्स मच्छर के द्वारा फैलता है। क्यूलेक्स मच्छर जमे हुए गंदे पानी में पैदा होते हैं। फाइलेरिया का उपचार की डीईसी गोली के द्वारा किया जाता है जो एक बहुत ही कारगर और सटीक दवा है। यदि सभी व्यक्तियों को डीईसी और अलबेंडाजोल गोली की एक खुराक उम्र के अनुसार वर्ष में एक बार खिलायी जाये तो 80 से 90 प्रतिशत तक इस बीमारी पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

## सेमिनार और नुक्कड़ नाटक का आयोजन



लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार जिला परिवहन पदाधिकारी के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा को लेकर शहर के सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस में छात्रों ने सेमिनार और नुक्कड़ नाटक का आयोजन शनिवार को किया। अध्यक्षता उक्त स्कूल की प्राचार्या ज्योति जोत्शना ने की। मौके पर मुख्य रूप से डीटीओं सुरेंद्र कुमार और डीईओं प्रिंस ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिसके बाद छात्रों ने सड़क सुरक्षा गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर डीटीओ श्री कुमार ने छात्रों को बताया कि ड्राइविंग लाइसेंस बनवाकर ही वाहन चलायें। कहा कि वाहन चलाते समय या वाहन पर बैठने के क्रम में हेलमेट एवं सीटबेल्ट का उपयोग जरूर करें। साथ ही सुरक्षित रहने के लिए वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग बिलकुल ना करें। मौके पर शिक्षक अनुराधा पांडेय के द्वारा छात्राओं को यातायात के नियमों का पालन करने हेतु आग्रह किया गया। मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक तनवीर हुसैन, ऋषि कुमार समेत जिला परिवहन कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

## वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में तीन और इंटर में आठ परीक्षाथी अनुपस्थित रहे

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा-2024 आज शनिवार को प्रथम पाली में पूर्वाहन 9.45 बजे से अपराह्न 1 बजे तक जिला के 15 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गयी। इस परीक्षा में कुल 668 परीक्षार्थी उपस्थित और 03 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण आयोजित की गयी। इंटरमीडिएट परीक्षा-2024 अंतर्गत शनिवार को परीक्षा द्वितीय पाली में अपराह्न 2 बजे से 5.15 बजे तक जिला के 03 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गयी। इस परीक्षा में कुल 974 परीक्षार्थी उपस्थित और 08 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण आयोजित की गयी।

## एक बार फिर से मोदी सरकार, स्लोगन का कार्यकर्ताओं ने किया दीवार लेखन



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय आव्हान पर देश, प्रदेश और जिला स्तर से लेकर मंडल स्तर और बूथ स्तर पर एक बार फिर से मोदी सरकार का स्लोगन और भारतीय जनता पार्टी का चुनाव चिन्ह कमल का फूल का दीवार लेखन का कार्य 15 जनवरी से शुरू किया गया है। अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य मंजू सिंह की मौजूदगी में बरवाडीह प्रखण्ड क्षेत्र और बूथ स्तर तक प्राथमिकता के साथ निर्धारित समय अनुसार किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेत्री प्रमुख सुशीला कुमारी, महामंत्री मनोज प्रसाद और उनके साथ भाजपा के अनेक नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## नये एसडीपीओ ने क्षेत्र में शांति और सौहार्द्र कायम करने का दिया भरोसा



कैरो (लोहरदगा)(आजाद सिपाही)। लोहरदगा अनुमंडल के नये अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा से कैरो प्रखंड 20 सुत्री कार्यान्वयन समिति अध्यक्ष सह कैरो प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अनीश अहमद खान, कैरो प्रखंड कांग्रेस महासचिव मोजाहिर अंसारी ने 10 फरवरी शनिवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में मिलकर दिया। क्षेत्र में शांति, सौहार्द कायम रखने में सहयोग का भरोसा। इस अवसर पर नये एसडीपीओं को 20-सुत्री अध्यक्ष ने सर्वप्रथम गुलदस्ता भेंट कर जिले में उनके योगदान पर स्वागतम किया। मौके पर एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने प्रखंड 20 सुत्री अध्यक्ष अनीश अहमद खान से थाना क्षेत्र के हनहट, सढ़ाबे, कैरो, नरौली, गजनी और गुड़ि पंचायत क्षेत्र के भगौलिक पृष्ठभूमि के विषय में जानकारी लिया। वहीं चर्चा के दौरान एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने 20 सुत्री अध्यक्ष से कहा कि आप सभी समाज में फैले कुरीतियों, नशापान, अंधविश्वास, सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति लोगों को करें जागरुक।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में संपन्न हुई प्रवेश परीक्षा



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र स्थित जिला के जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में 9 वीं और 11वीं कक्षा में नामाकंन के लिये शनिवार को प्रवेश परीक्षा लिया गया। नवीं कक्षा के लिए 128 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया था। जिसमें 88 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए, जिसमें 40 अनुपस्थित रहें। 11वीं कक्षा के लिए 73 बच्चों ने आवेदन किया था। परीक्षा में 48 शामिल हुए तथा 25 अनुपस्थित रहें। कुल 136 विद्यार्थियों शामिल हुए। मौके पर दंडाधिकारी सह जेई संजीत कुमार, धनंजय कुमार, जगेश्वर महतो, रमेश कुमार उपाध्याय, आरपी विश्वकर्मा, सीमा जायसवाल, सूरज पांडेय के अलावे एइस आई अलबीना लकड़ा दल बल के साथ मौजूद थे।05

## श्रमदान कर मदरसा की ढलाई की गयी



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र स्थित सेन्हा ग्राम के मदरसा हसमतुर रजा का ढलाई कार्य अंजुमन इस्लामिया सेन्हा के द्वारा श्रमदान कर किया गया। ढलाई कार्य का शुभांरभ मौलाना जिब्राइल ने फातिहा पढ़कर सबसे पहले एक कड़ाही सीमेंट डाला जिसके पश्चात ढलाई कार्य शुरू किया गया। ढलाई के दौरान आपसी सहयोग से मुस्लिम धमार्लंबीयों ने एक घंटा में एक लाख 32 हजार रूपया सहयोग राशि चंदा दिया। मौके पर मौलाना रियाज ने कहा कि शिक्षा के लिए संसाधन की आवश्यकता होती है, जिसे भवन होना अति जरूरी है। मौके पर मौलाना रियाज, हाफिज मोबिन, मौलाना सफी अहमद, मो अजरूद्दीन, कसमुल, वसीम सहित मुस्लिम धर्मावलंबियों के सैकड़ो अन्य लोग उपस्थित थे।

# सकरौली हत्याकांड के तीन आरोपी गिरफ्तार, गये जेल

**एसडीपीओ ने प्रेस कांफ्रेंस में दी घटना की जानकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सिसई थाना अंतर्गत ग्राम सकरौली में तीन व्यक्तियों को गला काटकर हत्या किये जाने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किये जाने के बाद पूछताछ कर शनिवार को जेल भेज दिया। एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पूरे घटनाक्रम को एक मामूली विवाद फुटकल के पेड़ को लेकर अंजाम दिया गया है। इस हमले में एक व्यक्ति विकास साहू को टांगी से काटकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया है। जिनका इलाज रिम्स में जारी है। हालांकि उसकी स्थिति अब भी गंभीर बनी हुई है। एसडीपीओ ने कहा कि घटना के बाद पुलिस दल बल के साथ जब ग्राम सकरौली स्थित चरकू बगीचा पहुँची तो देखा कि तीन व्यक्ति मृत अवस्था में खून से लथपथ जमीन पर पड़े हुए है। तथा एक व्यक्ति खून से लथ पथ जमीन पर घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। सभी का गर्दन और सर पर गम्भीर चोट था। मौके पर उपस्थित मृतक के परिजन द्वारा मृतको का नाम क्रमशः नागेश्वर साहु पिता पिता स्व बरजू साहू, सुंदरू साह पिता स्व बरजू साहू व पवन साहु पिता नागेश्वर साहू बताया गया। अनुसंधान के क्रम में यह बात प्रकाश में आयी कि नागेश्वर साहु, पवन साह और सुंदरू साहु उर्फ मुन्ना साहू और बिकाश साहू तथा दूसरे पक्ष के ननकु साहू उर्फ नंदकिशोर साहू, सत्येन्द्र साहू तथा शिव कुमार साहु उर्फ पप्पू दोनों पक्ष के बीच दिनांक घटना के समय दोपहर में पेड़ के बंटवारा को लेकर विवाद हुआ था। जो मारपीट में तबदील हो गया। दुसरे पक्ष के ननकू साहू उर्फ नंदकिशोर साहू, सत्येन्द्र साहू तथा शिव कुमार साहु उर्फ पप्पू द्वारा लड़ाई-झगड़ा के क्रम में आवेश में आकर प्रथम पक्ष के नागेश्वर साहु, पवन साहू और सुंदरू साह उर्फ मुन्ना साहू को टांगी से काटकर हत्या कर दिया और विकाश साहू को टांगी से काटकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। हत्या करने में संलिप्त सभी व्यक्तियों को गिरफ्तार कर हिरासत में ले लिया गया है । छापामारी दल में उनके अलावा सिसई थाना के पुलिस निरीक्षक शामिल थे।

इधर सिसई में हुए ट्रिपल हत्याकांड के बाद एसपी हरविंदर सिंह देर रात दल बल के साथ घटनास्थल का मुआयना किया। साथ ही अधीनस्थ अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मामूली विवाद में हत्याकांड को अंजाम दिया गया है। किसी भी प्रकार का विवाद होने पर लोग कानून का सहारा लें। कानून को हाथ मे लेने से बचे। उन्होंने कहा कि छोटा सा विवाद तीन लोगों के परिवार को उजाड़ दिया। क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रहे। वही आरोपियों को फास्ट ट्रेक कोर्ट के माध्यम से सजा दिलाया जा सके।



## सकरौली हत्याकांड की छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज के लोगों ने निंदा की



सिसई(आजाद सिपाही)। थाना के सकरौली गांव में हुए तिहरे हत्याकांड का छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज के लोगो ने घोर निन्दा किया है, साथ ही पीड़ित परिवार के लोगों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त किया है। प्रखंड अध्यक्ष गौतम साहु सुनील कुमार साहू, लाल मोहन साहु के नेतृत्व में तेली समाज के लोगों ने बीडीओ रमेश कुमार यादव से मिलकर पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद देने की गुहार लगाई। इस पर बीडीओ ने अंतिम संस्कार के लिए व्यक्तिगत रूप से नगद 5000 रुपए की आर्थिक मदद पीड़ित परिवार दिया। मौके पर छोटानागपुरिया तेली के केन्द्रीय युवा अध्यक्ष जनार्दन साहु, बली साहु, ललित प्रसाद साहु, विजय साहु, अनुज साहु, सुधेश्वरी साहु, मनोज वर्मा, जुबैर अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे। फोटो 2

## फांसी लगा कर की आत्महत्या

गुमला (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के गढ टोली निवासी 40 वर्षीय अजय उरांव पिता फेकलू उरांव अपने घर में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वही घटना की जानकारी पर गुमला थाना की पुलिस गढटोली पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल भेजवाया। वही शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक घटना के दिन युवक घर में अकेला था उसकी पत्नी तीन-चार दिनों से अपने मायके में रह रही थी पत्नी का भाई की मृत्यु हो जाने के कारण वह बिमरला सरना टोली गई थी। वही शनिवार की सुबह लगभग 10:00 बजे गांव वाले देखें कि अंदर से दरवाजा बंद है और गाय बैल भी अभी तक खुला नहीं है। इसके बाद आवाज दिया गया लेकिन कोई उत्तर नहीं आने पर ग्रामीण घटना की जानकारी पुलिस को दिए। जहां दरवाजा तोड़कर घर के अंदर देखने पर देखा गया कि युवक रस्सी के सहारे फंदा लगाकर फांसी पर झूल रहा है। घटना के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पाया है।

## पति के लापता होने पर सीएफटीयूआइ से ढूंढ़ने की पत्नी ने लगायी गुहार



गुमला (आजाद सिपाही)। जिला के रायडीह प्रखंड के सुगाराटा गांव के मजदूर राम जीत नगेशिया बैंगलुर जाने के दौरान आधे रास्ते से लापता हो गया। उसकी पत्नी मनीषा ने इस संबंध में शनिवार को गुमला आ कर मजदूर संघसीएफटीयुआई प्रदेश सचिव जुम्मन खान को लिखित आवेदन देते हुए खोजबीन करने की गुहार लगाई है। दिए गए आवेदन के अनुसार मजदूर रामजीत नगेशिया अपने गांव के ही दो अन्य मजदूरों के साथ मजदुरी करने बैंगलुर के चपरकली जाने की बात कह कर बीते दो फरवरी को घर से निकला था। तथा तीनों ने डाल्टेनगंज जंक्शन से ट्रेन में सवार हो कर गये थे। दो मजदूर बैंगलुर के चपरकली पहुंच गये लेकिन उसका पति अपने सहयोगियों के साथ नहीं पहुंच पाया। जब इस पुरे मामले पर मजदूर संघ सीएफ टी यु आई प्रदेश सचिव जुम्मन खान ने दो अन्य साथी मजदुरों से फोन पर बात चीत की तो उन दोनों मजदुरों ने बताया कि काफी दुर तक हम तीनों साथ एक बोगी में यात्रा कर रहे थे। लेकिन हम दोनों को नींद लगने लगा तो हम सो गये जब उठे तो रामजीत नगेशिया ट्रेन से लापता था। हम दोनों ने अपने स्तर से दो तीन रेलवे स्टेशन पर खोज बीन भी की। लेकिन रामजीत नगेशिया का कोई अता पता नहीं चला।

## रेड क्रॉस सोसाइटी की चिकित्सा शिविर व सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका : मोहन सिंह




सिमडेगा (आजाद सिपाही)। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी इकाई सिमडेगा के तत्वाधान में अध्यक्ष सह उपायुक्त सिमडेगा के निदेर्शा पर बोलबा कादोपानी, में गरीब व जरूरतमन्द लोगों के बीच निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। फिर में जिला के चिकित्सक डॉ. हेमंत कुमार, डॉ. एंजेल टेटे , नेत्र सहायक पंकज कुमार व मो० दानिश, डॉ. आसिफ इकबाल और डॉ. खुशनुद आलम ने सहायिका के साथ ही बोलबा स्वास्थ्य केन्द्र के स्वास्थ्य कर्मियों, ने मिलकर कुल 251 मरीजों का इलाज किया। जिसमें मुख्य रूप से महासचिव मोहन सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से समय-समय पर जिला के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में चिकित्सा शिविर व विभिन्न समाज सेवा शिविरों का आयोजन किया जाता है साथ ही रक्तदान समूह के माध्यम से आवश्यक मंदो को रक्त उपलब्ध कराया जाता है लंबे समय से जिले में रेड क्रॉस के माध्यम से चिकित्सा व समाज सेवा के क्षेत्र में सेवाएं दी जा रही हैं । साथ ही रेड क्रॉस से अधिक जुड़ने व सदस्य बनने की अपील आम जनता से की । कार्यक्रम को सफल बनाने में सह सचिव नरेश अग्रवाल, सदस्य शिवचंद्र अग्रवाल, प्रेम प्रकाश गिरि, फिदेलिस लकड़ा, मितेश कुमार सिंह, अंकित विश्वकर्मा, अभय प्रसाद, भाजपा नेता वह गांव की सरकार के प्रतिनिधि सुरजन बड़ाइक, रामजतन सिंह, पीतांबर सिंह, बासुदेव अमात,नित्यानंद सिंह और पीएचसी प्रभारी, बोलबा एवं उनके सहयोगियों का योगदान सराहनीय रहा ।

## प्रदान ने आंजन गांव में लगाया मनरेगा शिविर

गुमला(आजाद सिपाही)। सदर प्रखंड के अंजन पंचायत में प्रदान द्वारा पंचायत के साथ मनरेगा कैंप आयोजन किया गया । जहां पंचायत प्रतिनिधि मुखिया , सभी वार्ड के वार्ड मेंबर, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक एवं पंचायत वासियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में, मनरेगा को लेकर जागरूकता अभियान चला जिसमें मनरेगा कानून उसके सपने, आम बागवानी हुआ, डोभा, तालाब, भूमि समतलीकरण, आदि के बारे में बताया गया। इसके साथ साथ जॉब कार्ड, काम मांग, मस्टर रोल, आदि के बारे में विस्तार से बताया गया तथा इससे जुड़ी छोटी-छोटी जानकारी जो ध्यान में रखनी चाहिए, उस पर चर्चा की।

## जय चाला होटल का अध्यक्ष ने किया उद्घाटन



सिसई (आजाद सिपाही)। सिसई बाजार टांड़ थाना गेट के समीप शनिवार को जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा व प्रमुख मीना देवी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर जय चाला होटल का उद्घाटन किया।उद्घाटन से पूर्व पहान सुरेन्द्र भगत व पहान चन्द्र भगत ने आदिवासी रीति-रिवाज से विधिवत पुजा अर्चना किया। किरण बाडा ने कहा आदिवासी महिलाओं के द्वारा होटल संचालन का यह पहला व्यवसायिक प्रतिष्ठान है जहां उचित मूल्य में नास्ते के साथ शाकाहारी व मांसाहारी भोजन की व्यवस्था होगी।तीन आदिवासी महिलाओं के द्वारा संयुक्त रूप से व्यवसाय की शुरूआत करना प्रशंसनीय है। मौके पर होटल संचालिका यशोदा उरांव, उर्मिला उरांव व शनियारो उरांव, पंसस कुदरा अनिता उरांव, धुमा उरांव, मंगरो उरांव, गणेश उरांव, जयराम उरांव, सरोज लकड़ा, फुलकुमारी उरांव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक आज निलेश मेडिकल में

गुमला (आजाद सिपाही)। हड्डी, रीढ़ की हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार, न्यूरो सर्जन रविवार यानी 11 फरवरी को गुमला के निलेश मेडिकल में आयेंगे। झारखंड के ये सुप्रसिद्ध चिकित्सक स्थानीय नीलेश मेडिकल में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक मरीजों को देखेंगे। इसमें हड्डी में दर्द, हड्डी का कनकनाना, कमजोर हड्डी आदि से संबंधी रोगियों की जांच की जायेगी।

# हादसे में मृत दोनों छात्रों के शव को लेकर एनएच रोड किया जाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** बीते शुक्रवार को सड़क हादसे में मारे गये बीएन जालान कॉलेज के दोनो छात्रों का शव के साथ शनिवार को कॉलेज के छात्र छात्रा व ग्रामीणों ने रेड़वा गांव के समीप एनएच सड़क को जाम कर दिया। जामकर्त्ता मुआवजा व दुर्घटना में शामिल हाईवा वाहन की पहचान कर कार्रवाई करने की मांग कर रहे थे। जाम की सूचना पर एसडीपीओ सुरेश कुमार यादव, बीडीओ रमेश कुमार यादव, सीओ नितेश खलखो, थानेदार मीनकेतन कुमार, एसआई सारिक अली, दिवाकर मिश्रा, कृष्णा कुमार गुप्ता, संत कुमार दलबल के साथ जाम स्थल पहुंचकर जाम खुलवाने के प्रयास किया पर जामकर्त्ता अंतिम संस्कार के लिये पांच पांच लाख, पचास पचास लाख का मुआवजा व सीसीटीवी या अन्य माध्यम से घटना में शामिल हाईवा की पहचान कर कार्रवाई करने की मांग कर रहे थे। अधिकारियों के द्वारा नियम संगत कानूनी कारवाई करने व प्रवधान के अनुरूप सरकारी मुआवजा दिलाने के आश्वासन पर छात्र छात्राएं सहित ग्रामीण भड़क उठे और मौके पर डीसी एसपी को बुलाने की मांग पर अडे हुए थे। जाम से दोनो ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी, यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सूचना पर जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा, रेडवा मुखिया सुभानी देवी भी मौके पर पहुंचकर लोगो को समझाने का प्रयास किया। वहीं प्रशासन के द्वारा सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा राशि दिलाने और अन्य सरकारी लाभ दिलाने और दोषी को पकड़ने के आश्वासन के बाद जाम खोला गया। जाम खुलने से पुनः आवागमन सुचारू रूप से चालू हो पाया।



# बीडीओ ने गाडवाल निर्माण की जांच की, अनियमितता पर जेई को फटकारा

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** प्रखंड क्षेत्र के कुदरा बुड़का पथ पर कंस नदी पुल के समीप बन रहे गाडवाल में भारी अनियमितता की भाजपा कार्यकर्ताओं से शिकायत मिलने पर बीडीओ रमेश कुमार यादव ने शनिवार को स्थल निरीक्षण किया। निर्माण कार्य में अनियमितता पर नाराजगी जताते हुए जेई से फोन पर बात कर कार्य की गुणवक्ता में सुधार करने का निर्देश दिया।

कार्य में मात्र एक से डेढ़ फीट गहरी नींव खुदाई कर उसमें ढोका पत्थर भरकर ऊपर से दस एक का सीमेंट मसाला बनाकर ऊपर से समतल कर दिया जा रहा है। कार्य की गुणवत्ता देख भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जा सकती है।

बीडीओ के फोन करने पर जेई ने बीडीओ को गैर जिम्मेदाराना जबाब देते हुए ठेकेदार के पक्ष में बोलने लगा। बीडीओ ने अपना परिचय देते हुए फटकार लगाते हुए कार्य स्थल आकर गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराने का निर्देश देने पर जेई स्थल आकर कार्य का निरीक्षण करने की बात कही।

मौके पर भाजपा सिसई मंडल के प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण यादव, वरिष्ठ भाजपाई लालमोहन साहु, नन्द किशोर सिंह, संजय महतो, कामदेव सिंह, सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



# बिजली बिल नहीं आने और फ्री बिजली के लाभ से वंचित होने को लेकर आमसभा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** ईटाम पंचायत अंतर्गत दलमादी में बिजली बिल एवं बिजली समस्याओं को लेकर आमसभा का आयोजन ग्राम प्रधान भूषण डुंगडुंग के अध्यक्षता में किया गया।इस आमसभा में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग भी उपस्थित थे।इस आमसभा में उपस्थित लोगों ने विधुत आपूर्ति प्रमंडल कामडारा से आये विधुतकर्मियो से कहा कि बिजली बिल नहीं आने, नए लगाए गये बिजली कनेक्शन में मीटर रीडिंग नही होने के कारण हमलोग बिजली बिल का भुगतान नहीं पा रहे है और एक बार मे सालों महीनों में बिजली बिल आने से हमलोगो के ऊपर हजारों रुपयों का आर्थिक बोझ पड़ताहै। प्रत्येक महीने बिजली बिल नहीं आने से सरकार द्वारा तय बिजली माफी का लाभ भी हम ग्रामीणों को नही मिल पा रहा है। सभा मे उपस्थित जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग ने इस संबंध में आमसभा में उपस्थित बिजली कर्मियों को समय पर मीटर रीडिंग करने और प्रत्येक महीने बिजली बिल भेजने की बात कही साथ ही उन्होंने कहा कि वे इस मामले को विधुत विभाग के उच्चाधिकारियों को उठाएंगे।इस मौके पर ग्राम प्रधान भूषण डुंगडुंग, नुवास बा, वार्ड सदस्य छूनु देवी, रवि कुमार, रोशन, कुलदीप, परशुराम साहू और विजय समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।



## निर्मला कॉलेज की छात्राओं ने ली गांव के रहन-सहन की जानकारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** निर्मला कॉलेज रांची के भुगोल शिक्षक व सेम वन के छात्राओं ने शनिवार को क्षेत्रीय अध्ययन को लेकर बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई का दौरा किया। जहां महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों व छात्रों ने अतिथि शिक्षकों व छात्राओं का स्वागत किया। वहीं साथ सिसई के सोंगरा गांव का भ्रमण कर भौगोलिक स्थिति की जानकारी ली। ग्रामीणों के साथ बातचीत कर गांव की सामाजिक, सांस्कृतिक व आर्थिक स्थिति का भी जानकारी लिये। छात्राओं ने ग्रामीणों से मूलभूत सुविधाएं,रहन सहन , खान-पान व शैक्षणिक स्थिति पर भी शोध किया। मौके पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य लक्ष्मण साहु, डॉ आदित्य बिक्रम देव डां रंजित कुल्लु , डॉ निसार अहमद, डॉ पारंगत खलखो, कृष्ण कुमार आर्या, सुरेश साहु, गजराज महतो,डॉ दिव्यानी व टीम शामिल थे।

## आजसू पार्टी के सचिव ने अमिता एक्का को बुके देकर किया स्वागत



चैनपुर (आजाद सिपाही)। आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह विधानसभा प्रभारी बोनीफास कुजूर के नेतृत्व में आजसू कार्यकर्ताओं ने नवपदस्थापित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमिता एक्का को बुके देकर स्वागत किया साथ ही चैनपुर की वस्तु स्थितियों से अवगत कराया वही चैनपुर एसडीपीओ अमिता टोप्पो ने कहा की अनुमंडल क्षेत्र में सौहार्द एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना वह विधि व्यवस्था संधारण की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता से कार्य किया जाएगा। साथ ही अपराध नियंत्रण उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने डायन बिसाही जैसे अंधविश्वास से लोगों को जागरूक होने की अपील की है। मौके पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष समीर अमरदीप एक्का, सद्दाम हुसैन, चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार, प्रखंड सचिव दिलबाग कुमार सहित कई आजसू कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सौतेले पुत्र ने माता-पिता को लाठी से मारकर किया घायल

गुमला (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के करौंदी निवासी 35 वर्षीय निमकी देवी पति तेजू नायक को उसके पुत्र 22 वर्षीय मुकेश नायक ने लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया घटना के बाद माता-पिता घटना की सूचना गुमला थाना को दी। गुमला थाना की पुलिस करौंदी पहुंचकर घायल माता-पिता को सदर अस्पताल लेकर आए जहां उनका इलाज किया गया। जानकारी देते हुए घायल महिला ने बताया मेरा पुत्र विवाहित है और अक्सर शराब का सेवन कर घर आता है और पैसे की मांग करता है। आज भी वह पैसे की मांग कर रहा था। मेरे पति रिक्शा चला कर मेरे चार बच्चों का पालन पोषण करते हैं। पैसों की मांग को लेकर वह हम दोनों के साथ मारपीट किया। महिला ने बताया पूर्व में भी वह हमारे साथ मारपीट किया है। घटना में महिला का सिर फट गया व उसके हाथ में भी चोट लगी है। जबकि उसके पिता को भी पीठ में चोट लगी है। वही मामले को लेकर माता-पिता ने गुमला थाना में प्राथमिकी की दर्ज करने की बात कही।

## ऑटो में बैठी महिला को बाइक चालक ने मारी जोरदार टक्कर

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला जिला के डुमरी प्रखंड अंतर्गत कोठी निवासी 33 वर्षीय संतोषी देवी पति सुध राम नायक को डुमरी चौक में एक बाइक चालक जोरदार टक्कर मार दिया। घटना में महिला का एक पैर टूट गया जबकि बाइक से गिरकर बाघमरिया कटई टोली निवासी युवक भी घायल हो गया। जिसका इलाज उप स्वास्थ्य केंद्र डुमरी में चल रहा है। महिला को उप स्वास्थ्य केंद्र डुमरी में प्राथमिक इलाज के उपरांत सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक महिला अपने पुत्र का आधार कार्ड के काम से डुमरी आई थी। वहीं ऑटो में आगे ड्राइवर सीट में बैठकर घर वापस जा रही थी। तभी डुमरी चौक में सामने से तेज गति से एक बाइक चालक टेंपो को टक्कर मार दिया। घटना में महिला का एक पैर टूट गया इसके बाद परिजन मामले को लेकर डुमरी थाना में प्राथमिकी इलाज कराया।

## प्रखंड चुनाव सह मिलन समारोह कार्यक्रम आज

बसिया(आजाद सिपाही)। झारखंड चीक बड़ाइक उत्थान समिति बसिया का पूर्व निर्धारित प्रखंड चुनाव सह मिलन समारोह कार्यक्रम 11 फरवरी रविवार को दोपहर 11 बजे सम्पन्न होगी । आयोजन समिति के सदस्य शशिकान्त बड़ाईक ने जानकारी देते हुए सभी बसिया प्रखण्ड के जातिगत सदस्यों और पदाधिकारियों को कोनबीर सरहुल मैदान के बगीचा में उपस्थित होकर एक कर्मठ और संघर्षशील उम्मीदवार का चुनाव करने की अपील किया है । शशिकांत बड़ाइक ने कहा कि बसिया प्रखण्ड का यह तीसरा प्रखण्ड स्तरीय चुनाव स्थानीय समिति करा रही है । किसी भी समाज को दो खंडों में बांटने वाले लोगो के बहकावे में ना आये और रविवार को रेफरल के समीप अयोजित कार्यक्रम में उपस्थित हो कर कार्यक्रम को सफल बनाये ।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से प्रेम उरांव की मौत

सिसई(आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के कामता पुरनाटोली गांव निवासी प्रेम उरांव(60) की अज्ञात वाहन की टक्कर से शुक्रवार की रात को मौत हो गयी। स्थानीय लोगों की सूचना पर शनिवार को पुलिस रेड़वा बाईपास पुल के समीप से उसका शव को बरामद कर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक तेलंगा जतरा देखने शुक्रवार को रेड़वा आया था। उसके शरीर में चोट का निशान था,शाम को घर लौटते समय उसे अज्ञात वाहन अपने चपेट में आने की आशंका जताई जा रही है, रात में इलाज नहीं मिलने के कारण मौत होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

## पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति का अधिवेशन सह चिंतन शिविर का आयोजन आज

सिमडेगा(आजाद सिपाही)। जिला पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति, की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि रविवार दिनांक 11 फरवरी को विधायक स्व. नियेल तिर्की के सोनारटोली स्थित आवास के सामने वाले मैदान (नारायण ऑटोमोबाईल्स पेट्रोल पंप के बगलवाला मैदान) में पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति का अधिवेशन सह चिंतन शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें पिछड़ी जाति को अपना हक व अधिकार कैसे मिले सिर्फ इसी विषय पर गहन विचार विमर्श व चिंतन किया जाएगा । शिविर में शामिल सभी बन्धुओं के लिए सहभोज की व्यवस्था की जाएगी।

## पलामू पाइपलाइन सिंचाई योजना से यहां के लोगों को मिलेगी सिंचाई सुविधा : मंत्री

# झारखंड की वर्तमान सरकार ने जो विकास 4 साल में कर दिया वो 19 वर्षों में भी नहीं हुए : चंपाई सोरेन

**लाभान्वित होंगे चैनपुर, मेदिनीनगर, सतबरवा, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, हैदरनगर एवं मोहम्मदगंज प्रखंड**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने शनिवार को पलामू को सोने नदी से पाईप लाईन सिंचाई योजना शिलान्यास करते हुए भाजपा नेतृत्व वाली पिछली सरकारों की आचोलना की। कहा कि जो विकास कार्य वर्तमान सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इन चार सालों में कर दिय, वह पिछले 19 वर्ष में भी नहीं हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड में जब से हेमंत सरकार का गठन हुआ, तभी से भाजपाई सरकार गिराने में जुट गए थे। क्योंकि उन्हें एक आदिवासी के बेटे को मुख्यमंत्री का पद हजम नहीं हो रहा था। इसी कारण हेमंत बाबू को षड्यंत्र के तहत सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य के 20 लाख से अधिक गरीब परिवारों को अबुआ आवास योजना से जोड़ा गया है। लक्ष्य के अनुरूप वर्ष 2027 तक सभी चयनित परिवारों को अबुआ आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। वहीं, मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि विकसित झारखंड, उभरता झारखंड, बढ़ता झारखंड और बदलता झारखंड की ओर सरकार अग्रसर है। कहा कि पलामू प्रमंडल में सुखाड़ की स्थिति बनी रहती थी। ऐसे में पलामू पाइपलाइन सिंचाई योजना से यहां के लोगों को सिंचाई सुविधा मिल पाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गांव-गांव में शिविर लगाकर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम किया गया है। अबुआ आवास योजना के लिए प्राप्त आवेदनों के आलोक में योग्य लाभुकों को गढ़वा जिले में लाभ दिया जा रहा है। वहीं, जल संसाधन विभाग के सचिव प्रशांत कुमार ने पलामू पाइपलाइन सिंचाई योजना से सभी को परिचय कराया। कहा कि उत्तरी कोयल, सोन एवं औरंगा नदी से विभिन्न जलाशयों में जल भरा जाएगा। इस योजना से पलामू जिले के 13,000 हेक्टेयर से अधिक भूमि में सिंचाई सुविधा प्रदान की जा रही है। साथ ही यह योजना 25,000 से अधिक परिवारों को जोड़ने का काम करेगी। किसानों की कृषि कार्य, उनकी आजीविका को संबल प्रदान करेगा। उन्होंने सरकार के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि दो वर्ष के अंदर योजना को धरातल पर उतारा जाएगा। इससे यहां के किसान लाभान्वित होंगे।

### पलामू के लिए वरदान साबित होगी सिंचाई योजना, लाभान्वित होंगे लोग : डीसी



पलामू पाइपलाइन सिंचाई योजना कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री सत्यानंद भोक्ता व अन्य।

वहीं, डीसी शशि रंजन ने कहा कि पलामू पाइपलाइन सिंचाई योजना पलामू के जनमानस के लिए अत्यन्त आवश्यक है। खेत खलियान में सिंचाई की बेहतर व्यवस्था के लिए उतरी कोयल नदी, औरंगा नदी और सोन नदी से 14 जलाशयों में जल भरे जाएंगे।

इस महत्वकांक्षी योजना से जिले के विभिन्न प्रखंडों के लोग प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हो पाएंगे। जलाशयों एवं नहरों के माध्यम से सिचाई के लिए खेतों तक अब पानी आसानी से पंहुच पाएगा।

इस योजना से किसान सालों भर खेती- किसानी कर सकेंगे। यह सौगात पलामू जैसे कम वषार्पात वाले क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगा।

# फाइलेरिया उन्मूलन के लिए डीइसी एवं एल्बेंडाजोल की गोली अवश्य खायें : शारदा



दवा की खुराक खिलाकर अभियान का शुराभंर करते सिविल सर्जन, जिप अध्यक्ष व अन्य।

- जिप अध्यक्ष व एडीएम ने दवा खाकर किया फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ
- 2220 बूथ पर 26 लाख से अधिक लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य : सिविल सर्जन
- एक से 15 साल तक के बच्चों को खिलानी है दवा की खुराक

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर शनिवार को सदर अस्पताल से जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, प्रभारी एडीएम (लॉ एंड ऑर्डर) ज्ञानेंद्र सिंह, सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन, वीबीडी पदाधिकारी सुनील कुमार, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ अमित कुमार आदि ने डीइसी एवं एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिप अध्यक्ष ने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सभी लोगों को डीइसी एवं एल्बेंडाजोल की गोली की खुराक अवश्य लेनी चाहिए। सरकार द्वारा इसके रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस बीमारी को जड़ से खत्म करना अभियान का उद्देश्य है। वहीं प्रभारी एडीएम (लॉ एंड ऑर्डर) ने कहा कि सभी लोगों को इस अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। घर-घर जाकर दवा खिलाने वाले दवा प्रशासकों का सहयोग करें। यह दवा स्वस्थ लोगों को इस बीमारी से बचाने के लिए है। सभी इस अभियान का लाभ उठाएं। वहीं, सिविल सर्जन ने कहा कि आज से 25 फरवरी तक मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम चलाया जाएगा। जिले के 2220 बूथ पर 4446 दवा प्रशासक द्वारा 26 लाख से अधिक लोगों को अपने सामने दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित है। वहीं छूटे हुए लोगों को रविवार से 25 फरवरी तक दवा प्रशासक द्वारा घर-घर जाकर अपने सामने डीइसी एवं एल्बेंडाजोल की खुराक खलाई जाएगी। 1 से 2 साल तक के बच्चे को एल्बेंडाजोल की आधी गोली (200 एमजी) पानी में घोलकर। 2 से 5 वर्ष तक को डीईसी की एक गोली (100 एमजी), एल्बेंडाजोल की एक गोली (400 एमजी), 6 वर्ष से 14 वर्ष तक डीईसी की 2 गोली (200 एमजी), एल्बेंडाजोल की एक गोली, 15 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को डीईसी की तीन गोली 300 (एमजी) एवं एल्बेंडाजोल की एक गोली खिलानी है। एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं अत्यंत वृद्ध एवं गंभीर बीमार व्यक्तियों को दवा की खुराक नहीं दी जाएगी। इस मौके पर वीबीडी सलाहकार रमेश कुमार सिंह, कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ मंजु दास, पीसीआई के जिला समन्वयक अशोक कुमार, पिरामल फाउंडेशन के अमरेंद्र कुमार झा, लायंस क्लब ऑफ धनबाद कोलफील्ड्स के सोमनाथ प्रुर्थी और राकेश आनंद आदि मौजूद थे।

# हुसैनाबाद नपं ने ट्रेड लाइसेंस को लेकर चलाया अभियान

### 13 व्यवसायियों से वसूला 36 हजार जुर्माना



अभियान चलाते कार्यपालक पदाधिकारी व नपं कर्मी।

**बिना ट्रेड लाइसेंस के व्यवसाय करने वाले प्रतिष्ठानों पर होगी सख्त कार्रवाई: बिपुल सन्नी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत की ओर से इन दिनों ट्रेड लाइसेंस को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। ट्रेड लाइसेंस नहीं लेने वाले दुकानदारों से जुर्माना वसूली के साथ ही कार्रवाई भी की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को हुसैनाबाद शहर के गांधी चौक व मुख्य बाजार के इलाके में अभियान चलाया गया और बिना ट्रेड लाइसेंस के प्रतिष्ठान चला रहे लोगों पर कार्रवाई करते हुए 13 प्रतिष्ठानों से 36 हजार रुपये की वसूली की गई। वहीं, एक दुकान साजन शू को राशि नहीं जमा करने पर चालान किया गया। बता दें कि नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी बिपुल सन्नी के नेतृत्व में नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा, लेखापाल रविकांत पटेल व नगर पंचायत कर्मियों द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है, जिससे बिना ट्रेड लाइसेंस के व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों में हड़कंप है। इस बाबत कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि बिना ट्रेड लाइसेंस के व्यवसाय करने वालों के विरुद्ध नगरपालिका अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस अभियान में लेखापाल रविकांत पटेल, पर्यवेक्षक रवि यादव आदि थे।

# भाजपा के वरिष्ठ नेता ललन सिंह का निधन, सांसद-विधायक ने जताया शोक

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** शहर के वरिष्ठ समाजसेवी, हुसैनाबाद अधिसूचित क्षेत्र समिति के पूर्व चेयरमैन भाजपा के जनप्रिय नेता व जपला एके सिंह डिग्री कालेज के पूर्व सचिव ललन कुमार सिंह (64) का शुक्रवार की शाम रांची के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया। वह लंबी बीमारी से काफी दिनों से जूझ रहे थे। उनके निधन की खबर सुनकर सभी दुखित हो गए। भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों का उनके शव का दर्शन करने के लिए तांता लगा रहा। शनिवार को अंतिम संस्कार देवरी सोननदी तट स्थित श्मशान घाट में किया गया। उनके शव यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। वहीं, सांसद बीड़ी राम, विधायक कमलेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, भाजपा के वरीय नेता विनोद कुमार सिंह, एनसीपी नेता बिनु सिंह, अभिषेक कुमार सिंह उर्फ हरि, समाजसेवी छेदी खान, भाजपा नेता रविंद्र सिंह, कर्नल संजय सिंह, अशोक कुमार सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, राम प्रवेश सिंह, मुन्नू सिंह, संतोष कुमार सिंह, रामराज मेहता, अजय गुप्ता, लड्डू सिंह, छोटू सिंह, विधायक प्रतिनिधि अजित सिंह, बिससूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, लातेहार डीडीसी सुरजीत कुमार सिंह, नपं के निवर्तमान अध्यक्ष शशि कुमार, गयासुद्दीन सिद्दीकी, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, राजद नेता बिनय कुमार सिंह यादव, राज अली, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता, रंजीत पासवान, श्रवण अग्रवाल, नरेंद्र सिंह, एके सिंह कालेज के सचिव प्रफुल्ल सिंह, प्राचार्य सूर्यमणि सिंह, डॉ एजाज आलम, कांग्रेस नेता धनंजय तिवारी, ब्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा, बसपा नेता शेर अली, मुखिया श्रवण राम, बिनोद कुमार सिंह, ओमप्रकाश राजवंशी, अशोक चौधरी और अमरेंद्र ठाकुर आदि ने शोक संवेदना व्यक्त किया।



# कौवाखोह से ट्रैक्टर चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कौवाखोह एनएच-98 किनारे खड़े एक ट्रैक्टर को शुक्रवार की देर रात 2.10 बजे चोरी कर लिया गया। हालांकि चोर की करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। चोर ट्रैक्टर को चोरी कर ले जाते कैमरे में दिख रहा है। इस बाबत ढाब गांव निवासी टैक्टर मालिक सह पैक्स अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता ने थाने में सन्हा दर्ज कराया है। बताया कि कौवाखोह स्थित गोला के कार्यालय पर दोनों ट्रैक्टर लगाई थी। पर उसमें से एक चोरी कर ली गई। चोरी हुए ट्रैक्टर के डाला पर बजरंग स्टोन लिखा हुआ है। अपने स्तर से हर जगह छानवीन किए जाने के बाद पुलिस को सूचना दी गई है।

# केंद्र की योजनाओं का उठायें लाभ: जूली सिंह



**कोटखास पंचायत में हुआ संकल्प यात्रा का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नीलाम्बर पीताम्बरपुर/पलामू।** प्रखंड के कोटखास पंचायत भवन परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुखिया जूली सिंह एवं भाजपा युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष चंदन कुमार सोनी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ सखी मंडल के बहनों द्वारा स्वागत गान गाकर किया गया। वहीं, अपने संबोधन में भाजयुमो के प्रखंड अध्यक्ष चंदन कुमार सोनी ने कहा कि ग्रामीण जनता केंद्र सरकार की ओर से संचालित उज्ज्वला, जनधन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, और प्रधानमंत्री आवास योजना आदि का लाभ उठायें। क्योंकि ये सभी योजनाओं केंद्र सरकार आपकी भलाई के लिए चला रही है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हर गांव में पहुंच कर लोगों तक केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा एक मिशन लेकर निकली है। सभी को बराबर का हक और अधिकार दिया जा रहा है। केंद्र सरकार मूलभूत सुविधाओं के साथ भारत के गौरवशाली संस्कृति को संवारने का काम कर रही है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, जेएसएलपीएस पशुपालन विभाग, उज्ज्वला योजना सहित अन्य योजनाओं का स्टॉल लगाया गया था। मौके पर समाजसेवी राजन सिंह, कविता दूबे, दिलीप तिवारी सहित स्वयं सहायता समूह की बहने एवं ग्रामीण जनता कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित थे। वहीं, एलईडी प्रचार वाहन द्वारा केंद्र प्रायोजित योजनाओं को एलइडी स्क्रीन के माध्यम से दिखाया जा रहा था।

## स्पोर्ट्स



इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी तीन टेस्ट के लिए शनिवार को टीम इंडिया का ऐलान हुआ। 17 सदस्यीय टीम से विराट कोहली और श्रेयस अय्यर बोहर हो गए हैं। जबकि रवींद्र जटेडा और केएल राहुल की टीम में वापसी हुई है। वहीं, जसप्रीत बुमराब बाकि तीनों मैच खेलेंगें।

### इंग्लैंड से आखिरी 3 टेस्ट के लिए टीम इंडिया का एलान : राजकोट, रांची व धर्मशाला में होंगे बाकी के तीन टेस्ट मैच

# कोहली और श्रेयस बाहर, जडेजा-राहुल की वापसी, बुमराह भी खेलेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी तीन टेस्ट के लिए शनिवार को टीम इंडिया का ऐलान हुआ। 17 सदस्यीय टीम से विराट कोहली और श्रेयस अय्यर बाहर हो गए हैं। जबकि रवींद्र जडेजा और केएल राहुल की वापसी हुई है। उधर, जसप्रीत बुमराह सीरीज के बाकी तीन मैच भी खेलेंगे। पहले कहा जा रहा था कि वर्कलोड मैनेजमेंट के चलते उन्हें दो टेस्ट से आराम दिया जा सकता है। आखिरी तीन टेस्ट राजकोट, रांची और धर्मशाला में खेले जाएंगे।



मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो बीसीसीआइ सिलेक्शन कमेटी की मीटिंग शुक्रवार शाम को हुई थी। इस मीटिंग के पहले ही कोहली ने बीसीसीआइ को अपनी अवेलेबिलिटी के बारे में बता दिया था। कोहली ने आखिरी मुकाबला अफगानिस्तान के खिलाफ 17 जनवरी 2024 को खेला था। वह निजी कारणों से सीरीज के शुरूआती दो मुकाबले नहीं खेल सके थे। वह अब आखिरी तीन मैच भी नहीं खेलेंगे। विराट अपने करियर में पहली बार किसी होम टेस्ट सीरीज का कोई भी मुकाबला नहीं खेलेंगे। जबकि दूसरे टेस्ट से बाहर हुए ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और बैटर केएल राहुल की टीम में वापसी हुई। दोनों पहले टेस्ट में इंजर्ड होने के बाद दूसरा मुकाबला नहीं खेल सके। हालांकि, बीसीसीआइ ने यह भी कहा कि अगर दोनों फिट रहते हैं तभी उन्हें प्लेइंग-11 में शामिल किया जाएगा।

### आखिरी तीन टेस्ट के लिए भारत का स्क्वॉड

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, केएल राहुल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, केएस भरत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार और आकाश दीप। राहुल और जडेजा फिट घोषित किए जाने के बाद ही मुकाबले खेल सकेंगे।

### श्रेयस भी सीरीज से बाहर

श्रेयस अय्यर को पीठ की दर्द की वजह से टीम से बाहर रखा गया है। उन्होंने दूसरे टेस्ट के बाद पीठ में दर्द की शिकायत की थी। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स ने दावा किया है कि अय्यर को खराब प्रदर्शन के कारण बाहर किया गया है। वे शुरूआती दो टेस्ट में कुछ खास नहीं कर सके थे। वे 4 पारियों में एक भी फिफ्टी नहीं लगा सके।

### बुमराह खेलेंगे पूरी सीरीज, सिराज की भी हुई वापसी

शुरूआती दो टेस्ट में 15 विकेट ले चुके तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पूरी सीरीज खेलेंगे। वह पिछले साल अक्टूबर-नवंबर में वनडे वर्ल्ड कप के बाद से लगातार इंटरनेशनल क्रिकेट खेल रहे हैं। टूनामेंट से पहले वह 18 महीने तक इंजरी के कारण बाहर रहे थे। ऐसे में फिटनेस को ध्यान में रखते हुए उन्हें आराम दिए जाने की रिपोर्ट्स आ रही थीं। उधर, दूसरा टेस्ट नहीं खेल सके मोहम्मद सिराज की टीम में वापसी हुई। पेसर्स में आकाश दीप को भी स्क्वॉड में शामिल किया गया, जबकि मध्य प्रदेश के आवेश खान को रणजी ट्रॉफी खेलने के लिए रिलीज कर दिया गया है। दूसरे टेस्ट में डेब्यू करने वाले रजत पाटीदार भी टीम में अपनी जगह बरकरार रखने में कामयाब रहे। उनके साथ सरफराज खान भी स्क्वॉड में शामिल हैं। श्रेयस और कोहली के बाहर होने से अब तीसरे टेस्ट में इन दोनों में से किसी एक को फिर मौका मिल सकता है। अगर टीम इंडिया ने 2 में से एक पेसर को बैठाने का फैसला किया तो रजत और सरफराज दोनों ही तीसरा टेस्ट खेल सकते हैं।

### टेस्ट सीरीज में 1-1 की बराबरी पर है टीम

पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 1-1 की बराबरी पर है। इंग्लैंड ने हैदराबाद में पहला मुकाबला 28 रन से जीता था। जबकि विशाखापट्टनम में दूसरा मुकाबला भारत ने 106 रन से जीता। 15 फरवरी से तीसरा टेस्ट राजकोट में खेला जाएगा। चौथा टेस्ट 23 फरवरी से रांची और 7 मार्च से 5वां टेस्ट धर्मशाला में खेला जाएगा।

## हिमाचल को हरा एलपीयू जालंधर ने जीती ट्रॉफी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर में नॉर्थ इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट चैंपियनशिप के फाइनल में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) ने हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी को 21 रन से हराकर खिताब जीता। विजेता और उप विजेता टीम को कॉलेज प्राचार्य डॉ कामेश्वर कुमार ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते निर्धारित 20 ओवर में 138 पर ऑलआउट हो गई।

# जेएसडब्ल्यू ओड़िशा में इवी प्लांट लगायेगा

## 40 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया जायेगा : समझौता ज्ञापन पर किये गये हस्ताक्षर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** जेएसडब्ल्यू ओड़िशा में एक विद्युत वाहन और बैटरी निर्माण प्लांट स्थापित करेगा। इसके लिए ओड़िशा सरकार और जेएसडब्ल्यू के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये हैं। मुख्यमंत्री, उद्योग मंत्री और मुख्य सचिव की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये।




शनिवार को लोकसभा सम्मेलन कक्ष में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की उपस्थिति मे राज्य सरकार और जेएसडब्ल्यू ग्रुप के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। राज्य सरकार के तरफ से इपिकल एमडी भूपिंदर सिंह पुनिया और जेएसडब्ल्यू प्रोजेक्ट मुख्य रंजन नायक ने समझौते पर हस्ताक्षर किये। ओड़िशा में जेएसडब्ल्यू समूह मेगा इलेक्ट्रिक वाहन और बैटरी प्लांट स्थापित करेगा।



कटक नराज में 900 एकड़ जमीन पर यह प्लांट स्थापित किया जायेगा। इस प्लांट 3 साल के भीतर चालू हो जायेगी। इस प्लांट का शिलान्यास अगले अक्टूबर में किया जायेगा। यहां से यात्री और वाणिज्यिक दोनों वाहनों का उत्पादन किया जायेगा। ओड़िशा में पहला इलेक्ट्रिक वाहन और बैटरी निर्माण प्लांट स्थापित किया जायेगा। इससे 40,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा। इवी कारखाना 11,000 युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेगा। आनुसंगिक उद्योगों के लिए भी अवसर सृजित किये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगीकरण का उद्देश्य राज्य के युवाओं को रोजगार प्रदान करना है। इन सभी नये उद्योगों से राज्य के लोगों को लाभ होगा और राज्य विश्व मानचित्र पर एक औद्योगिक शक्ति के रूप में उभरेगा।

# भाजपा करेगी राज्य का कल्याण : लक्ष्मण सिंह



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गावां, गिरिडीह।** भारतीय जनता पार्टी के और से शनिवार को गावां प्रखंड के बादीडीह गांव में गांव चलो अभियान के तहत एक कार्यशाला सह भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम में भाजपा के सिद्धांतों व केंद्र सरकार के द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों पर चर्चा की गयी। लक्ष्मण सिंह ने कहा कि क्षेत्र का विकास भाजपा के द्वारा ही संभव है। जब से केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है। इस देश को एक नयी पहचान मिली है। वहीं सुदूर गांवों को मुख्यपथ, बिजली आदि से जोड़ा गया है। 11 फरवरी तक भाजपा के कार्यकर्ता इस अभियान को मजबूती के साथ सभी गांवों में जनसमस्याओं को चिन्हित कर उसके समाधान के दिशा में कार्य कर रहे हैं। बूथ स्तर पर प्रवास भी किया जा रहा है। केंद्र सरकार के योजनाओ का लाभ अधिक से अधिक लोगो को मिल सकें। इसके लिए कार्यकर्ता मजबूती से काम करें। कार्यशाला के बाद लक्ष्मण सिंह ने बादीडीह पंचायत के पंडरिया, भेलवा आदि गांवो में भ्रमण कर के लोगों से मिले उनकी समस्याओं को सुना एवं समाधान का आश्वासन दिया। भ्रमण के क्रम में दीवार लेखन किया गया। मौके पर अजय रंजन, कॉंग्रेस यादव, चंदन यादव, राजेश यादव, सीकेंद्र यादव, शिवनारायण यादव, दीपक यादव, रघुनंदन यादव, मुंद्रिका यादव, टिकन सिंह, कमलेश यादव, संतोष यादव, पवन यादव मौजूद थे।

# एसीसीआइ का बिजनेस सम्मिलनी और एक्सपो




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** इंटरनेशनल चैंबर और एशियन अफ्रीकन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ( एसीसीआइ ) ओड़िशा चैप्टर के तरफ से भुवनेश्वर प्रेस क्लब में बिजनेस सम्मेलन और एक्सपो ग्रीन कॉन्क्लेव के संबंध में एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित किया गया था। इस अवसर पर एसीसीआइ ओड़िशा के सभापति लिता महापात्र, एसीसीआइ ओड़िशा के उपाध्यक्ष राजेंद्र परिडा, एसीसीआइ ओड़िशा के संयुक्त संपादक सुष्मिता महांति, स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष गौरव राल्हन, हेल्थकेयर सर्जिकल समिति के अध्यक्ष गरिमा सरवगी, लाइफ स्टाइल एंड फैशन के अध्यक्ष स्मिति श्वेता दास और समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे। ग्रीन कॉन्क्लेव के माध्यम से पर्यावरण को विषाक्त और रसायनों पदार्थों से दूर रखने के लिए व्यावसायिक अवसरों को बढ़ावा देने और गैर पीवीसी सामग्री फ्लेक्स के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए इस महीने की 12 से 14 तारीख तक 3 दिनों के लिए मेफेयर लैगून वाटिका में बिजनेस कॉन्क्लेव एंड ग्रीन एक्सपो आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को ओड़िशा सरकार, एमएसएमइ, उद्योग, स्टार्टअप ओड़िशा और अन्य संगठनों का समर्थन प्राप्त है।

एसीसीआइ के सहयोग से 30 से अधिक डिप्लोमेट और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि ओडिशा के लिए व्यावसायिक अवसर पैदा कर रहे हैं और निवेशकों के माध्यम से, भारत में अन्य उद्यमियों से 100 से अधिक अवसर पैदा करने और 450 से अधिक उद्यमियों और 30 से अधिक पूर्ण सत्र बनाने की गुंजाइश है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि एसीसीआइ ने ओड़िशा को अंतरराष्ट्रीय निवेशकों और भविष्य के नेताओं के लिए अगले व्यावसायिक केंद्र में बदलने की योजना बना रहा है।

# टाटा स्टील के मेरामंडली और कलिंगनगर संयंत्रों को जिम्मेदार स्टील टीएम प्रमाणन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** टाटा स्टील स्थायी इस्पात उत्पादन में अग्रणी बना हुआ है, क्योंकि इसके कलिंगनगर और मेरामंडली संयंत्रों को प्रतिष्ठित जिम्मेदार स्टील टीएम प्रमाणन प्राप्त हुआ है। 2022 में प्रमाणन प्राप्त करने वाले पहले भारतीय इस्पात संयंत्र के रूप में जमशेदपुर की ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद, यह कंपनी की स्थिरता यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। भारत में, टाटा स्टील का अब 90 प्रतिशत से अधिक इस्पात उत्पादन जिम्मेदार स्टील टीएम प्रमाणित स्थलों से होता है।

जमशेदपुर में तीन सुविधाओं - स्टील वर्क्स, ट्यूब्स डिवीजन और कोल्ड रोलिंग मिल (बारा) को अक्टूबर 2022 में प्रमाणन से सम्मानित किया गया था। कलिंगनगर और मेरामंडली संयंत्रों को शामिल करना जिम्मेदार व्यावसायिक प्रथाओं और पर्यावरण प्रबंधन के प्रति कंपनी के समर्पण की पुष्टि करता है।



रेस्पॉन्सिबल स्टील टीएमा इस्पात उद्योग की पहली वैश्विक बहु-हितधारक मानक और प्रमाणन पहल है जो जलवायु परिवर्तन, विविधता, मानवाधिकार और अधिक सहित दबाव वाली चुनौतियों का समाधान करके एक स्थायी इस्पात उद्योग के निर्माण की दिशा में इस्पात उत्पादकों, उपभोक्ताओं और मध्यस्थों के साथ काम करती है।

टाटा स्टील के सीइओ और एमडी टीवी नरेंद्रन ने कहा कि हमारी साइटों के लिए रिस्पॉन्सिबलस्टील सर्टिफिकेशन टाटा स्टील की स्थिरता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। यह स्टील उद्योग की उभरती चुनौतियों का समाधान करने और बेहतर कल को आकार देने के प्रति हमारे सक्रिय दृष्टिकोण को दर्शाता है। मैं इस मील के पत्थर को हासिल करने में उनके प्रयासों के लिए रिस्पॉन्सिबलस्टील टीम, ऑडिटर्स, एश्योरेंस पैनल और टाटा स्टील की टीम की ईमानदारी से सराहना करता हूं। हम 2025 तक भारत में अपने सभी मौजूदा स्टीलमेकिंग साइटों को प्रमाणित करने के अपने लक्ष्य की ओर अच्छी तरह से आगे बढ़ रहे हैं।

रेस्पॉन्सिबल स्टील की सीइओ एनी हीटन ने टिप्पणी की कि इन दो नये साइट प्रमाणन के लिए ऑडिट प्रक्रिया के साथ, टाटा स्टील ने अपनी सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों को खुले तौर पर आगे बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है। ऑडिट के दौरान, दोनों साइटों की जीएचजी उत्सर्जन में कमी की रणनीतियों और जल प्रबंधन कार्यक्रमों को उनकी मजबूती के लिए उजागर किया गया। जिम्मेदार स्टील मानक किसी साइट के पर्यावरणीय प्रभावों के प्रबंधन से परे जाता है, और इसका उद्देश्य साइट के श्रमिकों और स्थानीय समुदायों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए साइटों का समर्थन करना है।

# पाक में नवाज को बिलावल के बगैर सत्ता की तलाश

**एजेंसी**

**पाकिस्तान।** पाकिस्तान में नेशनल असेंबली और प्रांतीय चुनाव के लिए वोटिंग खत्म होने के बाद नतीजे आ रहे हैं। यहां किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं है। इमरान खान के समर्थक निर्दलीय उम्मीदवार 100 सीटों के साथ सबसे आगे हैं। नवाज की पार्टी 72 सीटों के साथ दूसरे नंबर पर है। इस बीच पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा समेत कई प्रांतों में हिंसा हो रही है। जेल में कैद इमरान की पीटीआइ और बिलावल की पीपीपी ने कई सीटों पर धांधली के आरोप लगाये हैं।

पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में कुल 336 सीटें हैं। इनमें से 265 सीटों पर चुनाव हुए। एक सीट पर चुनाव टाल दिये गये हैं, जबकि एक सीट एनए-88 के नतीजों को खारिज कर दिया गया है। यहां 15 फरवरी को फिर से वोटिंग होगी। बाकी 70 सीटें रिजर्व हैं। सरकार बनाने के लिए 134 सीटों पर बहुमत होना जरूरी है। पाकिस्तान में मुख्य रूप से 3 पार्टियों के बीच मुकाबला है। इनमें पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन), पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआइ) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) शामिल हैं। नवाज की पार्टी पीएमएल-एन बिलावल की पार्टी पीपीपी के बिना सेंटर और पंजाब प्रांत में सरकार बनाने का विकल्प तलाश रही है। शाहबाज शरीफ प्रधानमंत्री बनेंगे। पाकिस्तान में सरकार बनाने के लिए 134 सीटों की जरूरत है।

# भाजपा को कांग्रेस से 7 गुना ज्यादा फंडिंग

## इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिये 2023 में मिले 1300 करोड़

- कांग्रेस को मिले 171 करोड़ रुपये

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी को इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिये 2022-23 में कुल 1300 करोड़ रुपये की फंडिंग मिली है, जबकि इन्हीं बॉन्ड के जरिये कांग्रेस को महज 171 करोड़ रुपये का फंड मिला है। यह जानकारी चुनाव आयोग ने शेयर की है। भाजपा की एनुअल ऑडिट रिपोर्ट चुनाव आयोग को भेजी गयी थी। इसके मुताबिक 2021-22 में भाजपा की कुल इनकम 1,917 करोड़ से बढ़कर 2022-23 में 2,361 करोड़ हो गयी है। भाजपा को 2021-22 की तुलना में 444 करोड़ रुपये ज्यादा मिले। यानी 54% हिस्सा, जो कि 1278 करोड़ रुपये चुनावी बॉन्ड के जरिये आया है।




**हेलिकॉप्टर-उम्मीदवारों के खर्च का ब्योरा भी दिया :** ऑडिट रिपोर्ट में भाजपा ने यह भी बताया है कि 2022-23 में उसने ब्याज से 237 करोड़ रुपये कमाये हैं। इसके अलावा चुनाव और सामान्य प्रचार के लिए प्लेन और हेलिकॉप्टर के लिए 78.2 करोड़ रुपये खर्च किये। पार्टी ने उम्मीदवारों को फाइनेंशियल हेल्प के तौर पर 76.5 करोड़ रुपये का भुगतान किया। भाजपा ने पिछले साल विभिन्न राज्यों में हुए चुनाव के दौरान 1092 करोड़ रुपये खर्च किये।

**इन पार्टियों की चुनावी बॉन्ड से इनकम :** राज्य स्तर पर मान्यता प्राप्त समाजवादी पार्टी ने 2021-22 में चुनावी बॉन्ड के जरिए 3.2 करोड़ रुपये कमाये थे। 2022-23 में उसे इन बॉन्ड से कोई योगदान नहीं मिला। एक अन्य मान्यता प्राप्त पार्टी टीडीपी ने 2022-23 में चुनावी बॉन्ड के माध्यम से 34 करोड़ रुपये कमाये, जो पिछले वित्तीय वर्ष से 10 गुना ज्यादा था।

# लालू की पार्टी के विधायक नजरबंद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** बिहार में जारी सियासी घमासान के बीच बड़ी खबर सामने आ रही है। पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल ने सभी विधायकों को तेजस्वी यादव के सरकारी आवास पर रोक दिया है। विधायक दल की बैठक खत्म होने के बाद सभी विधायकों को यहीं रहने का निर्देश दिया गया है। उन्हें घर जाने से मना कर दिया गया है। अब सभी राजद विधायक फ्लोर टेस्ट (12 फरवरी तक) तेजस्वी यादव के आवास में ही रहेंगे। सभी विधायकों के सामान अब धीरे-धीरे तेजस्वी यादव के आवास 5, देशरत्न मार्ग पहुंचने लगे हैं। विधायकों द्वारा घर से कंबल और कपड़ा दवाइयां मंगायी गयी है। इधर, तेजस्वी यादव के सरकारी आवास के बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। बाहर से अंदर आने वाले सभी लोगों की जांच की जा रही है। इधर, मीडिया के सवालों का जवाब देने से इनकार कर दिया। सभी विधायकों के सामान अब धीरे-धीरे तेजस्वी यादव के आवास 5, देशरत्न मार्ग पहुंचने लगे हैं। विधायकों द्वारा घर से कंबल और कपड़ा दवाइयां मंगायी गयी है। राजनीतिक पंडितों का कहना है कि राजद विधायकों को तोड़ने की चर्चा के बाद अब पार्टी ने बड़ा फैसला लिया है। पार्टी के विधायकों को नजरबंद किया जा रहा है।

### जदयू ने कहा : जो डर गया सो मर गया

दरअसल, शनिवार दिन के तीन बजे तेजस्वी आवास पर राजद विधायक दल की बैठक बुलायी गयी थी। चर्चा थी कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी आनंद मोहन के बेटे चेतन आनंद बैठक में नहीं शामिल होंगे। लेकिन, वह बैठक में शामिल हुए। इससे तमाम अटकलों पर विराम लग गया। इधर, राजद विधायकों को तेजस्वी यादव के आवास पर रोकने के बाद बिहार की सियासत गरमा गयी है। जदयू एमएलसी और मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने राजद पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन के घटक दल राजद द्वारा यह फैसला लिया जाना कि सारे विधायक और विधानपार्षद 5 देशरत्न मार्ग में नजरबंद रहेंगे। कहावत है कि जो डर गया सो मर गया। इसका मतलब साफ है कि महागठबंधन का घटक दल पहले ही प्रयास में हार और फ्लोर टेस्ट में एनडीए की जीत हो गयी।



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**